3 राजधानी
स्टेडियम नहीं सचिवालय में होगा समारोह

6 अभिमत
दुनियाभर में युवा बेरोजगारी की समस्या

10 स्पोर्ट्स
19 अगस्त से शुरू होगा राष्ट्रीय हॉकी शिविर

11 विदेश
तुर्की के ड्रोन हमले में दो वरिष्ठ कमांडरों की मौत



RNI NO. DELHI/2012/48369
वर्ष 8 अंक 277
नई दिल्ली, बृहस्पतिवार, 13 अगस्त, 2020
पृष्ठ 12 मूल्य ₹ 3
नगर संस्करण

नई दिल्ली, लखनऊ, रायपुर और फरीदाबाद से प्रकाशित

# पायनियर

www.dailypioneer.com




करीना के घर आने वाला है दूसरा नन्हा मेहमान

विविध-12

# आधी रात जल उठा बेंगलुरु, तीन की मौत

## विवादित फेसबुक पोस्ट से बलवा, कर्फ्यू

- सैकड़ों घायल, मास्टर माइंड मुजम्मिल समेत 145 गिरफ्तार, सौ पुलिसवाले भी जख्मी, दर्जनों वाहन फूंके, करोड़ों का नुकसान

पायनियर समाचार सेवा। बेंगलुरू/नई दिल्ली

**कांग्रेस** विधायक के एक कथित रिश्तेदार द्वारा सोशल मीडिया पर एक पोस्ट साझा किए जाने के बाद एक संप्रदाय की ओर से हुई हिंसा को काबू करने के लिए पुलिस की गोलीबारी में तीन लोगों की मौत हो गई। बेंगलुरू के पुलाकेशी नगर में हुई हिंसा के मामले में 110 लोगों को गिरफ्तार किया गया है।

इनमें हिंसा का मास्टर माइंड एसडीपीआई नेता मुजम्मिल पाशा शामिल है। इसके अलावा पोस्ट करने के आरोपी नवीन को भी पकड़ा गया है। मंगलवार रात शुरू हुई यह हिंसा बुधवार तड़के तक जारी रही। इस दौरान करीब 100 पुलिस कर्मियों सहित कई लोग घायल हो गए। कांग्रेस दलित विधायक अखंड श्रीनिवास मूर्ति के एक रिश्तेदार द्वारा सोशल मीडिया पर कथित तौर पर सांप्रदायिक रूप से संवेदनशील एक पोस्ट लिखे जाने के बाद एक वर्ग के लोग भड़क उठे जिसके बाद विधायक की संपत्ति और उनके परिवार को निशाना बनाया गया। इस बीच, डीजे हाली और केजी हाली में कर्फ्यू लगा दिया गया है। मुख्यमंत्री बीएस एदियुरप्पा ने कहाकि विधायक अखंड श्रीनिवास मूर्ति के आवास और डीजे हाली पुलिस थाने पर हमला और दंगे निंदनीय हैं। उन्होंने कहा, अपराधियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई के आदेश दिए गए हैं और सरकार ने हिंसा पर काबू पाने के लिए हर संभव कार्रवाई की है। उन्होंने कहा कि पुलिस, मीडियाकर्मी और आम नागरिक पर हमला अक्षम्य है। सरकार ऐसी हरकतें बर्दाशत नहीं करेगी। मंगलवार रात को सोशल मीडिया पोस्ट से भड़के सैकड़ों लोगों ने उग्र प्रदर्शन किया और डीजे हाली पुलिस स्टेशन में आग लगा दी। उन्होंने कई पुलिस और निजी वाहनों को आग लगा दी, विधायक मूर्ति और उनकी बहन के सामान के साथ तोड़-फोड़ की। एक एटीएम को भी तहस-नहस कर दिया। भीड़ को तितर-बितर करने के लिए पुलिस ने लाठियां चलाईं, आंसू (शेष पेज 9)



बेंगलुरू में हुई हिंसा और आगजनी के बाद जले वाहनों को देखती कर्नाटक पुलिस

### दंगों में निशाना बने कांग्रेस विधायक ने मुसलमानों से शांति की अपील की, मांगी सुरक्षा

**बेंगलुरु।** कांग्रेस के दलित विधायक मूर्ति ने समुदाय के लोगों से हिंसा नहीं करने की अपील करते हुए खुद की सुरक्षा की मांग की है। उन्होंने वीडियो संदेश में कहा, मैं मुस्लिम भाइयों से अपील करता हूं कि कुछ बदमाशों की गलतियों के चलते हमें हिंसा में शामिल नहीं होना चाहिए। हम कानून के अनुसार दोषियों को सजा दिलाएंगे। मैं अपने मुस्लिम दोस्तों से शांति बनाए रखने की अपील करता हूं। विधायक की बहन जयंती ने रोते हुए कहा, जब यह सब हुआ तब हम घर पर नहीं थे। रोते हुए विधायक मूर्ति ने कहा कि वह चाहते हैं कि सरकार उन्हें सुरक्षा दे। घटना से बेहद डरे हुए विधायक ने बताया, जब 3,000 लोगों की भीड़ पेट्रोल बम, डंडे लेकर आई, वाहनों को जला दिया और हमारा मकान क्षतिग्रस्त कर दिया, उस वक्त हम घर में नहीं थे।

### योगी मॉडल पर भरपाई के लिए दंगाइयों से वसूली करेगी सरकार

**बेंगलुरू।** कर्नाटक सरकार ने बुधवार को फैसला किया कि पिछली रात शहर के कुछ हिस्सों में हुई हिंसा की जांच एक जिलाधिकारी से कराई जाएगी। गृह मंत्री बसवराज बोम्मई ने कहा कि सरकार ने हिंसा के दौरान सार्वजनिक संपत्ति को हुआ नुकसान वसूलने का फैसला किया है। बोम्मई ने कहा कि मुख्यमंत्री की अध्यक्षता में हुई बैठक में यह निर्णय लिया गया। बोम्मई ने कहाकि हमने उच्चतम न्यायालय के आदेश के अनुसार यह निर्णय लिया कि जब इस तरह के दंगे होते हैं और संपत्ति को नुकसान होता है, तो नुकसान की भरपाई उन लोगों से वसूल की जानी चाहिए जिन्होंने नुकसान पहुंचाया है। बोम्मई ने कहाकि मैंने नुकसान पहुंचाने वालों से भरपाई के लिए सभी उपाय शुरू करने के आदेश दिए हैं। इससे पहले दिन में बेंगलुरु दक्षिण के सांसद तेजस्वी सूर्या ने मुख्यमंत्री एदियुरप्पा को पत्र लिखकर उनसे दंगाइयों की संपत्ति जब्त करने और सार्वजनिक संपत्ति को हुए नुकसान की वसूली करने का अनुरोध किया।

## भारत समेत 20 देशों ने दिखाई रूस की स्पुटनिक वी में रुचि

- कोरोना वैक्सीन को लेकर रूस ने आशंकाओं को नकारा, टीके का पहला बैच दो सप्ताह में जारी करने का दावा

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

**भारत,** ब्राजील, मैक्सिको, सऊदी अरब और संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) समेत लैटिन अमेरिका, मध्य पूर्व और एशिया के 20 देशों ने कोरोना वायरस के खात्मे के लिए रूस द्वारा बनाए गए टीके 'स्पुटनिक वी' में दिलचस्पी दिखाई है। पूरी दुनिया में कोरोना वायरस बीमारी के लिए यह पहली पंजीकृत वैक्सीन है।

दुनिया की पहली रजिस्टर्ड कोविड-19 वैक्सीन को समर्पित एक रूसी वेबसाइट ने दावा किया है कि भारत के साथ-साथ 20 अन्य देशों ने वैक्सीन हासिल करने के लिए रुचि दिखाई है। कोरोना वायरस वैक्सीन के तेजी से अनुमोदन पर विशेषज्ञों की चिंता को खारिज करते हुए रूस ने बुधवार को घोषणा की कि कोरोन वायरस के खिलाफ रूसी टीके का पहला बैच दो सप्ताह के भीतर जारी होने की उम्मीद है। रूस के स्वास्थ्य मंत्री मिखाइल मुराशको ने बुधवार को यह भी कहा कि उसे पहले ही



एक बिलियन डोज के लिए विदेशी अनुरोध मिल चुके हैं। रूसी स्वास्थ्य मंत्री ने घोषणा की है कि कोरोनो वायरस के खिलाफ टीकाकरण स्वास्थ्य कर्मियों सहित सभी के लिए स्वैच्छिक होगा। गामालेया सेंटर द्वारा विकसित किए जा रहे टीके को रूसी प्रत्यक्ष निवेश कोष (आरडीआईएफ) का भी समर्थन प्राप्त है। आरडीआईएफ की योजना विभिन्न देशों में तीसरे चरण के क्लीनिकल टेस्ट करने की है, जिसमें सऊदी अरब, संयुक्त अरब अमीरात, ब्राजील, भारत और फिलीपींस शामिल हैं। यही नहीं, रूस ने इसका भारत, दक्षिण कोरिया, ब्राजील, तुर्की, क्यूबा व सऊदी अरब आदि देषों में स्थानीय संप्रभु धन कोष की साझेदारी में बड़े पैमाने पर उत्पादन शुरू कर दिया है।

रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने मंगलवार को कहा था कि रूस मानव परीक्षण के दो महीने से कम समय के बाद कोविड-19 वैक्सीन को नियामक मंजूरी देने वाला पहला देश है। स्पुटनिक न्यूज ने रूसी अधिकारियों के हवाले से कहा कि रूसी व्यापार समूह सिस्टेमा ने पहले ही एएफके (शेष पेज 9)

## सुशांत सुसाइड मामले में हो-हल्ले से पवार नाराज

- सीबीआई जांच के खिलाफ नहीं, पर मुंबई पुलिस पर पूरा भरोसाः एनसीपी प्रमुख
- पार्टी नेता माजिद मेमन ने भी दिया विवादित बयान

पायनियर समाचार सेवा। मुंबई

**अभिनेता** सुशांत सिंह राजपूत की मौत के मामले में हो-हल्ले से एनसीपी प्रमुख शरद पवार खासे नाराज हैं। शरद पवार ने कहा कि जिस तरह इस घटना को मीडिया में तवज्जो दी जा रही है, वह आश्चर्यजनक है।

यदि किसी को लगता है कि इसकी सीबीआई जांच होनी चाहिए तो उन्हें इससे कोई आपत्ति नहीं है। हालांकि उन्हें महाराष्ट्र सरकार और मुंबई पुलिस की जांच पर पूरा भरोसा



है। इसके अलावा उन्होंने अजित पवार के बेटे पार्थ पवार की ओर से की गई सीबीआई जांच की मांग को खारिज करते हुए कहा कि पार्थ बच्चा है, अनुभवहीन है। इस घटना में ठाकरे परिवार को बदनाम करने की साजिश के सवाल पर एनसीपी प्रमुख ने कहा कि हमें नहीं पता कि इसके पीछे का उद्देश्य क्या है।

पवार ने कहा कि उन्हें महाराष्ट्र और मुंबई पुलिस पर पिछले पचास सालों से विश्वास है। जांच किसी से भी करवाई जाए, वह राज्य सरकार और सीबीआई का विषय है। मामले में अपनी नाराजगी स्पष्ट तौर पर जाहिर करते हुए उन्होंने कहा कि एक व्यक्ति ने (शेष पेज 9)

## लड़ाई के बाद भूलने-माफ करने, कसमें-वादों का दौर

- गुजर गया सियासी तूफान, अब देश, प्रदेश, जनता और लोकतंत्र के हित में एक साथ काम करेंगे गहलोत-पायलट

पायनियर समाचार सेवा। जयपुर

**राजस्थान** में कांग्रेस आलाकमान के दखल से थमे सियासी घमासान के बाद अब दोनों खेमे (गहलोत-पायलट) देश, प्रदेश और जनता के हित में मिल जुलकर काम करने की कसमें खा रहे हैं। मंगलवार को घर लौटे सचिन पायलट ने तो एक दिन बाद बुधवार को मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने बीती ताही बिसार दे पर अमल करने और आगे बढ़ने की बात कही। बाड़ेबंदी से निकले अपने समर्थक विधायकों से मुलाकात के दौरान बड़ा दिल दिखाते गहलोत ने



कहा कि यह लोकतंत्र को बचाने की लड़ाई है लिहाजा उन्हें भूलो और माफ करो का रास्ता अपनाना होगा। हालांकि, बागियों की वापसी से उनका खेमा नाराज दिखा जिस पर सीएम ने समझाया कि कई बार सहन करना पड़ता है।

आगे बढ़कर हाथ मिलाने में पायलट गुट भी पीछे नहीं रहा। पायलट के साथ मंत्री पद से बर्खास्त किए गए विश्वेंद्र सिंह ने कहा कि यह (एक माह लंबा सियासी खींचतान भरा एपिसोड) एक टेस्ट मैच था जो कि ड्रॉ हो गया है और वे लोग पैवेलियन लौट आए हैं। उन्होंने अपना पक्ष रखते हुए कहा कि वे लोग बागी नहीं हैं। उन लोगों ने पार्टी के खिलाफ कभी एक शब्द भी नहीं कहा। विश्वेंद्र सिंह ने बाद में यह भी स्पष्ट किया कि टेस्ट मैच ड्रॉ होने की बात कहना सिर्फ एक मजाक था लेकिन, दरअसल गहलोत को और मजबूत होकर उभरने का दम भरने वालों को दिया गया यह एक संकेत था कि इस सियासी घमासान में न कोई जीता, न कोई हारा यानी सत्ता हो या संगठन दोनों (गहलोत-पायलट) बराबरी पर खड़े हैं।

इससे पहले, गहलोत ने संवाददाताओं से बातचीत करते हुए कहा कि इस लड़ाई में इतनी बड़ी संख्या में विधायकों ने उनका साथ दिया। हिंदुस्तान में शायद ही पहले कभी ऐसा हुआ होगा जब 100 से ज्यादा विधायक इतने लंबे समय के लिए एक साथ रुके होंगे। यह लोकतंत्र को बचाने की लड़ाई है जो आगे भी जारी रहेगी। उनकी गुजारिश है कि सभी लोग मिलकर आगे बढ़ें।

बात जारी रखते मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य की जनता ने बड़े भरोसे के साथ कांग्रेस की सरकार बनाई थी। अब उनकी जिम्मेदारी है कि उसे (शेष पेज 9)

## कोविड-19: स्वस्थ होने की दर 70 फीसद से अधिक

- एक दिन में रिकॉर्ड 56,110 रोगी ठीक हुए, 60,963 नए केस, 834 मौतें हुईं

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

**केंद्रीय** स्वास्थ्य मंत्रालय ने कहा कि भारत में कोविड-19 से ठीक होने वालों की दर बुधवार को 70 प्रतिशत से अधिक हो गई तथा देश में एक दिन में सर्वाधिक संख्या में 56,110 मरीजों ने इस महामारी को शिकस्त दी। मंत्रालय ने कहा कि अब तक 16,39,599 लोग इस महामारी को शिकस्त दे चुके हैं। उपचाराधीन मरीजों की संख्या संक्रमण के कुल मामलों का 27.64 प्रतिशत है। इसके साथ ही मरने वालों की दर में और कमी आई है तथा यह 1.98 प्रतिशत तक रह गई है।

इसने कहा कि एक दिन में सर्वाधिक संख्या में 56,110 मरीजों का ठीक होना बीमारी को रोकने के लिए प्रभावी रणनीति, जांच क्षमता में व्यापक और तीव्र वृद्धि तथा मरीजों की मानक स्तर की चिकित्सकीय देखभाल जैसे कदमों का परिणाम है। भारत में कोरोना वायरस संक्रमण के मामलों की कुल संख्या बढ़कर बुधवार को 23 लाख के पार हो गई और एक दिन में 60,963 नए मामले सामने आए तथा 24 घंटे में 834 और लोगों की मौत हो गई। सुबह आठ बजे तक के आंकड़ों के अनुसार देश में कोविड-19 से जान गंवाने वालों की कुल संख्या 46,091 हो गई है।

मंत्रालय ने कहा कि केंद्र, राज्य और केंद्रशासित प्रदेशों की सरकारों के समन्वित प्रयासों से रोगियों के ठीक होने की दर में लगातार वृद्धि हो रही है। इसने कहा, जुलाई के प्रथम सप्ताह में रोजाना औसतन 15 हजार लोग ठीक हो रहे थे। अगस्त के प्रथम सप्ताह में यह संख्या बढ़कर 50 हजार से अधिक हो गई। स्वास्थ्य मंत्रालय ने कहा, क्योंकि अधिक रोगी ठीक हो रहे हैं और उन्हें अस्पतालों तथा गृह-पृथक-वास (हल्के और मध्यम स्तर के मामलों की स्थिति में) से छुट्टी मिल रही है, इस तरह स्वस्थ हो चुके मरीजों की (शेष पेज 9)

## आयुष मंत्री श्रीपद नाइक संक्रमित, प्रणव मुखर्जी की हालत चिंताजनक

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

**केंद्रीय** आयुष मंत्री श्रीपद नाइक कोरोना पॉजिटिव पाए गए हैं। उन्होंने बुधवार को ट्वीट कर इसकी जानकारी दी। नाइक ने लिखा कि उन्होंने टेस्ट कराया था जिसमें वह पॉजिटिव पाए गए हैं। उन्हें कोरोना के कोई लक्षण नहीं हैं। उन्होंने खुद को होम आइसोलेशन में रखने का फैसला किया है। नाइक ने पिछले कुछ दिनों में अपने संपर्क में आए लोगों को टेस्ट करवाने और जरूरी एहतियात बरतने की सलाह दी है। दूसरी ओर पूर्व राष्ट्रपति प्रणब मुखर्जी की हालत अब भी नाजुक बनी हुई है और वह जीवन रक्षक प्रणाली पर हैं। सेना के रिसर्च एंड रेफरल अस्पताल ने बुधवार को एक बयान में कहा, प्रणब मुखर्जी का स्वास्थ्य नाजुक बना हुआ है। इस समय उनकी हालत स्थिर है और वह वेंटिलेटर पर हैं। अस्पताल ने मंगलवार को बताया था कि प्रणब मुखर्जी की हालत नाजुक है और उन्हें जीवनरक्षक प्रणाली पर रखा गया है। इससे एक दिन पहले उनके मस्तिष्क की सर्जरी की गई थी।

### बाजार

| | | | |
|---|---|---|---|
| सेंसेक्स | 38,369 | ↓ 37 | |
| निफ्टी | 11,308 | ↓ 14 | |
| सोना | 52,946 | ↓ 1228 | /10g |
| चांदी | 67,584 | ↓ 5172 | /kg |

### क्विक न्यूज

**अमेरिका में उपराष्ट्रपति की प्रत्याशी बनीं कमला हैरिस**

**वाशिंगटन।** अमेरिका के राष्ट्रपति चुनाव में डेमोक्रेटिक पार्टी के उम्मीदवार जो बाइडेन ने भारतीय मूल की सीनेटर कमला हैरिस को उपराष्ट्रपति पद का उम्मीदवार चुना है। ऐसा पहली बार हुआ है, जब कोई काली महिला देश की किसी बड़ी पार्टी की ओर से उपराष्ट्रपति पद का उम्मीदवार बनी है। यदि हैरिस उपराष्ट्रपति बन जाती है, तो वह इस पद पर आसीन होने वाली अमेरिका की पहली महिला होंगी और देश की पहली भारतीय-अमेरिकी और अफ्रीकी उपराष्ट्रपति होंगी। हैरिस (55) के पिता अफ्रीकी (जमैका से) और मां भारत के तमिलनाडु से हैं। वह अमेरिका के कैलिफोर्निया से सीनेटर है। बाइडेन (77) ने एकलिखित संदेश में इसकी घोषणा कर कई दिनों से जारी अटकलों का समाप्त कर दिया। (विस्तृत पेज 11)

## डिप्टी कलेक्टर की धमकी से नाराज वाराणसी में चिकित्सा प्रभारियों का इस्तीफा

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**वाराणसी** में डिप्टी कलेक्टर की धमकी से नाराज चिकित्सा प्रभारियों ने अपने पद से सीएमओ को इस्तीफा सौंप दिया है। चिकित्सा प्रभारियों के इस्तीफे के बाद से वाराणसी में माहौल गर्म हो गया है। हालांकि डीएम कौशलराज शर्मा मामले के पटाक्षेप में जुटे हुए हैं।

चिकित्सा प्रभारियों द्वारा अपने पद से दिए गए इस्तीफे में कहा गया है कि डिप्टी कलेक्टर द्वारा कोविड 19 के दौरान चिकित्सकों द्वारा किये गए कार्यों को अपर्याप्त बताते हुए सभी प्रभारियों पर अनावश्यक दबाव बनाकर दोषी ठहराया जा रहा है। टारगेट पूरा न होने पर आपराधिक कृत्य करार देकर मुकदमा दर्ज कराने की धमकी दी जा रही है। इसलिए चिकित्सा प्रभारी मानसिक दबाव के चलते कार्य करने में असमर्थ हैं। गत 23 जुलाई के क्रम में कोविड 19 से हुई मौतों के प्रति सभी चिकित्साधिकारियों को जिम्मेदार ठहराते हुए जवाब मांगा गया है।

चिकित्सा प्रभारियों ने डिप्टी सीएमओ डॉ. जंग बहादुर की हुई मौत के प्रति प्रशासन को जिम्मेदार ठहराया है। वहीं चिकित्सा प्रभारियों के सामूहिक इस्तीफे पर प्रांतीय चिकित्सा संघ के अध्यक्ष डॉ. सचिन वैश्य का कहना है कि कोविड 19 के दौर में चिकित्सा प्रभारियों पर दबाव बनाना अनुचित है। प्रशासन को अनावश्यक हस्तक्षेप करना ठीक नहीं है। चिकित्साधिकारियों ने आरोप लगाया है कि प्रशासनिक अधिकारी स्वास्थ्य कर्मियों के साथ बैठकों में दुर्व्यवहार करते हैं। उन्हें अपने टारगेट की ही परवाह रहती है। स्वास्थ्य कर्मियों के दिन-रात मेहनत को तबज्जो नहीं दी जाती। उनके साथ असम्मानजनक व्यवहार किया जाता है।

## करगिल गर्ल पर वायुसेना को ऐतराज, सेंसर बोर्ड को लिखा पत्र

- महिला पायलट गुंजन सक्सेना पर बनी फिल्म में अपनी नकारात्मक छवि दिखाने पर प्रोडक्शन हाउस को भी फटकारा
- जाह्न्वी कपूर ने निभाई है मुख्य भूमिका, 12 अगस्त को ही रिलीज हुई है फिल्म

पायनियर समाचार सेवा। मुंबई

**फिल्म** गुंजन सक्सेना: द कारगिल गर्ल में अपनी कथित नकारात्मक भूमिका दिखाए जाने पर भारतीय वायु सेना (आईएएफ) ने कड़ी नाराजगी जताई है। आईएएफ ने इस संबंध में केंद्रीय फिल्म बोर्ड को पत्र लिखकर न केवल आपत्ति दर्ज कराई बल्कि फिल्म में सुधार के लिए सुझाव भी दिए हैं। करण जौहर के धर्मा प्रोडक्शन द्वारा बनाई गई यह बुधवार को ही रिलीज हुई। इसमें जाह्न्वी कपूर ने मुख्य



फिल्म गुंजन सक्सेनाः द कारगिल गर्ल का एक दृश्य जिसमें जाह्न्वी कपूर ने मुख्य भूमिका निभायी है

भूमिका निभाई है। अपने पत्र में आईएएफ ने नेटफ्लिक्स और धर्मा प्रोडक्शंस दोनों पर एयरफोर्स की छवि खराब करने का आरोप लगाया है।

सेंसर बोर्ड को लिखे अपने पत्र में आईएएफ ने कहा है कि धर्मा प्रोडक्शंस ने प्रामाणिकता के साथ भारतीय वायु सेना का प्रतिनिधित्व करने के लिए सहमति व्यक्त की थी और यह सुनिश्चित करने के लिए सभी प्रयास किए थे कि यह फिल्म अगली पीढ़ी के अधिकारियों को प्रेरित करने में मदद करेगी, लेकिन हाल ही में जब फिल्म का ट्रेलर रिलीज किया गया तो इसे देखकर अनुमान लगाया गया कि फिल्म के कुछ सीन और डायलॉग में भारतीय वायुसेना की छवि को गलत तरीके से पेश किया गया है। पत्र में यह भी कहा गया है कि स्क्रीन पर पूर्व फ्लाइट लेफ्टीनेंट गुंजन सक्सेना के किरदार को बढ़ा-चढ़ाकर दिखाने के लिए धर्मा प्रोडक्शन ने कुछ स्थितियों को भ्रामक अंदाज में पेश किया है। इससे आईएएफ में खासकर महिलाओं के प्रति कार्य संस्कृति को गलत तरीके पेश किया गया है।

महिलाओं से एयरफोर्स के रवैये को लेकर वायुसेना का कहना है कि हमारा संगठन लिंग भेद नहीं करता है। भारतीय वायुसेना पुरुष और महिला कर्मियों दोनों को समान अवसर देती है। आईएएफ ने अपने पत्र में धर्मा प्रोडक्शंस से आपत्तिजनक सीन को हटाने और फिल्म में जरूरी सुधार की सलाह भी दी है। बता दें कि बीते 1 अगस्त को ही जाह्नवी कपूर स्टारर गुंजन सक्सेना: द कारगिल गर्ल फिल्म का ट्रेलर रिलीज किया गया था, जिसे दर्शकों से अच्छी प्रतिक्रिया मिली। यह फिल्म 12 अगस्त को रिलीज की गई है। यह फिल्म इंडियन एयरफोर्स में पहली महिला पायलट गुंजन सक्सेना की जिंदगी पर आधारित है जो 1999 में करगिल युद्ध का हिस्सा रही थीं। गुंजन वार जोन में हेलीकॉप्टर उड़ाने वाली पहली महिला पायलट भी थीं और उन्होंने युद्ध क्षेत्र से घायल जवानों को निकालने में काफी साहस से काम किया था। युद्ध के दौरान अदम्य साहस का परिचय देने के लिए उन्हें गैलंट्री शौर्य वीर अवार्ड दिया गया था।

# ... डोली-डंडा पालकी जय कन्हैया लाल की

## मंदिरों के कपाट भी खुले श्रद्धालुओं के लिए

### कोरोना के भय से श्रद्धालु घरों में ही त्योहार मनाना समझा बेहतर

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम

**श्रीकृष्ण** जन्माष्टमी का पर्व दूसरे दिन भी बुधवार को श्रद्धालुओं ने पूरे विधि-विधान के अनुसार मनाया। हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी श्रीकृष्ण जन्माष्टमी का पर्व 2 दिनों तक मनाया गया।

अधिकांश श्रद्धालुओं ने तो गत दिवस ही जन्माष्टमी का पर्व मनाया था, लेकिन बुधवार को भी शहर के विभिन्न क्षेत्रों में श्रद्धालुओं ने व्रत रखकर इस पर्व को मनाया। जिला प्रशासन द्वारा गत दिवस बुधवार से जिले के सभी मंदिरों को कोरोना महामारी के प्रकोप के कारण आवश्यक दिशा-निर्देशों का पालन कराने की शर्तों के साथ खोलने की अनुमति दे दी थी। शहर के विभिन्न क्षेत्रों स्थित घंटेश्वर, सिद्धेश्वर, भूतेश्वर, प्रेम मंदिर, गुफावाला मंदिर, सुदर्शन मंदिर, सैक्टर 4 के श्रीकृष्ण व श्रीराम मंदिर, सूर्य विहार के वैष्णोदेवी मंदिर, शीतला माता मंदिर, बाबा प्रकाशपुरी आश्रम 5 माह के बाद बुधवार से पूजा-अर्चना करने के लिए खुल गए हैं।

मंदिर कमेटियों द्वारा फेस मास्क लगाने व सैनिटाइज कराने तथा सामाजिक दूरी का पालन कराने की पूरी व्यवस्था भी की हुई है। जिला प्रशासन ने सभी मंदिर कमेटियों को हिदायत देते हुए कहा है कि वे दिशा-निर्देशों का पालन कराने में किसी प्रकार की कोताही न बरतें, अन्यथा कानूनी कार्यवाही भी अमल में लाई जा सकती है। बुधवार में दोपहर 12 बजे के बाद अधिकांश मंदिरों के कपाट बंद ही दिखाई दिए। जन्माष्टमी को लेकर मंदिरों को भव्य रुप से सजाया हुआ भी है। मंदिरों में पुजारी पूजा-अर्चना करते भी दिखाई दिए। इन पुजारियों का कहना था कि मंदिरों में भगवान श्रीकृष्ण के दर्शन करने के लिए देर सायं श्रद्धालु आएंगे। मंदिरों में दर्शनों की व्यवस्था मंदिर कमेटियों ने पूरी तरह से कर ली है। कुछ श्रद्धालुओं ने कोरोना के भय के कारण अपने घरों में ही भगवान श्रीकृष्ण के बाल्य रुप की आराधना की। इन श्रद्धालुओं का कहना है कि कोरोना अभी गया नहीं है। कोई भी इसकी चपेट में आ सकता है, इसलिए सावधानी रखनी जरुरी है।



नगर भ्रमण के दौरान श्रीकृष्ण की पालकी लेकर चलते राजीव जैन।

## भगवान श्रीकृष्ण के अकाट्य भाव आज भी प्रासंगिक : जैन

**सोनीपत।** भाजपा नेता राजीव जैन ने कहा कि दिव्य गीता के माध्यम से भगवान श्रीकृष्ण ने हजारों वर्ष पूर्व ही मानव जीवन के लिए अकाट्य सत्य वचन कहते हुए मर्म समझाने की कोशिश की थी। आज भी हमारा समाज उनके द्वारा दिए गए मर्म ज्ञान को ही अपना आधार मानता है और देश एवं समाज की मजबूती के लिए काम करता है। बुधवार को जन्माष्टमी के अवसर पर बड़ा बाजार स्थित श्री ठाकुर द्वारा पंचायती मंदिर समिति द्वारा आयोजित ध्वजारोहण कार्यक्रम, प्रभु आरती तथा उसके बाद नगर भ्रमण के आगाज अवसर पर उन्होंने कहा कि भगवान श्रीकृष्ण ही थे, जिन्होंने अर्जुन को कायरता से वीरता, विषाद से प्रसाद की ओर जाने वाला संदेश अपने दिव्य वचनों से दिया था। उन्होंने कहा कि आज के युवा को भगवान श्रीकृष्ण से प्रेरणा लेनी चाहिए कि किस प्रकार हम क्रोध को संयम की भावना से ठंडा करते हुए परेशानियों का समाधान निकालें। इससे न केवल जीवन प्रगति पथ पर आगे बढ़ेगा, अपितु लक्ष्य प्राप्ति भी सरल होगी। इस अवसर पर बालकिशन शर्मा, महेंद्र वर्मा, राजकुमार गोयल, महेंद्र मंगला, विजय गौतम, कैलाश चंद कुच्छल, निर्मल जैन, गजेंद्र मंगला, बृजमोहन कुच्छल, वीरेंद्र कटारिया, अंकित जैन, रजत जैन आदि बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने शिरकत की।



गुरुग्राम के बादशाहपुर स्थित इस्कॉन मंदिर में सजी राधा-कृष्ण मूर्ति।

## वैष्णव सम्प्रदाय ने मनाई श्रीकृष्ण जन्माष्टमी




**भिवानी।** श्रीकृष्ण जन्माष्टमी पूरे देश में धूम धाम से मनाई जा रही है। तिथि और नक्षत्र अलग-अलग दिन पड़ने के चलते यह पर्व दो दिन मनाया गया है। मान्यता है कि भगवान श्रीकृष्ण का जन्म भाद्रपद मास के कृष्ण पक्ष की अष्टमी को रोहणी नक्षत्र में हुआ था। हालांकि, इस वर्ष यह तिथि और नक्षत्र एक साथ एक दिन नहीं पड़ रहे हैं। बल्कि अलग-अलग दिन पड़ रहे हैं। ऐसे में कई जगहों पर जन्माष्टमी 11 अगस्त को मनाई गई है। वहीं, कई जगहों पर यह 12 अगस्त को मनाई गई है। भिवानी हनुमान जोहड़ी धाम नरसिंह मंदिर में वैष्णव संप्रदाय के द्वारा 12 अगस्त को जन्माष्टमी पर्व मनाया गया है।

कोविड-19 के चलते हैं इस बार मंदिर परिसर में बड़ा कार्यक्रम आयोजित नहीं किया गया है। जन्माष्टमी पर्व पर मंदिर परिसर में होने वाले सभी बड़े उत्सव रद्द कर दिए गए। बाल योगी महंत चरण दास महाराज ने बताया कि मंदिर परिसर में हर वर्ष भगवान श्री कृष्ण का जन्म उत्सव बड़े चहल-पहल के साथ मनाया जाता है । लेकिन इस बार कोरोना महामारी के चलते इस प्रकार का बड़ा कार्यक्रम आयोजित नहीं किया गया है। कहा कि मंदिर परिसर के अंदर भगवान के दरबार को सजाया गया है, साथ में भगवान का पालना और कावड़ को सजाया है। महंत चरण दास महाराज ने कहा कि बाल गोपाल श्री कृष्ण के जन्म उत्सव पर मंदिर परिसर में जलवा पूजन, कान्हा बधाई, ठाकुर जी के दर्शन यह सब कार्यक्रम सामाजिक दूरी को बनाते हुए कम संख्या में रहे और इसी के साथ 18 दिवसीय गीता पाठ का आयोजन भी मंदिर परिसर में आज से शुरू किया गया है।

# प्रेरणा वृद्धाश्रम में धूमधाम से मनाया गया श्रीकृष्ण जन्माष्टमी का त्योहार



प्रेरणा वृद्धाश्रम में श्री कृष्ण जन्माष्टमी पर भजन कीर्तन के कार्यक्रम में शामिल बुजुर्ग एवं अन्य लोग।

पायनियर समाचार सेवा। कुरूक्षेत्र

### प्रेरणा वृद्धाश्रम में श्री कृष्ण जन्माष्टमी श्रद्धा और भक्ति भाव के साथ मनाई गई

**भारतीय** संस्कृति के अन्य त्योहारों की भांति भगवान श्री कृष्ण का जन्मोत्सव श्री कृष्ण जन्माष्टमी प्रेरणा वृद्धाश्रम में धूमधाम, श्रद्धा एवं भक्ति भाव से मनाया गया। मौके पर जहां भगवान श्री कृष्ण की सुंदर प्रतिमा राधा के साथ सजाई गई। भजनों के कार्यक्रम में तो नजारा ही कुछ अलग था। वृद्धाश्रम में सभी ने भगवान श्री कृष्ण की पूजा अर्चना की और उसके उपरांत सभी श्री कृष्ण भजनों पर नाचे और झूमे। वृद्धाश्रम में रहने वाले बुर्जुर्गों का उत्साह तो देखते ही बनता था। अपनों द्वारा ठुकराए बुजुर्ग मानों भूल गए कि वे वृद्धाश्रम में रहते हैं, वे तो बस भगवान श्री कृष्ण की मस्ती में डूबे नजर आये। प्रेरणा वृद्धाश्रम के संस्थापक जयभगवान सिंगला ने कहाकि कुरुक्षेत्र की भूमि से तो भगवान श्रीकृष्ण का गहरा लगाव है। इस धरती के हर कण में भगवान श्री कृष्ण का वास है। उन्होंने कहाकि इस धरती पर तो भगवान श्रीकृष्ण का तो बार बार आगमन हुआ है। सिंगला ने कहाकि आज के दिन तो सभी भगवान श्रीकृष्ण से कामना कर रहे हैं कि कोरोना से मुक्ति मिले और भगवान श्री कृष्ण की कृपा बरसे।



**झुग्गी झोपड़ी के बच्चों के साथ मिलकर मनाया हीरामणि आहूजा का जन्म दिन :** रक्तदान के क्षेत्र में सराहनीय कार्य कर रही नगर की अग्रणी समाजसेवी संस्था यूथ ब्लड डोनर ऑर्गेनाइजेशन ने अपने पूर्व सचिव सुमित अहूजा की चाची हीरामणि आहूजा का जन्मदिन झुग्गी झोपड़ी के लोगों के साथ मिठाइयां व बिस्किट बांट कर मनाया।

उल्लेखनीय है कि संस्था अपने प्रत्येक सदस्य व उनके संबंधियों के जन्मदिन इसी प्रकार मनाया करती है संस्था की चेयर पर्सन भारतीय जनता पार्टी महिला मोर्चा की जिला मंत्री अनच माल्यान ने कहा कि जब जरूरतमंद लोगों में खाद्य सामग्री वितरित की जाती है तो उनके खिले हुए चेहरे देखकर हमें भी प्रसंता होती है। संस्था के संस्थापक अध्यक्ष सुमित खत्री ने कहा कि संस्था रक्तदान के अतिरिक्त बहुत से सामाजिक कार्य भी कर रही है कोषाध्यक्ष विजय माल्या तथा सचिव दिव्यांशु ने बताया की संस्था का उद्देश्य है कि हर जरूरतमंद को यथासंभव सहायता पहुंचाई जाए

# गुरुग्राम में महा-महोत्सव बन गई डिजिटल जन्माष्टमी

### हजारों लोगों ने लिया डिजिटल जन्माष्टमी में भाग

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम

**इस्कॉन** मंदिर बादशाहपुर गुरुग्राम में डिजिटल जन्माष्टमी उत्सव बुधवार को धूमधाम से मनाया गया। डिजिटल तरीके से इस महोत्सव में हजारों लोगों ने अपने घरों से बैठे ही भाग लिया। तकनीक-प्रेमी युवा भक्तों की टीम की भावना को जन्म दिया, जो इन व्यवस्थाओं को संभाल रहे थे। डिजिटल प्लेटफार्म पर भी जन्माष्टमी को भक्तों ने सराहा।

इस्कॉन मंदिर कार्यालय में पिछले कुछ दिनों से श्रीकृष्ण जन्माष्टमी की डिजिटल रूप से दर्शन और पूजा करने के लिए तैयारी की जा रही थी। यहां की तकनीकी-प्रेमी युवा भक्त टीम, जो इंजीनियरिंग पृष्ठभूमि से हैं, उन्होंने इसे संभव बनाया है। यहां तक ??कि प्रतिष्ठित कॉर्पोरेट घरानों के सीईओ कृष्ण भक्त पूरी व्यवस्था की निगरानी के लिए आगे आए। जिनके पास दर्शन और आरती हुई वे बहुत खुश थे। इस्कॉन बादशाहपुर के अध्यक्ष रामबदन दास ने कहा कि भक्त भावनात्मक रूप से अपने आराध्य भगवान के साथ जुड़े हुए हैं और यदि वे उनके दर्शन और आरती करने में सक्षम नहीं थे। इस तरह से वे दर्शन करके बहुत खुश हुए।



अपने घर से डिजिटल रूप से आरती और पूजा करने वाले लोग बहुत खुश थे और इसे कोरोना महामारी पर जीत करार दिया। एक बहुराष्ट्रीय कंपनी के सीईओ कपिल शर्मा ने कहा कि आज सब कुछ डिजिटल था। यह एक अद्भुत अनुभव था। पिछले साल भी वे इस्कॉन में जन्माष्टमी मनाने के अवसर से चूक गए थे, क्योंकि वे विदेश यात्रा पर थे। इस साल वे परेशान थे कि जन्माष्टमी मना पाएंगे या नहीं। उन्हें पता चला कि इस्कॉन में डिजिटल उत्सव डिजिटल हो रहा है तो प्रबंधकों से संपर्क करके जानकारी ली। उन्होंने कहा कि यह आपदाओं पर प्रौद्योगिकी की जीत है। अध्यक्ष रामबदन दास ने कहा कि यह उपाय कोरोना वायरस की वर्तमान स्थिति के कारण लिया गया है। हमारी मुख्य चिंता यह है कि श्रद्धालुओं की सुरक्षा और सुरक्षा में बाधा न आए। इस वर्ष जन्माष्टमी तीन दिन के कार्यक्रम के साथ मनाई जा रही है।

पहले दिन 11 अगस्त को, कोरोना से कृष्ण भक्तों और मानवता की रक्षा के लिए एक नरसिंह अग्नि यज्ञ का आयोजन किया गया था। दूसरे दिन को आम तौर पर आरती, अभिषेक और महाभिषेक के साथ सुबह से मध्य रात्रि तक जन्माष्टमी दिवस के रूप में मनाया जाता था। तीसरे दिन को दुनिया भर में इस्कॉन के संस्थापक प्रभुपाद के रूप में मनाया गया।

## संक्षिप्त समाचार

### घोटालों के विरोध में कांग्रेस का प्रदर्शन आज

**भिवानी।** पूर्व विधायक सोमवीर सिंह की अध्यक्षता में जिला कांग्रेस भाजपा-जजपा सरकार में शराब घोटाले, रजिस्ट्री घोटाले और प्रदेश में व्याप्त भ्रष्टाचार के विरोध में प्रदर्शन करेंगी। यह जानकारी कांग्रेस प्रवक्ता धीरज अखरिया ने देते हुए बताया कि कल 13 अगस्त क्राउन प्लाजा, पुराना बस स्टैंड से उपायुक्त कार्यालय तक विरोध प्रदर्शन के उपरांत उपायुक्त को ज्ञापन दिया जाएगा। इस विरोध प्रदर्शन में कांग्रेस के वरिष्ठ नेता गण, अग्रिम संगठन और कार्यकर्ता भाग लेंगे।

### भिवानी में कोरोना फिर हुआ आक्रामक

**भिवानी।** भिवानी जिले में कोरोना फिर से आक्रामक हो गया है। बीती रात को 28 नये कोरोना पॉजिटिव के केस सामने आए है। जिनमें से 4 पुराना हाउसिंग बोर्ड कालोनी से, 3 राय सिहं कालोनी भिवानी से, 3 विकास नगर से, एक पुराना बस स्टैण्ड से, एक कृष्ण कालोनी से, एक आदर्श कालेज भिवानी से, 4 घोसियान चौक भिवानी से एक गांव देवसर से, एक किशोरीलाल सेवा सदन से, 3 पटेल नगर से, एक बैंक कालोनी से, एक चटोरी गली से, 3 बुवानी खेड़ा से तथा एक एसबीआई बैंक भिवानी से है। अब तक जिले में कुल 897 कोरोना पॉजिटिव हो चुके है जिसमें से 794 ठीक हो चुके है। अब जिले में कोरोना के 95 एक्टिव केस है। बुद्धवार को जिले से 500 सैम्पल लिए जा चुके है। जबकि जिले में बुद्धवार को 4 कोरोना पॉजिटिव ठीक हुए है। सिविल सर्जन डाक्टर जितेन्द्र कादयान ने बताया कि भिवानी जिले में बीती रात को 28 नये कोरोना पॉजिटिव के केस सामने आए हैं।

### शायरों व रंगकर्मियों ने डा. राहत इंदौरी को दी श्रद्धांजलि

**गुरुग्राम।** वर्ष 2020 पूरे विश्व व भारत के लिए शुभ प्रतीत होता दिखाई नहीं दे रहा है। कोरोना महामारी से हर वर्ग सहित देश व विश्व की आर्थिक स्थिति भी प्रभावित हुए बिना नहीं रही है। फिल्म जगत के कई चमकते सितारे इस महामारी के दौरान संसार ही छोड़कर चले गए। गत दिवस प्रसिद्ध शायर डा. राहत इंदौरी का इंदौर में कोरोना संक्रमण से पीड़ित होने के कारण उनका भी निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार भी इंदौर में कर दिया गया बताया जा रहा है। इस शायर को साईबर सिटी के रंगकर्मियों व शायरों ने अपने श्रद्धासुमन अर्पित करते हुए कहा है कि तरन्नुम से पढ़ी जाने वाली शायरी को डा. राहत इंदौरी राहत दे गए। राहत साहब सभी के दिलों के बहुत करीब थे। हर किसी को वह अपना समझते थे। उनका कहना है कि जब वे अपनी शायरी पढ़ते थे तो लगता था कि किसी दूसरे शायर की मुशायरे में जरुरत ही नहीं है और उन्होंने सदैव लोगों की खूब तालियां बटोरी हैं। राहत साहब ने उर्दू शायरी का समूचा मिजाज ही बदलकर रख दिया। उन्होंने शायरी के कहने का जो अदभुत संसार रचा, उनके चाहने वाले उसके कायल हो गए। चाहे देश के मंच हों या विदेशों के राहत साहब ने अपनी जिंदादिली और नटखट अंदाज से शायरी को जो मुकाम दिया, उसे दोहराना नामुमकिन है। हर मजहब और तबके के लोग उनकी शायरी के दिवाने थे। जिस शहर में भी वे मुशायरों में गए वहां के लोगों को उन्होंने अपना मुरीद बना लिया। रंगकर्मियों का कहना है कि उन्होंने शायरी के साथ-साथ कई फिल्मों के गाने भी लिखे थे।

### व्यापार मंडल ने काठमंडी के व्यापारियों की सुनी समस्याएं



**सोनीपत।** व्यापार मंडल आपके द्वार कार्यक्रम के तहत जिला व्यापार मंडल के प्रधान संजय सिंगला, संयोजक संजय वर्मा, उपप्रधान रामनारायण गोयल आदि बुधवार को काठमंडी में व्यापारियों की समस्याओं को सुनने पहुंचे। टिम्बर एसोसिएशन प्रधान पवन तनेजा ने काठमंडी में व्यापारियों को माल उतरवाने में आ रही दिक्कत से अवगत करवाया। उन्होनें कहा कि पत्थर, लकड़ी, लोहे, सीमेंट की गाड़ी उतरवाते समय ट्रैफिक कर्मचारी परेशान करते हैं और जबरन चालान काटते हैं, जिससे व्यापारी वर्ग परेशान है। नुकीला सामान होने के कारण लोहे, पत्थर व लकड़ी के माल की गाड़ी को रात को नहीं उतरवाया जा सकता। जिला प्रधान संजय सिंगला ने एसएचओ ट्रैफिक शिव दर्पण से फोन कर मौके पर पहुंच कर व्यापारियों की समस्या का निदान करने की अपील की। एसएचओ शिव दर्पण ने उच्चस्तरीय आदेश के अनुपालन का हवाला देते हुए शीर्ष अधिकारियों से बातचीत करने को कहा। जिला व्यापार मंडल 15 अगस्त के बाद अधिकारियों से मिलकर समस्या को हल करवाएगा। इस मौके पर बिजेंद्र गोयल, चन्द्रप्रकाश लूथरा, पंकज मित्तल, नरेश खतरेजा, भगत सिंह धनेरवाल आदि व्यापारी मौजूद रहे।

# सोनीपत में कोरोना के 21 नये पॉजिटिव केस

**सोनीपत।** उपायुक्त श्याम लाल पूनिया ने कहा कि सोनीपत में बुधवार को सांयकाल तक कोविड-19 कोरोना वायरस के 21 नये पॉजिटिव केस दर्ज किये गये हैं।

ऐसे में अब जिला में कोरोना वायरस के पोजिटिव मामलों का कुल आंकड़ा बढ़कर 3398 हो गया है। उपायुक्त ने यह जानकारी जिला स्वास्थ्य विभाग से प्राप्त आंकड़ों के आधार पर दी। उपायुक्त पूनिया ने कहा कि कोरोना वायरस के नये पॉजिटिव मामलों में 11 महिला मरीज भी सम्मिलित हैं। नये मामले जिला के शहरी व ग्रामीण दोनों क्षेत्रों में मिले हैं।

शहरी क्षेत्र के अंतर्गत सिक्का कालोनी सोनीपत में एक नया कोरोना संक्रमित मरीज, एलआईसी ऑफिस सोनीपत में दो, उत्तम नगर में दो, मॉडल टाउन में दो, सेक्टर-27 में एक, विकास नगर में एक, प्रभू नगर में एक तथा सेक्टर-15 में एक पॉजिटिव मरीज पाया गया है।

# भगवान श्रीकृष्ण का जीवन हम सबके लिए आदर्श

पायनियर समाचार सेवा। सोनीपत

**समाजसेवी** एवं युवा कांग्रेस नेता निखिल मदान ने श्रीकृष्ण जन्माष्टमी पर्व की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि भगवान श्रीकृष्ण का जीवन हम सब लोगों के लिए प्रेरणास्रोत है। भगवान श्रीकृष्ण के दिखाए सत्य और न्याय के रास्ते पर हम सबको चलना चाहिए।

मौके पर कृष्णा चैरिटेबल सोसाइटी और टीम दीपेंद्र सोनीपत ने शहर के लोगों के लिए चलाई जा रही निःशुल्क पानी टैंकर की सुविधा में दो नए टैंकर और जोड़े। निखिल मदान ने बताया कि उनके द्वारा काफी पहले से ही पानी के टैंकर की सुविधा लोगों को दी जा रही है और अब लोगों की मांग देखते हुए दो नए टैंकर शुरू किए हैं। निखिल मदान ने बताया की जिस भी व्यक्ति को पानी के टैंकर की आवश्यकता है वो सोसाइटी कार्यालय जाकर या टैंकर पर दिए गए मोबाइल नम्बर 9813167796 और लैंडलाइन 01302981200 पर फोन करके पानी का टैंकर मंगवा सकता है। मदान ने बताया कि शहर में लोगों से मुलाकात के दौरान उनके सामने पीने के पानी की किल्लत और सीवरेज जाम होने की समस्या निकल कर सामने आई थी, जिस पर निजी तौर से उन्होंने संज्ञान लेकर पानी टैंकर और सीवरेज सफाई के लिए भी गाड़ी लगा दी गयी है। जिस भी कॉलोनी में सीवरेज की समस्या है वो उनके हेल्पलाइन नम्बर पर फोन करके अपनी शिकायत दर्ज करवा सकता है, जिसे तुरंत प्रभाव से दूर किया जाएगा।




कॉलोनी में पेजयल के लिए टैंकर भेजते समाजसेवी निखिल मदान।

# प्रॉपर्टी डीलर से 25 लाख की फिरोती मांगी

### बदमाशों के हौसले हो रहे बुलंद, आए दिन हो रही हैं ऐसी घटनाएं

सुरेंद्र इंदौरा। रेवाड़ी

**जिले** में बदमाशों के हौसले बुलंद हो रहे हैं। लगता है जैसे बदमाशों को अब पुलिस का कोई खौफ नहीं है। यही कारण है कि बदमाश लोगों को सरेआम फोन पर अपना नाम बताकर धमकी दे रंगदारी मांग रहे हैं। अब शहर का एक प्रॉपर्टी डीलर इसका शिकार हुआ है।

पांच स्टेट की पुलिस के लिए वांटेड दर्जनों केस में संलिप्त एक बदमाश ने 25 लाख रुपये की रंगदारी मांगी है। हालांकि पुलिस ने प्रॉपर्टी डीलर को सुरक्षा प्रदान कराते हुए तीन टीमों का गठन कर आरोपी की तलाश शुरू करने की बात कही है, लेकिन डीलर के पिता ने पुलिस की कार्यप्रणाली पर सवालिया निशान लगाया है।



शहर के प्रॉपर्टी डीलर धीरज ने पुलिस को दी शिकायत में बताया है कि उसके मोबाइल पर एक फोन आया। फोन करने वाले ने उससे कुछ रुपयों का इंतजाम करने की बात कही। उसके यह कहने पर कि पैसों का इंतजाम नहीं होगा तो उसे दूसरी ओर से धमकी ली। पहले धीरज ने उसे अपने किसी मित्र की शरारत माना, लेकिन तुरंत ही युवक ने अपना नाम बताया और कहा कि उन्हें उससे ओर उसके दो साथियों से 25-25 लाख रुपये चाहिए। पैसे नहीं देने पर उसे देख लेने की धमकी भी दी।

शिकायत पर तुरंत कार्रवाई करते हुए पुलिस ने उसे सुरक्षा मुहैया करा दी ओर उसकी गिरफ्तारी के लिए तीन अलग-अलग टीमों का गठन कर दिया। धीरज के पिता ओमप्रकाश ने बताया कि पुलिस ने उन्हें बताया है कि बदमाश अपने घर से करीब पांच सालों से गायब है। उसके पीछे पांच राज्यों की पुलिस लगी हुई है और उसके खिलाफ कई संगीन मामले दर्ज हैं। ओमप्रकाश ने कहा कि जब बदमाश इतना खतरनाक है तो संदेह होता है कि सुरक्षा कब तक उन्हें सुरक्षित रखेगी। उन्होंने कहा कि पुलिस को बदमाशों के खिलाफ तुरंत एक्शन लेना चाहिए, ताकि वे अन्य लोगों का इस प्रकार अपना शिकार नहीं बना सके।

## सुपरवाइजरों ने ऑनलाइन ट्रांसफर रद्द कराने को किया प्रदर्शन

**भिवानी।** आईसीडीएस सुपरवाइजर्स वेलफेयर एसोसिएशन सम्बद्ध सर्व कर्मचारी संघ हरियाणा के तत्वावधान में आज मंगलवार को ऑनलाइन ट्रांसफर रद्द करवाने की मांग को लेकर मुख्यमंत्री के नाम जिला कार्यक्रम अधिकारी को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में कहा गया कि विभाग द्वारा 5 अगस्त 2020 को सुपरवाइजरों को ऑनलाइन ट्रांसफर किए गए, जिनमें 78 सुपरवाइजरों का ट्रांसफर 150-350 किलोमीटर दूर कर दिया गया। इसको लेकर आईसीडीएस सुपरवाइजरों ने सरकार व विभाग के प्रति गहरा रोष है। एसोसिएशन की जिला अध्यक्ष बिमला, सचिव उषा ने बताया कि एक वर्ष से पहले सेवानिवृत्त होने वाली अविवाहित, विधवा व बीमार सुपरवाइजरों को भी काफी दूर भेजा गया है।

# पंजाब से अपना हक मांग रहे हैं भीख नहीं : ज्ञान चंद गुप्ता

### हरियाणा विधानसभा स्पीकर ने इमारत में हिस्सेदारी पर दिखाई तलखी

**चंडीगढ़।** हरियाणा विधानसभा के स्पीकर ज्ञान चंद गुप्ता ने एक बार फिर से हरियाणा विधानसभा परिसर में पंजाब से हिस्सेदारी की मांग को दोहराते हुए कहा है कि हरियाणा अपना हक मांग रहा है, कोई भीख नहीं। इस मामले में हर पहलू को आधार बनाकर लड़ाई लड़ी जाएगी और पंजाब से अपना हिस्सा लिया जाएगा।

बुधवार को यहां पत्रकारों से बातचीत में स्पीकर ने कहा कि पहले इस संबंध में पंजाब के स्पीकर से सकारात्मक बातचीत करते हुए सचिव स्तर पर वार्ता करने की पहल के लिए तैयार हो गए थे। इसके बाद वह अपने वायदे से मुकर गए। विधानसभा अध्यक्ष ज्ञानचंद गुप्ता ने कहा कि हरियाणा को उसके हिस्से के कमरे और जमीन मिले, इसके लिए वह अपने प्रयास जारी रखेंगे। ज्ञानचंद गुप्ता का कहना है कि हरियाणा को बंटवारे के दौरान जो जगह देने की बात तय हुई थी, वो सारा बंटवारा लिखित में हुआ था। आज भी काफी कमरे पंजाब के कब्जे में हैं। पंजाब के स्पीकर से इसी क्रम में मुलाकात कर एक प्रयास किया गया था, ताकि मामले का शांतिपूर्वक हल निकल सके। बाद में मजबूर होकर यूटी प्रशासक और पंजाब राज्यपाल को भी लिखा गया है। विधानसभा अध्यक्ष ने कहा कि वह इस मामले में पूरी तरह से गंभीर हैं।

# स्टेडियम नहीं सचिवालय में होगा समारोह

## मुख्यमंत्री, चीफ जस्टिस, सांसदों, विधायकों समेत केवल सौ लोगों को बुलावा : गोपाल राय

स्वतंत्रता दिवस



- कोरोना योद्धा, प्लाज्मा डोनर, एंबुलेंस चालक बनाए गए विशेष अतिथि, सम्मानित होंगे श्रेष्ठ जेल अधिकारी

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

केजरीवाल सरकार कोविड-19 महामारी के मद्देनजर इस बार स्वतंत्रता दिवस का बहुत छोटा कार्यक्रम आयोजित करने का फैसला लिया है। सीमित दायरे में आयोजित होने वाले कार्यक्रम की तैयारियां जोर-शोर शुरू कर दी गई हैं। समान्य प्रशासन मंत्रालय के मंत्री गोपाल राय ने बताया कि इस बार छत्रसाल स्टेडियम की बजाय आईटीओ स्थित दिल्ली सचिवालय में ही स्वतंत्रता दिवस का कार्यक्रम आयोजित कर शहीदों को याद किया जाएगा।

कोरोना काल में सोशल डिस्टेंसिंग का पालन करते हुए मुख्यमंत्री चीफ जस्टिस, सांसदों, विधायकों सममेत केवल सौ प्रमुख लोगों बुलाया गया है। कोरोना योद्धा, प्लाज्मा डोनर, एंबुलेंस चालक विशेष अतिथि होंगे। सेंट्रल जेल के अधिकारियों, जिन्होंने बेहतर काम किया है, उनको सम्मानित किया जाएगा।

गोपाल राय ने बुधवार को बताया कि वह चाहते हैं कि 15 अगस्त को स्वतंत्रता दिवस बड़ी धूमधाम से मनाया जाए। शहीदों के प्रति जो श्रद्धा है उसको व्यक्त करना चाहते हैं, लेकिन आज की जो परिस्थिति है, उसको ध्यान में रखते हुए इस बार सरकार ने निर्णय लिया है कि कार्यक्रम छत्रसाल स्टेडियम में नहीं आयोजित किया जाएगा। स्वतंत्रता दिवस के दिन जो सांस्कृतिक कार्यक्रम होते हैं, वो भी इस बार नहीं होंगे। संक्षिप्त कार्यक्रम आईटीओ स्थित सचिवालय में होगा। यहां ज्यादा से ज्यादा 100 लोगों के बैठने की व्यवस्था की जा रही है। इस दौरान सोशल डिस्टेंसिंग के नियमों का पूरा पालन किया जाएगा।

कार्यक्रम में शामिल होने वाले प्रमुख लोगों की सूची तैयार कर ली गई है। अभी तक मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल, सभी मंत्रियों, विधायकों, सांसदों को बुलावा भेजा गया है। साथ ही तीनों एमसीडी के मेयर, हाईकोर्ट के मुख्य न्यायाधीश, वरिष्ठ आईएएस अधिकारी व दानिक्स अधिकारियों को निमंत्रण भेज रहे हैं। इस बार खासतौर से हमारे कोरोना योद्धाओं जैसे- सफाई कर्मचारी, नर्स, एंबुलेंस चालक, पुलिस और प्लाज्मा डोनेट करने वाले मरीजों के प्रतिनिधि खास मेहमान होंगे।

### एक दिन में आए 1113 नए मामले, 14 की मौत

**नई दिल्ली।** कोरोना वायरस संक्रमण के एक दिन में 1,113 नए मामले सामने आए हैं। इसके साथ ही कुल सक्रमितों की संख्या 1.48 लाख से ज्यादा हो गई। इस खतरनाक वायरस से 14 और लोगों की मौत के बाद मृतकों का आंकड़ा 4,153 हो गया है।

दिल्ली सरकार के स्वास्थ्य बुलेटिन के अनुसार पिछले 24 घंटे में 6,472 आरटी-पीसीआर जांच और 12,422 रैपिड एंटिजन जांच हुई हैं। राजधानी में अब कुल संक्रमितों की संख्या 1,48,504 है। अब तक कुल 1,33,405 मरीज स्वस्थ हो चुके हैं, यहां से बाहर जा चुके हैं या फिर उन्हें अस्पतालों से छुट्टी मिल चुकी है। वहीं फिलहाल 10,946 मरीजों का इलाज चल रहा है। पिछले 24 घंटे में 14 और लोगों की मौत हुई जिसके बाद मृतक संख्या 4,153 हो गई। वहीं कंटेनमेंट जोन की संख्या 523 है।

# दिल्ली सरकार का शिक्षा मॉडल दिखावा : भाजपा

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली



केजरीवाल सरकार के शिक्षा मॉडल पर भाजपा ने निशाना साधा है। पार्टी नेता का कहना है कि दिल्ली सरकार का शिक्षा मॉडल दिखावे से ज्यादा कुछ नहीं है। स्कूलों में पढ़ रहे 15 फीसदी से अधिक बच्चे कम हो गए हैं। सरकार शिक्षा को लेकर कितनी गंभीर है, ये समझना मुश्किल नहीं है।

प्रदेश भाजपा अध्यक्ष आदेश गुप्ता ने बुधवार को कहा कि 1030 सरकारी स्कूलों में पढ़ने वाले अधिकांश बच्चे गरीब परिवारों के हैं। कोरोना संकट के समय दिल्ली वालों को उसके हाल पर छोड़ने वाली सरकार को बच्चों की भी परवाह नहीं थी। स्कूलों में बड़ी संख्या में बच्चों के कम होने से ये बात साफ है कि सरकार विज्ञापनों में शिक्षा क्रांति के फर्जी दावे करती है। उसे बच्चों की परवाह नहीं थी। इस घटना से सभी बच्चों को ऑनलाइन शिक्षा देने के दावें भी झूठे साबित होते हैं।

गुप्ता के अनुसार केजरीवाल सरकार जब से सत्ता में आई है। परीक्षा परिणाम बेहतर करने के लिए हर साल 9वीं एवं 11वीं की परीक्षा में बड़ी तादाद में छात्रों को फेल कर रही ताकि केवल गिने चुने बच्चे ही बोर्ड की परीक्षा दे सकें। हर साल परीक्षार्थियों की घटती संख्या इसका प्रमाण है।

उन्होंने कहा कि अपने स्कूल को चलाने में असफल रही दिल्ली सरकार की नजर अब नगर निगम के स्कूलों पर है। जिसे वह नीचा दिखाने के काम में जुटी रहती है। बच्चों का भविष्य खराब करने की नीयत से केजरीवाल सरकार निगम को न तो फंड देती है, न विकास कार्यों में उसकी कोई रूचि है।

### मॉडल ने फांसी लगाकर लगाकर की खुदकुशी

**नोएडा।** गढ़ी चौखंडी गांव में एक सोसाइटी में रहने वाले 22 वर्षीय एक मॉडल ने पंखे से फंदा लगाकर कथित तौर पर आत्महत्या कर ली। पुलिस ने बुधवार को यह जानकारी दी।

अपर उपायुक्त (जोन द्वितीय) अंकुर अग्रवाल ने बताया कि थाना फेज-3 क्षेत्र के गढ़ी चौखंडी गांव में एक बहुमंजिला सोसाइटी है। इसी सोसाइटी में रहने वाले 22 वर्षीय राहुल ने बुधवार सुबह पंखे से फांसी लगाकर कथित तौर पर आत्महत्या कर ली। उन्होंने बताया कि घटना की सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

अपर उपायुक्त ने बताया कि पूछताछ के दौरान मृतक की मां ने पुलिस को बताया कि वह फिल्म व ऐड एजेंसी के लिए मॉडलिंग का काम करता था। पुलिस को यह भी जानकारी मिली है कि उसके एक लड़की से संबंध थे। प्रथमदृष्टया पुलिस का मानना है कि लड़की से झगड़ा होने की वजह से मॉडल ने आत्महत्या कर ली।

# महिला मित्र से संबंध के शक में युवक की हत्या

- मृतक व आरोपी एक ही मकान में रहते थे साथ

**पायनियर समाचार सेवा।** नोएडा

महिला मित्र के किसी और से संबंध होने के संदेह पर दो युवकों ने मिलकर एक युवक की हत्या कर दी। अपर पुलिस उपायुक्त (जोन द्वितीय) अंकुर अग्रवाल ने बताया कि थाना फेस-2 क्षेत्र के इलाबास गांव में अजीत (23) अपने दोस्त मोहित व विपिन के साथ एक ही मकान में किराए पर रहता था। उन्होंने बताया कि मोहित व विपिन की दो महिला मित्र थीं। उन्हें शक था कि उनका मित्र अजीत भी उनसे बातचीत करता है तथा उसके भी उनसे संबंध है।

उन्होंने बताया कि अजीत को रास्ते से हटाने के लिए मोहित, विपिन ने षड्यंत्र रचा तथा मंगलवार सुबह इन लोगों ने सोते समय अजीत के सिर पर भारी पत्थर से वार किया और इसके बाद दोनों ने अजीत के रिश्तेदार कपिल के घर पर जाकर उसको सूचना दी कि उसका एक्सीडेंट हो गया है तथा उसे अस्पताल में भर्ती कराना है।

अपर उपायुक्त ने बताया कि कपिल ने उनके साथ घटनास्थल पर जाने से इनकार कर दिया इसके बाद दोनों कपिल के घर से लौटकर आए। इसी बीच विपिन अपना बैग लेकर वहां से भाग गया। उन्होंने बताया कि मोहित ने 112 नंबर पर फोन करके मौके पर एंबुलेंस बुलाई तथा सूचित किया कि उसके दोस्त अजीत का एक्सीडेंट हो गया है। उन्होंने बताया कि एंबुलेंस अजीत को लेकर यथार्थ अस्पताल पहुंची। वहां पर चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। अपर उपायुक्त ने बताया कि इस दौरान मोहित भी अस्पताल से भाग गया। शव का पोस्टमार्टम करने पर यह बात सामने आई कि अजीत की हत्या की गई है।

उन्होंने बताया कि मृतक के परिजन कसाराम की शिकायत पर पुलिस ने हत्या का मुकदमा दर्ज किया। बुधवार सुबह पुलिस ने एक सूचना के आधार पर मोहित को गिरफ्तार कर लिया। उन्होंने बताया कि विपिन फरार है। पुलिस उसकी तलाश कर रही है। अपर उपायुक्त ने बताया कि विपिन इससे पूर्व लूटपाट के मामले में गाजियाबाद से कई बार जेल जा चुका है।

# मेट्रो स्टेशन पर शॉपिंग परिसर के निर्माण में पर्यावरण का पेंच

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

राष्ट्रीय हरित अधिकरण ने कहा है कि भीकाजी कामा प्लेस मेट्रो स्टेशन के ऊपर डीएमआरसी द्वारा व्यवसायिक परिसर के निर्माण से पहले पर्यावरण प्रभाव आकलन (ईआईए) कराया जाना जरूरी है। हरित अधिकरण ने प्रधान मुख्य वन संरक्षक द्वारा दाखिल रिपोर्ट पर संज्ञान लेते हुए यह कहा।

रिपोर्ट में कहा गया है कि इस मेट्रो स्टेशन पर मुआयना डीएमआरसी और दिल्ली विकास प्राधिकरण के अधिकारियों के साथ किया गया था। मुआयने के दौरान डीएमआरसी ने मेट्रो स्टेशन के ऊपर प्रस्तावित वाणिज्यिक निर्माण कार्य के लिए यातायात प्रभाव आकलन अध्ययन प्रस्तुत किया। एनजीटी अध्यक्ष न्यायमूर्ति आदर्श कुमार गोयल की अध्यक्षता वाली पीठ ने कहा कि तथ्यों के आलोक में यह जरूरी है कि प्रस्तावित निर्माण कार्य से पहले ईआईए और कैरीइंग केपेसिटी अध्ययन अवश्य कराया जाए।

कैरीइंग कपेसिटी की अवधारणा इस प्रश्न का हल करती है कि पर्यावरण को क्षति पहुंचाए बगैर वहां कितने लोगों को आने जाने की अनुमति दी जा सकती है। अधिकरण ने कहा कि अध्ययन सीपीसीबी, आईआईटी दिल्ली और डीपीसीसी के प्रतिनिधियों की सदस्यता वाली समिति से कराया जाए।

# सुदीक्षा मामला : आप ने योगी सरकार को घेरा

**पायनियर समाचार सेवा।** नोएडा



आम आदमी पार्टी के उत्तर प्रदेश प्रभारी एवं राज्यसभा सदस्य संजय सिंह ने उत्तर प्रदेश सरकार पर हमला करते हुए कहा कि राज्य में कानून-व्यवस्था की स्थिति जंगलराज से भी बदतर है और यहां बेटियां, नेता, पत्रकार, वकील व मानवता सुरक्षित नहीं हैं। गांव डेयरी स्केनर की छात्रा सुदीक्षा भाटी की मौत के बाद उसके परिजन से मिलने पहुंचे सिंह ने मंगलवार रात को यह बातें कहीं।

सिंह ने कहा कि सुदीक्षा की मौत प्रदेश सरकार के लिए एक कलंक है और प्रदेश में कानून-व्यवस्था का आलम यह है कि मनचले 3 किलोमीटर तक होनहार बेटी का पीछा करते रहे, जिसकी वजह से वह सड़क हादसे का शिकार हुई। उन्होंने कहा कि इस घटना के दोषियों को पकड़ने के बजाय बुलंदशहर की पुलिस मृतका के परिजन पर गलत आरोप लगाने में जुट गई है। उन्होंने आरोप लगाया कि उत्तर प्रदेश में लूट, हत्या, बलात्कार की घटनाएं आम हो गई हैं। व्यापारियों से रंगदारी वसूली जा रही है। आप नेता ने मांग की है कि छात्रा के परिजन को एक करोड़ रुपए का मुआवजा दिया जाए तथा उनके परिवार के अन्य बच्चों को सरकार पढ़ाई की मुफ्त सुविधा दे।

### धरने पर बैठे सपा नेता अतुल प्रधान

**नोएडा।** समाजवादी पार्टी के नेता अतुल प्रधान ने मृतका सुदीक्षा भाटी के घर पहुंचकर उनके परिवार से मुलाकात की और परिवार वालों को मुआवजा दिए जाने और आरोपियों के खिलाफ सख्त कार्वाई की मांग करते हुए धरने पर बैठ गए। प्रधान पार्टी कार्यकर्ताओं के साथ डेरीस्कनर गांव में धरने पर बैठ हैं। प्रधान ने कहा कि जब तक मृतका के परिवार को न्याय नहीं मिल जाता उनका संघर्ष जारी रहेगा। गौरतलब है कि बीबीए की छात्रा सुदीक्षा भाटी की जनपद बुलंदशहर के औरंगाबाद थाना क्षेत्र में दो दिन पहले एक सड़क हादसे में मौत हो गई थी।



गांव बम्हैटा में थाना कविनगर पुलिस के विरोध में पंचायत करते हुए ग्रामीण।

# छेड़खानी की शिकायत करने गए भाईयों पर उल्टा केस दर्ज

- जबरदस्त विरोध के बाद बैकफुट पर आई पुलिस

**पायनियर समाचार सेवा।** गाजियाबाद

छेड़खानी का विरोध करना एक परिवार को उस समय भारी पड़ गया जब थाने में इस मामले की शिकायत करने पहुंचे दो भाइयों के खिलाफ उल्टा शान्ति भंग करने का मामला दर्ज कर दिया।

दरअसल, दो दिन पहले एक समूदाय विशेष के लड़कों ने घर में घुसकर न केवल महिलाओं के साथ छेड़खानी की बल्कि मारपीट भी की। जब परिवार के मुखिया नरेन्द्र मित्तल इस मामले की शिकायत करने थाना कवि नगर पहुंचे तो पुलिस ने मामला दर्ज करने के बजाय समझौते का दबाव डाला, जब उन्होंने मना कर दिया तो उनके ही खिलाफ शान्ति भंग करने का मामला दर्ज कर दिया।

पुलिस की इस करतूत के खिलाफ गांव के हिंदू परिवारों ने एक पंचायत कर जब यह ऐलान किया कि वे मुख्यमंत्री से मिलकर पुलिस की इस करतूत के बारे में बताएंगे तो पुलिस के शीर्ष अधिकारियों के हाथ पैर फूल गए और पुलिस ने ग्रामीणों को बुलाकर आश्वासन दिया कि मामले की जांच कर दोषी पुलिस कर्मचारियों के खिलाफ कार्रवाई होगी।

### दुष्कर्म पीड़िता नाबालिग को गर्भपात की इजाजत

**नई दिल्ली।** उच्च न्यायालय ने एक नाबालिग बलात्कार पीड़िता के 22 सप्ताह के गर्भ को गिराने की अनुमति दी है। राम मनोहर लोहिया अस्पताल द्वारा स्थापित एक चिकित्सकीय बोर्ड की रिपोर्ट में कहा गया था कि गर्भ जारी रखने से पीड़िता को मनोवैज्ञानिक समस्याएं हो सकती हैं।

हालांकि अदालत ने स्पष्ट किया कि रक्त की जांच सामने आने के बाद पीड़िता के स्वास्थ्य पर पड़ने वाले प्रभाव की समीक्षा करने के बाद ही गर्भपात कराया जाएगा। गर्भपात की प्रक्रिया तभी शुरू की जा सकती है जब उसकी जांच के नतीजों में किसी अतिरिक्त खतरे की आशंका न हो।

# स्टांप चोरों से 3 लाख की वसूली

**पायनियर समाचार सेवा।** गाजियाबाद

थाना साहिबाबाद क्षेत्र की शहीद नगर कॉलोनी के दो स्टांप चोरों से राजस्व विभाग की टीम ने स्टांप चोरी के मामले में 3 लाख रुपये राजस्व की वसूली की है। स्टांप चोरी के इस प्रकरण में जुलाई माह में जिलाधिकारी ने तहसीलदार सदर को राजस्व बसूली के आदेश जारी किये थे।

कर चोरों से कुल धन राशि पर 18 प्रतिशत वार्षिक ब्याज सहित वसूली के आदेश भी दिए थे। यहां यह गौरतलव है कि एक मानवाधिकार एवं आरटीआई कार्यकर्ता राजीव शर्मा की शिकायत पर साहिबाबाद की शहीद नगर कॉलोनी के सी ब्लाक में अगस्त 2019 में स्टांप विभाग ने कर चोरी का एक बड़ा मामला उजागर हुआ था जिसमें अवैध रूप से बनी एक पांच मंजिला इमारत में बड़े पैमाने पर स्टांप चोरी पकड़ी गई थी। इस बिल्डिंग में बने 9 फ्लैटों और 3 दुकानों को बिल्डिंग बनाने वाले 2 बिल्डरों ने फ्लैट और दुकानें खरीदने वाले लोगो को महज सौ-सौ रुपये के स्टाम्प पेपर पर अवैध रूप से बेच डाला था।

इस तरह स्टांप विभाग ने इस बिल्डिंग में 11 अलग-अलग खरीददारों द्वारा की गई करीब 25 लाख की स्टांप चोरी पकड़ी थी।

### दो बच्चों को लेकर महिला हुई लापता

**नोएडा।** थाना सेक्टर 39 क्षेत्र के सेक्टर 37 में रहने वाली एक महिला अपने दो बच्चों संग मंगलवार शाम को लापता हो गई। थाना सेक्टर 39 के प्रभारी निरीक्षक आजाद सिंह तोमर ने बताया कि सेक्टर 37 में रहने वाले अशोक ने थाने में शिकायत की है कि उनकी पत्नी तापसी देवी अपनी बेटी ममता व बेटे मोहित के साथ कल शाम से घर से लापता है।

उन्होंने बताया कि पुलिस मामले की जांच कर रही है। वही, सेक्टर 40 में रहने वाले एक पूर्व डीआईजी के घर पर काम करने वाली घरेलू सहायिका रेणुका 10 अगस्त को संदिग्ध हालात में लापता हो गई।

# दो सदी पुरानी मुबारक बेगम मस्जिद का बदलेगा कलेवर

## जीर्णोद्धार के लिए दिल्ली वक्फ बोर्ड को विश्व स्मारक कोष ने की सहायता की पेशकश


**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली



दो सदी पुरानी मुबारक बेगम मस्जिद हो जीर्णोद्धार होगा। विश्व स्मारक कोष ने दिल्ली वक्फ बोर्ड को राष्ट्रीय राजधानी स्थित 200 साल पुरानी इस मस्जिद के मध्य गुंबद के जीर्णोद्धार के लिए सहायता की पेशकश की है। भारी बारिश के कारण यह गुंबद क्षतिग्रस्त हो गया है।

राष्ट्रीय राजधानी के हॉज काजी चौक स्थित इस मस्जिद का मध्य गुंबद पिछले महीने लगातार बारिश होने एवं बिजली गिरने की घटना में क्षतिग्रस्त हो गया था। वक्फ बोर्ड के एक अधिकारी के अनुसार बोर्ड ने भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण को पत्र लिखकर जीर्णोद्धार का काम शुरू करने और मलबा हटाने से पहले तकनीकी सर्वेक्षण करने को कहा है। अधिकारी ने बताया कि न्यूयॉर्क स्थित विश्व स्मारक कोष ने क्षतिग्रस्त गुंबद के जीर्णोद्धार में मदद करने का भरोसा दिया है।

उन्होंने कहा, विश्व स्मारक कोष ने उनसे संपर्क किया और मुबारक बेगम मस्जिद के जीर्णोद्धार की पेशकश की है। आकलन के लिए संगठन के तकनीकी दल के मस्जिद आने की संभावना है। विश्व स्मारक कोष की ओर से तत्काल इस बारे में कोई टिप्पणी उपलब्ध नहीं हुई है।




सीएमवाईके प्रिंटेक लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक चन्दन मित्रा द्वारा नं. 6, गुलाब भवन के पीछे, बहादुर शाह ज़फर मार्ग, नई दिल्ली-110002, दूरभाष: 011-40110455 से प्रकाशित तथा बीएफएल इन्फोटेक लिमिटेड सी-9 सेक्टर-3, नोएडा-201301 (उ.प्र.) से मुद्रित। सम्पादकः चन्दन मित्रा, स्थानीय सम्पादकः उषा श्रीवास्तव। पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस अखबार के किसी भी विज्ञापन पर प्रतिक्रिया करने से पहले पूरी तरह उसके बारे में दिए गए दावों, शर्तों और तथ्यों की जांच कर लें। पायनियर ग्रुप के मुद्रक, प्रकाशक, सम्पादक या उसका कोई भी कर्मचारी विज्ञापनदाता द्वारा उनके किसी उत्पाद तथा सेवा हेतु किए गए किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन या उत्तरदायित्व नहीं लेता है। ऐसे विज्ञापनों के बाद किसी आर्थिक क्षति के लिए वे जिम्मेदार भी नहीं हैं। पत्रवार्ता ऑफिस- एफ-31, सेक्टर 6, नोएडा, गौतमबुद्धनगर-201301, उत्तर प्रदेश, दूरभाष- 120-4879800-4879900।



बुधवार को जन्माष्टमी के मौके पर कृष्ण-राधा की भूमिका में बच्चे।

## ग्रामीण बोले, हम नहीं चाहते नगर निगम में शामिल होना

फर्रुखनगर खंड के पांच गांवों को निगम में शामिल करने पर रोष

**पायनियर समाचार सेवा।** गुरुग्राम

**सरकार** द्वारा नगर निगम गुरुग्राम का दायरा बढ़ाने के चलते खंड फर्रूखनगर के पांच गांवों को शामिल करने के चलते ग्रामीणों में रोष व्याप्त है। गांवों के मौजिक लोगों ने सोशल डिस्टेंस के साथ बैठक करके सरकार से मांग करते हुए कहा है कि उनके गांवों को निगम में शामिल ना किया जाये। 14 अगस्त को चार गांव के प्रतिनिधि मंडल सदस्य उप मुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला को मांग पत्र सौंपेंगे।

बता दें कि फर्रूखनगर खंड के गांव कासन, ढाणा, बांस कुसला, बांस हरिया व भांगरोला को नगर निगम गुरुग्राम में सरकार द्वारा शामिल किए जाने की योजना तैयार की जा रही है। सरकार के इस कार्य से ग्रामीणों में नाराजगी है। ग्रामीणों का साफ कहना है कि वे नगर निगम में नहीं जाना चाहते। वे पंचायती तौर पर ही गांव में रहकर अपने गांव के विकास के पक्षधर हैं।

### चारों गांवों का विकास करने को मारुति ने ले रखा है गोद





### जल्द ही उप-मुख्यमंत्री को सौंपेंगे मांग पत्र

बीती 15 जुलाई को ग्रामीणों ने बैठक करके सर्वसम्मति से प्रस्ताव पास करके गुरुग्राम नगर निगम में शामिल किए जाने का विरोध जताया था। अमर शहीद संदीप कुमार मैमोरियल विकास कमेटी ढ़ाणा के चेयरमैन समुंद्र सिंह धनखड़, कैप्टन प्रेमपाल कासन, रमेश प्रधान कासन, सत्यदेव शर्मा सरपंच कासन, प्रहलाद पूर्व सरपंच बांस कुसला, धर्मपाल सरपंच, गब्बू सरपंच, मूलचंद पूर्व सरपंच, प्रवीण सरपंच ढाणा, पूर्व सरपंच हरिप्रकाश शर्मा, तेजू ठेकेदार, रामपाल ढ़ाणा आदि ने बताया कि चारों गांवों से 14 अगस्त को एक प्रतिनिधिमंडल अपनी मांग को लेकर उप-मुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला से मुलाकात करेंगे। उनके गांवों को मारूति कम्पनी ने गोद लिया हुआ है। कम्पनी द्वारा की गांवों में विकास कार्य एवं मूलभूत सुविधाएं मुहिया कराई जाती है।

गुरुग्राम इन चारों गांवों से करीब 22 से 23 किलोमीटर की दूरी पर है। इसलिए इन गांवों को नगर निगम में शामिल करने का कोई औचित्य ही नहीं बनता है। ग्रामीण पंचायत से ही संतुष्ट है।

## बंधवाड़ी अनाथ आश्रम में धूमधाम से मनाई जन्माष्टमी



गुरुग्राम के गांव बंधवाड़ी स्थित द अर्थ सेवियर्स फाउंडेशन परिसर में जन्माष्टमी कार्यक्रम में नृत्य करतीं कृष्ण-राधा बनी महिलाएं।

**गुरुग्राम।** बंधवाड़ी गांव स्थित द अर्थ सेवियर्स फाउंडेशन अनाथ आश्रम में जन्माष्टमी का त्योहार बड़े ही धूमधाम से मनाया गया। कोरोना वायरस के भय के चलते जन्माष्टमी के उपलक्ष्य में खासतौर पर झाकियां बनाई, जिसमे एक भव्य गुफा भी बनाई गई और सब लोगों ने गुफा में जाकर दर्शन किये।

सावन के फूलों के साथ श्रीकृष्ण पालकी झूला लगाया गया। सभी अनाथ वृद्ध व बेसहारा लोगों को मिठाई व लड्डू बांटे गये। सभी ने भजन कीर्तन का आनन्द उठाया। इस शुभ अवसर पर सशस्त्र सीमा बल की संदीक्षा इकाई की प्रधान सचिव अमीता नेगी मीनाक्षी जोशी और मुन्नी व सशस्त्र सीमा बल के जवानो ने भी बढ़-चढ़कर भाग लिया। आर्ट ऑफ लिविंग संस्था की तरफ से गुरु सरबजीत सिंह भी उपस्थित रहे। दी अर्थ सेवियर्स फाउंडेशन के संस्थापक रवि कालरा ने बताया की संस्था की जांबाज समर्पित समाज सेविकाओं ने कार्यक्रम के दौरान स्पेशल परम्परा के तहत सांस्कृतिक पोशाकें पहन कर श्रीकृष्ण रासलीला का आयोजन भी किया, जिसने सभी लोगों का मन मोह लिया।

## गुरुग्राम: वेटनरी डॉक्टर पर किशोरी से दुष्कर्म का आरोप अब ब्लैकमेल भी कर रहा

### जान से मारने की धमकी भी देने का लगाया गया है आरोप

**गुरुग्राम।** जिला के खंड फर्रूखनगर में एक किशोरी से दुष्कर्म का मामला प्रकाश में आया है। दुष्कर्म का आरोप एक वेटनरी डॉक्टर व उसके दोस्तों पर लगा है। आरोप यह भी है कि किशोरी को दो माह से जान से मारने की धमकी देकर यौन शोषण किया जा रहा था। पुलिस प्रवक्ता सुभाष बोकन ने बुधवार को बताया कि आरोपी फरार है। उसकी गिरफ्तारी के लिए दबिश दी जा रही है। जानकारी के अनुसार किशोरी के पिता ने पुलिस को दिए बयान में बताया कि डाबोदा निवासी वेटनरी डॉक्टर अजय व उसके दोस्त रणसिंह उनकी 15 वर्षीय बेटी को बहला-फुसला अपने साथ ले गए थे। जहां डॉक्टर ने उसके साथ दुष्कर्म किया। वारदात के बाद आरोपी पीड़िता को घटना का किसी से न बताने की धमकी देकर घर के पास छोड़ गए। इसके बाद आरोपी फोन कर पीड़िता को ब्लैकमेल कर रहा था। मंगलवार को परेशान होकर पीड़िता ने आपबीती अपनी मां को बता दी। परिजनों की मदद से महिला थाना मानेसर में मंगलवार की देर रात पोक्सो एक्ट समेत कई धाराओं के तहत मामला दर्ज करा दिया गया।

## सीएम दरबार में पहुंचेगा तावडू की अव्यवस्था का मामला

### गली खुद पड़ी है पर काम नहीं हो रहा

**पायनियर समाचार सेवा।** तावडू

**शहर** की सीवरेज व पेयजल व्यवस्था को लेकर जारी कार्य में में बरती जा रही है। लापरवाही को लेकर पार्षदों का बुधवार को एक बार फिर से देखने को मिला। अभी पिछले पखवाड़े ही नपा चेयरपर्सन मनीता गर्ग के नेतृत्व में पार्षदों ने जनस्वास्थ्य एवं अभियांत्रिकी विभाग के एसडीई त्रिलोकचंद मंगला से बात की।

पार्षदों की समस्या सुनने के बाद एसडीई ने भरोसा दिया था कि सूचीबद्ध समस्याओं का अतिशीघ्र निवारण होगा। अब समस्याओं का निदान न होता देख एक बार फिर पार्षदों में आक्रोश देखने को मिल रहा है। जिसको लेकर पार्षदों ने मुख्यमंत्री को लिखित रूप से शिकायत भेज समस्या निवारण की बात कही है। नपा चेयरपर्सन मनीता गर्ग के नेतृत्व में नपा उपाध्यक्ष कर्म सिंह, पार्षद ज्ञानीराम वर्मा, शशिबाला, सुरेंद्र प्रजापति, माया देवी, सुंदरवती, पोप सिंह व भाजपा कार्यकर्ता नरेश ढ़ल ने कहा कि जनस्वास्थ्य एवं अभियांत्रिकी विभाग द्वारा नगरपालिका क्षेत्र में सीवरेज व पेयजल पाइपलाइन बिछाने का कार्य वर्षों से जारी है। कछुआ गति से कार्य चल रहा है। बीच में कई बार कार्य रूका भी है। ये कार्य कब पूरा होगा नहीं मालूम।



एसडीई के समक्ष अपनी बात रखते पार्षद।

मानसून सिर पर है व जब भी बारिश होती है पूरा शहर दलदल में तब्दील हो जाता है। शहर की कोई गली ऐसी नहीं, जोकि समुचित तरीके से हो। विभाग ने सभी गलियों को खोदकर पटक रखा है। एक गली का कार्य पूरा होता नहीं कि दूसरी में कार्य चालू हो जाता है। जनमानस के मन मस्तिष्क में यह बात बैठी पड़ी है कि ये कार्य नगरपालिका करवा रही है। जिसके चलते नपा में पूरे दिन लोगों का इन समस्याओं को लेकर तांता लगा रहता है। जिसके चलते हम भी लोगों को समुचित जवाब नहीं दे पाते व लोगों ने सीवरेज व पेयजल व्यवस्था को लेकर उनका जीना दूभर कर दिया है।

अगर इस और गंभीरता से ध्यान नहीं दिया तो मानसून में शहर बहुत ही दुर्व्यवस्था से गुजरेगा। शहर में हर और दलदल व गंदगी होगी जिससे लोग हादसों की चपेट में आने के साथ बीमारियों से भी ग्रस्त होंगे। एसडीई त्रिलोकचंद का कहना है कि जितनी समस्या पार्षदों ने सूचीबद्ध की है। दरअसल इतनी समस्याओं मूल धरातल पर नहीं है। शहर की एक-दो गलियों में जरूरत समस्या है। उनके तुरंत प्रभाव से निवारण को लेकर जेई व ठेकेदार को आदेश कर दिए हैं।

## धानावास गांव में चलाया साप्ताहिक सफाई अभियान

**पायनियर समाचार सेवा।** फर्रुखनगर

**खण्ड** के गांव धानावास से गन्दगीमुक्त भारत अभियान के तहत साप्ताहिक सफाई अभियान का शुभारम्भ किया गया। यह कार्यक्रम स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण के खण्ड समन्वयक सुशील यादव की अगुवाई में ग्रामीणों के साथ मिलकर शुरू किया गया।

पूरे सप्ताह अलग अलग गांव में विभिन्न कार्यक्रम कराए जाएंगे। मसलन एक बार प्रयोग में लाए जाने वाले प्लास्टिक को कचरे से अलग कराया जाएगा। ग्रामणों को स्वच्छता के प्रति जागरूक करने के लिए वाल पेंटिग का कार्य कराया जाएगा। उसके अलावा रंगाई पुताई,गांव में श्रमदान के द्वारा पौधारोपण कार्यक्रम होगा। छठी से 8वीं तक के बच्चों के लिए गंदगी मुक्त मेरा गांव पर आधारित निबंध प्रतियोगिता कराई जाएगी। पीएचसी की सफाई एवं सैनिटाइज किया जाएगा।



गुरुग्राम के गांव धानावास में साप्ताहिक सफाई अभियान में सफाई करते महिलाएं और पुरुष।

गांव को गन्दगीमुक्त घोषित करने के लिए ग्राम सभाओं का कार्यक्रम होगा। धानावास गांव में अभियान के दौरान सरपंच जिले सिंह, ग्राम सचिव बलवान सिंह एवं गांव की स्वच्छ भारत मिशन की टीम के सदस्यो विजय सिहं, हेमलता, पिंकी, आशारानी, मंजु आदि के अलावा काफी ग्रामीणों का सहयोग रहा।

## विशेष अभियान के तहत बांटे मास्क

**पायनियर समाचार सेवा।** फर्रूखनगर

**कोरोना** महामारी की रोक थाम के लिए नपा द्वारा मंगलवार को कस्बा के विभिन्न स्थानों पर दो गज दूरी मास्क जरूरी विशेष जागरुकता अभियान चला का लोगों को 1000 से अधिक मास्क नि:शुल्क वितरण किय गए। कार्यक्रम का शुभारम्भ नपा के मनोनित पार्षद एडवोकेट नरेश राव व पालिका सचिव केके यादव ने किया।

पालिका सचिव केके यादव ने बताया कि नगरपालिका द्वारा सभी के मास्क पहनने की अनिवार्यता के लिए विशेष अभियान चलाया है। इस अभियान के तहत पालिका क्षेत्र के मुख्य बाजार, सड़क, बस अड्डे आदि पर खरीददारी करने पहुंचे लोगों व दुकानदारों जिन ने मास्क नहीं लगाए हुए थे। उन्हे नि:शुल्क मास्क बाटे गए है। साथ ही दो दिन के लिए बिना मास्क वाले लोगों के चालान काटे जाने के अभियान को स्थगित कर दिया गया है। उन्होंने बताया कि अभियान के बाद अगर कोई बिना मास्क के घर से बाहर निकलता है तो नपा द्वारा 500 रुपए का चालान काटा जाएगा। इस मौके पर एडवोकेट संदीप यादव, मास्टर जेपी यादव, अशोक यादव, मुनी लाल यादव आदि मौजूद थे।



गुरुग्राम के खंड फर्रूखनगर में मास्क बांटते नगर पालिका सचिव केके यादव।

## सोहना का नागरिक अस्पताल बनेगा डिजिटल

### सभी कार्य होंगे ऑनलाइन, मरीजों का डाटा होगा दर्ज

**नरेश कुमार।** सोहना

**सोहना** के नागरिक अस्पताल में सभी कार्य ऑनलाइन प्रणाली से होंगे। नागरिक अस्पताल में पंजीकरण से लेकर ओपीडी, सामान्य वार्ड, ऑपरेशन थिएटर वार्ड, आपातकाल वार्ड के सभी कार्य ऑनलाइन से जोड़ने की कवायद शुरू कर दी गई है। सोहना के नागरिक अस्पताल में आने वाले प्रत्येक रोगी का डाटा अब ऑनलाइन किया जाएगा।

रोगी ने कब अपना पंजीकरण कराया, किस डॉक्टर से अपनी बीमारी को लेकर परामर्श लिया। डॉक्टर ने रोगी को कौन-कौन सी दवा उपचार के दौरान दीं। इतना ही नहीं रोगी कितने समय कब और कहां रहा। दवा वितरण केन्द्र को भी ऑनलाइन से जोड़ा जाएगा। ताकि अस्पताल में कब और कौन-कौन सी दवा दी गई। इसके साथ अस्पताल में दवा का स्टॉक और उसके कब कौन सी दवा न होने की जानकारी ऑनलाइन रहेगी। जिससे रोगी द्वारा दवा लेने की प्रक्रिया भी ऑनलाइन में दर्ज होगी। दूसरी बार दवा लेने के लिए आने वाला रोगी यदि किसी कारण से अपना पंजीकरण कार्ड लेकर नहीं आता है तो ऐसे हालात में रोगी डॉक्टर के पास जाकर अपना पंजीकरण नंबर बताकर परामर्श व दवा ले सकेगा।





सोहना का नागरिक अस्पताल।

### डॉक्टर की लापरवाही पर होगी पैनी नजर

**ऑनलाइन** प्रक्रिया से आरंभ होने से डॉक्टर अब रोगी को उपचार देने या उससे सही से परामर्श न करने में कोताही नहीं बरतेंगे। क्योंकि डॉक्टर को प्रत्येक रोगी का डाटा अपनी टैबल पर रखा कंप्यूटर में दर्ज करते हुए ऑनलाइन करना होगा। ताकि किसी भी रोगी की शिकायत पर नागरिक अस्पताल का अधिकारी डॉक्टर द्वारा रोगी को दिये उपचार की जानकारी ऑनलाइन की जा सके।

### एक से डेढ़ माह में होगा कार्य पूरा

**नागरिक** अस्पताल के एसएमओ डॉ. नवल किशोर ने बताया कि नागरिक अस्पताल की हर गतिविधि ऑन लाइन होगी। अस्पताल में ऑन लाइन प्रक्रिया चालू होने में एक से डेढ़ माह का समय लगेगा। ऑनलाइन प्रक्रिया पूरी करने के कार्य को अंजाम दे दिया गया है।

### डॉक्टर की कार्यप्रणाली पर नहीं उठा सकेंगे सवाल

**नागरिक** अस्पताल में झगड़ालू प्रवृति के रोगी अब डॉक्टर की कार्यप्रणाली पर अंगुली नहीं उठा सकेंगे। विशेषकर अस्पताल के आपालकाल वार्ड में आए दिन डॉक्टरों पर रोगी को न देखने का आरोप लगाते हुए विरोध-प्रदर्शन होते रहे हैं। कई बार उपचार के दौरान रोगी की मौत होने को लेकर झगड़े हुए हैं। ऐसे में डॉक्टर रोगी को दियो उपचार के साथ-साथ ऑनलाइन में दर्ज करेगा। डॉक्टर ने रोगी को कब और कौन सी दवा दी। डॉक्टर ने रोगी से परामर्श के बाद जरूरत पड़ने पर किस समय अन्य अस्पताल के लिए रेफर किया। यह सब डॉक्टर को ऑनलाइन करना होगा। ताकि डॉक्टर पर अंगुली उठाने वालों को तुरन्त जवाब मिल सकेगा।

## मृतक कर्मचारी की पत्नी को सौंपा 3 लाख का चेक



फर्रूखनगर पालिका सचिव के के यादव मृतक सफाई कर्मचारी की विधवा कोमल को तीन लाख रुपये का चेक भेंट करते हुए।

**पायनियर समाचार सेवा।** फर्रुखनगर

**नगरपालिका** सचिव के के यादव ने मंगलवार को मृतक सफाई कर्मचारी सिद्धू वाल्मीकि की पत्नी को सरकार द्वारा दी गई सहायता राशि के रुप में तीन लाख रुपये का चेक सौंपा। साथ ही आश्वासन दिया कि पालिका द्वारा पिडित परिवार को हर संभव सहायता प्रदान की जाएगी।

सचिव केके यादव ने बताया कि गत वर्ष नगरपालिका फर्रूखनगर में कार्यरत सफाई कर्मचारी सिद्धू वाल्मीकि की बिमारी के चलते मृत्यु हो गई थी। जिसके चलते पीड़ित परिवार की सहायतार्थ उन्होंने सरकार के नियमों व योजनाओं के तहत सभी जरुरी कार्रवाई को अमल में लाया गया। जिसके तहत पीड़ित परिवार की सहायता के लिए सरकार द्वारा तीन लाख रुपए की सहायतार्थ राशि स्वीकृत की गई है।

मंगलवार को नपा कार्यालय परिसर में मृतक सफाई कर्मचारी सिद्धू वाल्मीकि की विधवा कोमल को सहायता राशि का चैक भेट किया गया है। उन्होंने बताया कि इसके अतिरिक्त भी पीड़ित के परिवार की सहायता के लिए सरकार के नियमों के अनुसार व स्टाफ द्वारा सहायता प्रदान की जाएगी।

## संक्षिप्त समाचार

### बीपीएल कॉलोनी में बिजली लगवाने की मांग



**नूंह।** जिले के नगीना खंड के गांव बलई में बसी बीपीएल कॉलोनी में बिजली की सुविधा न होने के कारण गरीब परिवार के लोगों को अंधेरे में रात गुजारनी पड़ रही है। बीपीएल परिवारों के लोगों का कहना है कि क्या हम गरीब हैं, इसलिए हमें बिजली नहीं दी जा रही है। उन्होंने बताया कि पिछले महीने नगीना एसडीओ को इस मामले में शिकायत भी दी जा चुकी है, जिस पर आज तक कोई कार्रवाई अमल में नहीं लाई गई है। समाजसेवी जुनेद ने बताया कि उनके गांव में बीपीएल कॉलोनी में दर्जनभर से अधिक परिवार रहते हैं। जिनके लिए आज तक बिजली की कोई सुविधा नहीं कराई गई है। जो मजबूरी के चलते अंधेरे में रात गुजार रहे हैं। जुनेद ने बताया कि बीपीएल परिवारों तक बिजली पहुंचाने के लिए कई बार नगीना एसडीओ व जेई को शिकायत की जा चुकी है, लेकिन कोई सुनवाई नहीं हो रही है। लोगों ने बीपीएल कालोनी में जल्द बिजली लगवाने की मांग की है। ताकि अंधेरे में रात ना गुजारनी पड़े।

### अदालत ने हत्यारोपी बेटा जेल भेजा

**सोहना।** अदालत ने मां का कत्ल करने के आरोप में आरोपी बेटे को 14 दिन के लिए न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया। रिमांड के दौरान पुलिस ने कुल्हाड़ी बरामद की है। भोंडसी थाना प्रभारी इंस्पेक्टर धीरज कुमार ने बताया कि गांव सिहरौल की ढाणी निवासी प्रेमपाल ने जांच अधिकारी एसआई ओमप्रकाश को पूछताछ के दौरान वह कुल्हाड़ी बरामद करा दी है। जिससे प्रेमपाल ने अपनी 65 वर्षीय मां की हत्या की थी।

### 'गंदगी मुक्त भारत' के तहत जागरुकता अभियान शुरू



**सोहना।** 'गंदगी मुक्त भारत' अभियान के तहत खंड की सभी 38 ग्राम पंचायतों में स्वच्छता का अभियान चलाया जाएगा। अभियान के तहत ग्राम पंचायतों को गंदगी मुक्त बनाने के साथ-साथ ग्रामीणों को घरेलू कूड़ा कूड़ेदान में डालने और अपने आस-पास गंदगी न फैलने को लेकर जागरूक किया जाएगा। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के आह्वान पर आठ से 15 अगस्त तक देश भर में शुरू हुए गंदगी मुक्त भारत अभियान के तहत सोहना खंड की 38 ग्राम पंचायतों में अभियान शुरू किया है। मंगलवार को ग्राम पंचायत चूहड़पुर में रात्रि चौपाल का आयोजन कर सरपंच राजबीर और ब्लॉक कोडिनेटर गौरव कुमार ने गांव को गंदगी मुक्त बनाने के लिए योजनाओं बारिकी से समझाईं। गौरव कुमार ने बताया कि उनकी टीम खंड की सभी ग्राम पंचायतों के साथ तालमेल करके यह चौपाल का आयोजन कर रही है। चौपाल बैठकों में ग्रामीण अपनी भागीदारी निभा रहे हैं। खंड विकास एवं पंचायत अधिकारी प्रमेन्द्र सिंह ने बताया कि गंदगी मुक्त भारत अभियान के तहत अलग-अलग तरीके से ग्रामीणों को जागरूक किया जा रहा है।

### 25 अगस्त तक करा सकते हैं ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन किसान

**नूंह।** जवार, बाजरा, ग्वार व तिलहन आदि की फसल को मंडियों में बेचने के लिए मेरी फसल-मेरा ब्योरा पर 25 अगस्त तक किसान अपना ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन करा सकते हैं। बिना रजिस्ट्रेशन वाले किसानों की फसलों को मंडियो में सरकारी रेट पर नहीं खरीदा जाएगा। यह जानकारी नूंह के डीसी पंकज ने दी। उन्होंने बताया कि सरकारी रेट पर फसलों को बेचने के लिए किसानों को रजिस्ट्रेशन कराना अनिवार्य है। जिसके लिए 25 अगस्त तक का समय दिया गया है। डीसी ने बताया कि इस संबंध में टोल फ्री नंबर 1800-180-2117 पर भी फोन करके जानकारी प्राप्त की जा सकती है। पंजीकरण करवाने के लिए किसान का खेवट, मुस्तिल व मुरब्बा खसरा नंबर आदि देख कर भरें ताकि कोई गलती ना हो। इसमें आधार कार्ड, फसल का नाम, किस्म व बुआई का समय भरना होगा। इसके अलावा बैंक के आईएफएससी कोड व बैंक अकाउंट संख्या भरनी होगी। इसके अलावा किसानों को अपना मोबाइल नंबर भी दर्ज कराना होगा। रजिस्ट्रशन के लिए सीएससी सेंटर पर संपर्क कर सकते हैं।

### नवकल्प की ओर से 15 अगस्त को रक्तदान शिविर

**गुरुग्राम।** रक्त की कमी की पूर्ति करने को नवकल्प फाउंडेशन कोरोना काल के दौरान लॉकडाउन से ही रक्तदान शिविरों का आयोजन करता आ रहा है। थैलिसीमिया के मरीजों को ध्यान में रखकर संस्था अधिक से अधिक रक्तदान कराकर मरीजों को जीवन देने की दिशा में प्रयासरत है। इसी कड़ी में 15 अगस्त स्वाधीनता दिवस पर नवकल्प की ओर से चौथा रक्तदान शिविर लगाया जा रहा है। नवकल्प फाउंडेशन के महासचिव डा. सुनील आर्य ने बताया कि स्वाधीनता दिवस के मौके पर रोटरी क्लब ऑफ गुड़गांव साउथ सिटी व मिशन जीरो कोरोना के सहयोग से 15 अगस्त 2020 को यह रक्तदान शिविर न्यू कालोनी पुलिस थाना के निकट जतिन विरमानी बैडमिंटन कोर्ट में सुबह 8 बजे से दोपहर 2 बजे तक लगाया जा रहा है। थैलीसीमिया के मरीजों के लिए लगाए जा रहे इस शिविर में रोटरी क्लब के ब्लड बैंक की ओर से ब्लड लिया जाएगा। कोरोना काल में नवकल्प फाउंडेशन का यह चौथा शिविर है।

### गुरुग्राम में बुधवार को आए 98 केस, एक की मौत

**गुरुग्राम।** बुधवार को जिले में कोरोना के 98 पॉजिटिव केस आए और 1 की मौत हो गई। अब जिले में कुल कोरोना पॉजिटिव 9938 हो गए हैं और कुल 127 मौतें हो चुकी हैं। अब तक 9137 ठीक हो चुके हैं। बुधवार को नगर निगम के जोन-1 में 19 केस, जोन-2 में 16 केस, जोन-3 में 17 केस और जोन-4 में 26 केस पॉजिटिव आए। इसी तरह पटौदी खंड में 16 केस, फर्रूखनगर में 0 व सोहना खंड में 4 नए कोरोना के केस आए। बुधवार को 82 मरीज ठीक हुए। अब यहां कुल पॉजिटिव केसों की संख्या 674 रह गई है। जिले में अभी तक 134909 लोगों को सर्विलांस पर लिया गया है, जिनमें से 105097 ने यह पीरियड पूरा कर लिया है। वहीं 29812 अभी भी सर्विलांस पर हैं। कुल 129075 के सेंपल लिए गए, जिनमें से 117317 के सेंपल नेगेटिव आए हैं।

### निराशाजनक परीक्षा परिणाम देने वाले स्कूलों को नोटिस

**गुरुग्राम।** हरियाणा शिक्षा बोर्ड की परीक्षाओं में संतोषजनक परीक्षा परिणाम न आने वाले जिले के 4 स्कूलों को प्रदेश के शिक्षा निदेशालय द्वारा कारण बताओ नोटिस जारी किए हैं, जिनमें स्कूलों के मुखियाओं से स्पष्टीकरण मांगा गया है। बताया जाता है कि 10वीं व 12वीं की परीक्षाओं में जहां इस बार गत वर्ष की अपेक्षा परीक्षा परिणाम बेहतर रहे हैं, वहीं कई राजकीय स्कूल ऐसे भी हैं जो 40 प्रतिशत तक भी परीक्षा परिणाम नहीं ला सके हैं। जानकारों का कहना है कि गुड़गांव ब्लॉक से ऐसे स्कूलों में एक और सोहना ब्लॉक के 3 राजकीय स्कूलों को अच्छा परीक्षा परिणाम यानि कि 40 प्रतिशत से कम परीक्षा परिणाम आने पर इन स्कूलों के मुखियाओं को कारण बताओ नोटिस जारी कर उनसे इस संबंध में स्पष्टीकरण भी मांगा है। इन स्कूलों में सोहना खंड के गांव हाजीपुर स्थित राजकीय विद्यालय का 10वीं का परीक्षा परिणाम मात्र 11 प्रतिशत रहा बताया जाता है। इसी प्रकार गांव हरचंदपुर के राजकीय विद्यालय का परीक्षा परिणाम 22 प्रतिशत और घामड़ोज का 39 प्रतिशत रहा है। जानकारों का कहना है कि शिक्षा विभगा ने निराशाजनक परिणाम आने वाले इन स्कूलों पर विशेष निगरानी रखने का निर्णय भी लिया है।

# जसाना गांव में दिनदहाड़े दंपति की गोली मारकर हत्या

## लूटपाट की नीयत से दंपति की हत्या किए जाने की आशंका

**पायनियर समाचार सेवा।** फरीदाबाद



ग्रेटर फरीदाबाद के जसाना गांव में स्थित एक मकान पर मंगलवार की दोपहर को बाइक पर सवार होकर आए चार बदमाशों ने धावा बोल दिया। बदमाशों ने आते ही दंपति के हाथ पैर बांध कर उन्हें बंधक बना लिया। जिसके बाद बदमाशों ने दोनों की गोली मारकर हत्या कर दी। आसपास लगे सीसीटीवी कैमरे की फुटैज में चारों आते हुए दिखाई दे रहे हैं। पुलिस को घटनास्थाल पर सामान बिखरा हुआ मिला है। साथ ही कीमती सामान भी गायब है। पुलिस को संदेह है कि लूटपाट की नीयत से वारदाता को अंजाम दिया गया है।

पुलिस के मुताबिक गांव फतेहपुर चंदीला निवासी सुखबीर का विवाह वर्ष 2013 में जसाना गांव निवासी मोनिका के साथ हुआ था। दोनों की अभी तक कोई संतान नहीं है। सुखबीर व उसके दो अन्य भाई वर्कशॉप चलाते हैं। कुछ समय पहले मोनिका अपने मायके के पास मकान बनाकर पति के साथ रहने लगी। सुखबीर संतान के लिए मोनिका का इलाज भी करवा रहा था। मंगलवार सुबह मोनिका का चेकअप कराने गया था। जहां से दोनों दोपहर को लौट आए थे। मोनिका हर रोज शाम को अपने पिता रामबीर की डेरी पर दूध लेने जाती थी। मंगलवार को उसके न जाने पर रामबीर ने रात करीब नौ बजे अपने बेटे मनीष को दूध देने के लिए मोनिका के घर पहुंच दिया। वहां पहुंच कर मनीष ने देखा कि मोनिका व सुखवीर खून से लथपथ मृत हालत में जमीन पर पड़े थे। दोनों की टेप और रस्सी से हाथ पैर बंधे हुए थे। जिसके बाद दोनों की गोली मारकर हत्या की गई थी। घर का सामान चारों तरफ बिखरा पड़ा था और अलमारी खुली हुई थी। घर में लगा सीसीटीवी कैमरे और डीबीआर भी गायब था। मनीष बताने पर रामवीर ने मौके पर पहुंच कर पुलिस को सूचना दे दी। सूचना मिलते ही तिगांव पुलिस के साथ डीसीपी, एसीपी क्राइम और अपराध शाखा की टीम ने मौके पर पहुंच कर जांच शुरू कर दी। आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाले जाने पर बाइक सवार चार बदमाश आते हुए दिखाई दे रहे हैं। पुलिस को संदेह है कि इन्हीं बदमाशों ने वारदात को अंजाम दिया है। फुटैज से पता चला कि बदमाश दोपहर 1:37 बजे घर में घुसे थे और 2:18 पर फरार हुए हैं।। जांच में पता चला कि घर से कीमती सामान, नकदी और लेपटॉप गायब हैं। पुलिस ने मोनिका के पिता रामवीर सिंह की शिकायत पर हत्या का मामला दर्ज कर लिया है। एसीपी धारणा यादव ने बताया कि पुलिस आयुक्त ओपी सिंह समेत अन्य अधिकारियों ने मौके का मुआयना किया है। पुलिस हर एंगल से मामले की जांच कर आरोपियों का सुराग लगाने का प्रयास कर रही है।

## कोरोना से दो मौतें, 113 पॉजिटिव से आंकड़ा पहुंचा 10,515 पर



**पायनियर समाचार सेवा।** फरीदाबाद

**जिले** में कोरोना के मरीजों की संख्या लगातार बढ़ रही है। बुधवार को जिले में 113 मरीजों की पुष्टि होने से कोविड-19 का आंकड़ा 10,515 पर पहुंच गया। वहीं दो कोरोना पॉजिटिव मरीजों की मौत से डेथ का आंकड़ा 145 हो गया। पिछले 24 घंटे में कोरोना को 95 लोगों ने मात दी। जिले में अब तक 9427 मरीजों के ठीक होने की पुष्टि स्वास्थ्य विभाग ने की है।

**मृतक और पॉजिटिव**

पिछले 24 घंटे में कोरोना पॉजिटिव दो मरीजों की मौत हो गई। जिसमें सेक्टर-आठ निवासी 80 वर्षीय एक पुरूष और एनएच-तीन निवासी 70 वर्षीय एक महिला शामिल है। दोनों को कोरोना के अलावा अन्य कई बीमारिया थी। वहीं 113 पॉजिटिव में पल्ला, पाली, बल्लभगढ़, एनआईटी, ओल्ड फरीदाबाद, जवाकर कालोनी, एसी नगर, खेड़ी कला, सराय ख्वाजा, भूदत्त कालोनी, एनएस-दो, महावीर कालोनी, सुरजकुंड, संजय कालोनी, डबुआ कालोनी, सेक्टर-37, एनआईटी-पांच, मुजेसर, एसजीएम नगर, एनआईटी-एक और चावला कालोनी के मरीज शामिल है।

**यह है आंकड़ा**

| | |
|---|---|
| जांच को लिए सैम्पल | 97645 |
| रिपोर्ट आई नेगेटिव | 86587 |
| अभी रिपोर्ट आनी है बॉकी | 543 |
| अब तक पॉजिटिव मिले | 10515 |
| अब तक ठीक हुए | 9427 |
| अब तक पॉजिटिव की मौत | 145 |
| क्रिटिकल हालत में भर्ती | 37 |
| आईसीयू में भर्ती | 10 |

## संक्षिप्त समाचार

### लूट और झपटमारी के चार आरोपी गिरफ्तार

**फरीदाबाद।** क्राइम ब्रांच एनआईटी ने लूट और छीना झपटमारी की वारदात को अंजाम देने वाले चार आरोपियों को गिरफ्तार किया है। जिसमें शिवकुमार, भीम, गुलशन, आस मोहम्मद को हथियार सहित गिरफ्तार किया है। सभी आरोपी जिला पलवल के रहने वाले हैं। पुलिस प्रवक्ता एसीपी धारणा यादव ने आरोपियों के बारे में जानकारी देते हुए बताया कि क्राइम ब्रांच एनआईटी की टीम को सूचना मिली थी कि चार व्यक्ति लूट करने के इरादे से फरीदाबाद आए हुए हैं। जिस पर क्राइम ब्रांच एनआईटी की टीम ने कार्य करते हुए सर्च अभियान चलाकर सभी 4 आरोपियों को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। पूछताछ पर आरोपियों ने बताया कि वह लूट के इरादे से फरीदाबाद आए थे। आरोपियों ने शराब पीकर गत 9 जुलाई को सिटी थाना बल्लभगढ़ एरिया में एक कैंटर ड्राइवर को अकेला देखकर उससे 15000 रुपये कैश और एक मोबाइल फोन लूट कर फरार हो गए थे। जिस संबंध में आरोपियों के खिलाफ मामला सिटी थाने में दर्ज है। उसके बाद आरोपियों ने दो अलग-अलग आदमियों से दो मोबाइल फोन और स्नैचिंग किए थे। इसके अलावा आरोपियों ने पलवल जिला में भी छीना झपटी की वारदात को अंजाम दिया हुआ है। क्राइम ब्रांच ने आरोपियों से एक मोबाइल फोन, एक देसी पिस्तौल व एक जिंदा कारतूस, वारदात में प्रयोग टाटा टैगो कार, 4 मोबाइल फोन बरामद कर आज आरोपीयों को अदालत में पेश कर जेल भेजा है।

### सांसें मुहिम करेगी सुशांत का अधूरा सपना पूरा

**फरीदाबाद।** सुशांत सिंह राजपूत के सपने को पूरा करने के लिए फरीदाबाद में 'सांसें' मुहिम सामने आई है, जो सुशांत सिंह राजपूत के पौधे लगाने वाले सपने को पूरा करेगी। बता दें कि सुशांत सिंह का सपना था कि वह जैविक खेती करें। 1000 पौधे लगायें फिर उनकी देखभाल करें। जो कि उनकी मौत के बाद अधूरा रह गया। अब इस सपने को पूरा करने का जिम्मा 'सांसें' मुहिम के संयोजक जसवंत पवार ने उठाया है। एनआईटी के एक निजी होटल में प्रेसवार्ता कर सांसे मुहीम के संस्थापक जसवंत पंवार ने बतया की पिछले एक माह से उनकी टीम पौधारोपण व पौधा वितरण का कार्य लगतार कर रही है। जिसके अंतर्गत अभी तक शहर में 1500 पौधे लागए जा चुके है और 2100 पौधे वितरित किये जा चुके हैं। इसी कडी में सांसें मुहिम 14 अगस्त को दिवंगत सुशांत सिंह राजपूत की मौत को दो महीने होने पर उनकी आत्मशांति के लिये बीके चौक के समीप दशहरा मैदान में सुबह 7 बजे हवन यज्ञ करेंगे और फिर उन्हें श्रद्वाजंली अर्पित करेंगे। इसके बाद सुशांत सिंह राजपूत के सपने को पूरा करते हुए 1000 पौधे लगाने की शुरूआत की जायेगी। जिसमे त्रिवेणी (नीम, पीपल, बड़) और पंचवटी के पौधे लगाये जायेंगे। यह सिलसिला लगभग एक सप्ताह तक चलेगा जिसके अंतर्गत शहर के अलग अलग स्थानो पर 1100 पौधे लगाने का कार्य किया जायेगा। जिसमे एनआईटी स्थित दशहरा मैदान, सेक्टर-3 पार्क, शाहपुर कला, मोहताबाद, अरावली स्थित परसोंन मंदिर, ग्राम पनहेड़ा खुर्द मंदिर, ग्राम नारियाल, ग्राम हीरापुर आदि स्थानों पर पौधा रोपण होगा।

### धनखड़ को सरदारी ने दिया आशीर्वाद



**फरीदाबाद।** सीबीएस कालेज फतेहपुरी (जिला झज्झर) में भारतीय जनता पार्टी के नवनियुक्त प्रदेश अध्यक्ष भाई ओमप्रकाश धनखड को आशीर्वाद देने के लिए देश भर के धनखड जन पहुंचे। इस समारोह में फरीदाबाद जिले की तरफ से मच्छगर गांव की सरदारी भी प्रदेश अध्यक्ष को आशीर्वाद देने पहुंची। आशीर्वाद देने वालों में मुख्य रूप से राम सिंह धनखड़, सरपंच नरेश धनखड़, एडवोकेट जयप्रकाश धनखड़, सतवीर धनखड़, युद्धवीर धनखड़, संजय धनखड़, बीर सिंह ठेकेदार और स्वयं युवा समाजसेवी सत्यवीर धनखड़ मौजूद रहे।

### तांबे से भरी गाड़ी को लूटने की कोशिश में गिरफ्तार

**फरीदाबाद।** क्राइम ब्रांच सेक्टर 85 ने सराहनीय कार्य करते हुए लूट की कोशिश में शामिल एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। आरोपी अमित गांव ताजपुर छावला दिल्ली का निवासी है। पुलिस प्रवक्ता धारणा यादव ने बताया कि आरोपी अमित ने 7 अगस्त 2020 को अपने चार साथियों मुकेश, प्रदीप, पप्पू और ललित सहित फरीदाबाद आईएमटी एरिया में तांबे से भरी गाड़ी को लूटने की योजना बनाई थी। योजना के तहत सभी पांच आरोपियों ने तांबे से भरी गाड़ी का पीछा कंपनी से ही करना शुरू कर दिया था। थोड़ी दूर चलने के बाद आरोपियों ने आईएमटी एरिया में ही तांबे से भरी गाड़ी को लूटने की कोशिश की थी। गाड़ी चालक की सूझबूझ और चिल्लाने पर लोग इकट्ठे होने पर आरोपी गाड़ी को छोड़कर वहां से फरार हो गए थे। मामले की तफ्तीश कर रही क्राइम ब्रांच सेक्टर 85 की टीम ने एक सूचना पर आरोपी अमित को बदरपुर एरिया से दबोचा। पूछताछ पर आरोपी अमित ने बताया कि वर्ष 2012 में उसने अपनी पत्नी की हत्या कर दी थी। जिस संबंध में आरोपी तिहाड़ जेल में उम्र कैद की सजा काट रहा है। लूट की कोशिश में शामिल आरोपी अमित के अन्य साथी प्रदीप, मुकेश, पप्पू, और ललित भी तिहाड़ जेल में ही मिले थे। आरोपी तिहाड़ जेल से मार्च में पैरोल पर आए थे। एसीपी धारणा यादव ने बताया कि आरोपियों के खिलाफ दिल्ली में करीब 9 मुकदमे दर्ज हैं, जिसमें हत्या, लूट, स्नैचिंग, अवैध हथियार, बलात्कार, अपहरण शामिल है।

### मेवला फ्लाईओवर से गिरी कार



**फरीदाबाद।** मेवला महाराजपुर फ्लाईओवर पर तेज रफ्तार से दौड़ रही एक कार अनियंत्रित होकर नीचे जा गिरी। कार में सवार दोनों व्यक्ति मौके से फरार हो गए। लोगों का कहना है कि हादसा इतना भयानक था कि यदि कार ट्रक में न गिरती, तो कोई बड़ी दुर्घटना घट सकती थी। जानकारी के मुताबिक मेवला महाराजपुर के निकट स्थित पेट्रोल पम्प के पास एक ट्रक खड़ा था। उसी दौरान फ्लाई ओवर के ऊपर से एक तेज रफ्तार कार अनियंत्रित होकर नीचे आ गिरी। जिससे कार सीधा पेट्रोल पम्प के पास खड़े ट्रक पिछले हिस्से में जा घुसी। कार सवार चालक और सवारी दोनों मौके से फरार हो गए। पुलिस मौके पर पहुंची तो किसी तरह की उन्हें कोई शिकायत नहीं दी गई। जिस पर देर शाम तक कोई मामला दर्ज नहीं किया गया।

## खेल अधिकारियों के हुए तबादले

### फरीदाबाद के खेल अधिकारी बने रमेश वर्मा

**पायनियर समाचार सेवा।** फरीदाबाद



खेल एवं युवा कार्यक्रम विभाग ने हरियाणा के जिला खेल अधिकारियों के मंगलवार शाम बड़े स्तर पर ट्रांसफर किए हैं। इनमें फरीदाबाद की खेल अधिकारी मैरी मसीह का तबादला पलवल में किया गया तो वहीं उनके स्थान पर फरीदाबाद में जिला अंबाला के खेल अधिकारी रमेश वर्मा को लगाया गया है। रमेश वर्मा एक बेहतरीन बॉक्सिंग कोच के रूप में फरीदाबाद से खिलाड़ी तैयार किए। जिन्होंने देश व विदेशों में अपनी बहुमुखी प्रतिभा का परिचय देते हुए देश व फरीदाबाद का नाम रोशन किया है। उनके आने पर खिलाड़ियों में खुशी है। कुछ महीनों से मैरी मसीह फरीदाबाद में खेल अधिकारी रही हैं। उनका बीच-बीच में फरीदाबाद से ट्रांसफर होता रहा है, लेकिन अब वह कई महीनों से फरीदाबाद में थी। रमेश वर्मा ने भी उनके अधीन खिलाड़ियों को कोचिंग दी हैं। रमेश वर्मा की 9 मार्च को प्रमोशन हुई थी और प्रमोशन के बाद वह अंबाला में खेल अधिकारी के रूप में लगाए गए। वह तब से अंबाला में ही थे। वहीं ट्रांसफर लिस्ट में फरीदाबाद व पलवल जिले के खेल अधिकारी प्रीतम सिंह भी शामिल हैं। प्रीतम सिंह का तबादला चरखी दादरी किया गया है और प्रीतम की जगह मैरी मसीह को लगाया गया। अंबाला से रमेश वर्मा को फरीदाबाद का खेल अधिकारी नियुक्त किया गया है। रमेश वर्मा के आने पर खिलाड़ियों में खुशी हैं, क्योंकि उन्होंने फरीदाबाद से बॉक्सिग के क्षेत्र में बेहतरीन खिलाड़ी तैयार किए हैं।

## स्वास्थ्य विभाग कर रहा कोरोना के नाम पर खिलवाड़

### पॉजिटिव व्यक्ति को चार दिन तक नहीं दी रिपोर्ट, अब पत्नी भी हुई संक्रमित

### स्वास्थ्य विभाग के पॉजिटिव और नेगेटिव के खेल से परेशान हैं लोग

**कविता।** फरीदाबाद







जिला स्वास्थ्य विभाग रोजाना सैकड़ों मरीजों की जांच के दावे कर रहा है, लेकिन शिविर और डिस्पेंसरियों में किए जा रहे रैपिड एंटीजन टेस्ट रिपोर्ट नेगेटिव या पॉजिटिव आ रही हैं तो वहीं दूसरी तरफ आरटीपीसीआर जांच में रिपोर्ट पॉजिटिव की नेगेटिव और नेगेटिव की पॉजिटिव आ रही है। जिससे लोगों को परेशानी हो रही है। कुछ लोगों ने एक ही दिन में दो बार जांच करवाने पर इस बात का खुलासा किया है। वहीं चार दिनों तक एक व्यक्ति की पॉजिटिव रिपोर्ट उस तक नहीं पहुंची, तो उसकी नेगेटिव पत्नी भी पॉजिटिव हो गई। स्वास्थ्य विभाग के द्वारा रैपिड एंटीजन जांच किट की रिपोर्ट फेल साबित हो रही है। परेशान लोगों का कहना है कि विभाग द्वारा किए जा रहे रैपिड एंटीजन टेस्ट पूरी तरह से सरकार के पैसे की बर्बादी है।

**लापरवाही से महिला पॉजिटिव**

सेक्टर-86 निवासी दम्पति ने अपनी कोरोना की जांच बीके सिविल अस्पताल में चार अगस्त को करवाई। जहां उन्हें आठ अगस्त तक रिपोर्ट नहीं दी गई। आठ अगस्त को सिर दर्द होने पर सैम्पल जांच के लिए दिया तो दम्पति पॉजिटिव बताए गए। जिस पर वह पुरानी रिपोर्ट लेने बीके अस्पताल पहुंचे, तो उन्हें महिला की रिपोर्ट नेगेटिव और पुरूष की रिपोर्ट पॉजिटिव बता दी गई, लेकिन आठ अगस्त को दिए गए सैम्पल के विषय में जब उन्होंने बताया तो दम्पति को होम क्वारेंटाइन कर दिया गया। महिला का कहना है कि यदि उनके पति की पॉजिटिव रिपोर्ट का पहले पता चलता तो शायद वह पॉजिटिव होने से बच सकती थी। लेकिन विभाग की लापरवाही के कारण वह भी पॉजिटिव हो गई। उसी दिन की बजाय विभाग की टीम ने उनसे दस अगस्त को सम्पर्क किया। दो दिनों तक विभाग ने किसी भी तरह की कोई सुध नहीं ली।

**रिपोर्ट नेगेटिव**

एंटीजन टेस्ट किट में दो लाइनें आने पर पॉजिटिव की रिपोर्ट दी जाती है। लेकिन सेक्टर-23 स्थित संजय कालोनी स्थित डिस्पेंसरी के लैब टेक्नीशियन एक ही लाइन आने पर किसी को पॉजिटिव तो किसी को नेगेटिव रिपोर्ट बनाकर दे रहे हैं। रिपोर्ट के बारे में जब पीड़ितों ने अन्य सिविल अस्पतालों और निजी अस्पतालो के लैब टेक्नीशियनों से पता किया तो उन्होंने जांच किट में आई एक लाइन को देखकर रिपोर्ट को नेगेटिव बताया लेकिन स्वास्थ्य केन्द्र के द्वारा जारी की गई पॉजिटिव रिपोर्ट से पीड़ित को परेशानियां झेलनी पड़ी।

## भए प्रकट कृपाला, दीन दयाला, यशोमत के हितकारी

**पायनियर समाचार सेवा।** फरीदाबाद





कोरोना महामारी में चार महीने बाद जन्माष्टमी पर शहर के मंदिरों में भगवान श्रीकृष्ण का जन्मोत्सव बड़े ही धूमधाम से मनाया गया। चारों तरफ भगवान श्रीकृष्ण के जयकारों से शहर गूंजने लगा। मंदिरों में नंद के आनंद भयो, जय यशोदा लाल की, गोविंद बोले हरि गोपाल बोलो के जयकारे गूंज रहे थे। लाखों श्रद्धालुओं ने व्रत रखा। रात 12 बजे तक मंदिर भजन-कीर्तन व बाल-गोपाल के जयकारों से गूंजते रहे। मंदिरों में इस बार परमिशन देर से मिलने के कारण राधा कृष्ण की एक-एक ही आकर्षक झांकियां बनाई गई। कान्हा के प्रकट होने के साथ भक्तों ने दर्शन कर अपना व्रत खोला। इस दौरान न केवल प्रशासन बल्कि मंदिर समितियों की ओर से भी सुरक्षा और कोरोना से बचाव के इंतजाम किए गए थे।

**झूले पर झूले राधा-कृष्ण**

तिकोना पार्क स्थित महारानी श्री वैष्णव देवी मंदिर, श्रीकाली मंदिर सेक्टर-22 स्थित वैष्णो देवी मंदिर, सिद्धदाता आश्रम, सैनिक कॉलोनी शिव मंदिर सहित सेक्टर-19 के श्रीरामा कृष्णा, इस्कान मंदिर, एनआईटी स्थित जगदंबा मंदिर, शिव मंदिर, एनएच-पांच स्थित श्री राधा सर्वेश्वर मंदिर ब्रिज धाम सिद्ध पीठ में अति सुंदर स्वर्ण झूला पर राधा कृष्ण को झुला झुलाया गया। वहीं बांके बिहारी मंदिर में देश के के मशहूर गायक ने भक्तों को अपने भजनों पर झुमने को मजबूर कर दिया। इस मौके पर कुछ जगह कान्हा के नाम का केक काटा गया।

## संदिग्ध व्यक्ति हथियार के साथ गिरफ्तार



**फरीदाबाद।** क्राइम ब्रांच सेंट्रल ने जिला हरदोई उत्तर प्रदेश निवासी दिनेश को अवैध हथियार सहित गिरफ्तार किया है। आरोपी फिलहाल किराए पर फरीदाबाद के बडोली गांव में रह रहा है। पुलिस प्रवक्ता एसीपी धारणा यादव ने जानकारी देते हुए बताया कि क्राइम ब्रांच सेंट्रल की टीम सेक्टर-7 बाईपास रोड पर पेट्रोलिंग कर रही थी। उपरोक्त आरोपी को क्राइम ब्रांच सेंट्रल की टीम ने संदिग्ध होने पर तलाशी ली तो आरोपी के कब्जे से एक देसी कट्टा और एक जिंदा कारतूस बरामद हुआ। आरोपी को मौके पर ही काबू कर आरोपी के खिलाफ थाना सेक्टर-7 में मामला दर्ज कराया गया है। पूछताछ पर आरोपी ने बताया कि आरोपी ने उत्तर प्रदेश से वापस लौटने पर बीपीटीपी एरिया में चोरी की एक वारदात को अंजाम दिया था। जिस संबंध में आरोपी के खिलाफ 7 अगस्त 2020 को चोरी का मामला दर्ज है। इस मामले में पुलिस ने आरोपी से 18 हजार रुपए, एक मोबाइल फोन, एक आर्टिफिशियल हार बरामद किया है।

## सीटू ने की मांग, हड़ताली आशा वर्कर्स की मांगों का तुरंत हो निपटारा

**फरीदाबाद।** सीटू हरियाणा की प्रदेश अध्यक्ष सुरेखा, महासचिव जयभगवान, उपाध्यक्ष सतबीर सिंह कोषाध्यक्ष विनोद कुमार ने कहा कि कोविड-19 के संक्रमण से आम जनता को बचाने के लिए आशा वर्कर्स स्वास्थ्य विभाग में बुनियादी भुमिका अदा कर रही है। संक्रमित मरीजो की पहचान करने में उनके परिवारजनों व सम्पर्क में आए लोगों को आइसोलेशन में रखवाने, अन्य तमाम तरह के कार्य आशा वर्कर्स कर रही हैं। टीकाकरण, संस्थागत डिलवरी करवाने, टीबी के मरीजों को दवा देने से लेकर चैकअप करवाने जैसे काम इस संक्रमण काल में भी आशाएं इमानदारी के साथ कर रही हैं। बड़ी संख्या में आशाएं स्वंय भी इसके चलते संक्रमित हो रही हैं। लेकिन सरकार का रूख वर्कर्स की मांगों को लेकर बेहद असंवेदन शील है।

## एनएसयूआई दिल्ली के प्रदर्शन में फरीदाबाद के छात्र हुए शामिल

**पायनियर समाचार सेवा।** फरीदाबाद




**एनएसयूआई** ने एमएचआरडी कार्यालय में विरोध मार्च निकाला और छात्र विरोधी नीतियों और छात्र चिंताओं के प्रति उदासीन रवैये के जवाब में घेराव किया। एनएसयूआई ने मांग की है कि सभी स्कूलों की 6 महीने की स्कूल फीस माफ और कोविड की स्थिति में आयोजित करने के लिए परिस्थितियां उपयुक्त होने तक सभी परीक्षाओं को स्थगित किया जाए। हम दुनिया भर में प्रति दिन अधिकतम मामलों की रिपोर्ट कर रहे हैं और अभी भी एमएचआरडी परीक्षा आयोजित करने पर जोर दे रहे हैं।

इसे रोकना होगा। विरोध मार्च का नेतृत्व राष्ट्रीय महासचिव नागेश करिअप्पा, अर्जुन छपराना, राष्ट्रीय समन्वयक,अविनाश यादव राष्ट्रीय सचिव और दिल्ली राज्य कमेटी के सचिव अंकित सिंह ने किया।

## आरटीआई में नहीं दिया कोविड-19 के खर्चे का ब्यौरा

### 58 लाख रुपये नेशनल हेल्थ मिशन के लिए केंद्र सरकार ने जारी किया

**पायनियर समाचार सेवा।** फरीदाबाद




**सूचना** के अधिकार के तहत आपदा प्रबंधन विभाग व हरियाणा के वित्त विभाग से केंद्र सरकार द्वारा जारी धनराशि के बारे में आरटीआई एक्टिविस्ट मोहन तिवारी ने एक अपील दायर की थी। जिसमें 9 बिन्दुओ पर सूचना मांगी थी। जिसके बारे में बताया गया है कि 25 मार्च 2020 को 7 करोड़ 11 लाख रुपये और 6 अप्रैल 2020 को 75 करोड़ 58 लाख रुपये नेशनल हेल्थ मिशन के लिए केंद्र सरकार द्वारा जारी किया गया। इसके अलावा यह भी बताया गया है कि कोविड 19 महामारी सहित राज्य आपदा प्रबंधन के मद में 3 अप्रैल को 245 करोड़, 50 लाख रुपये प्राप्त हुए। वित्त विभाग ने 20 अप्रैल 2020 को 75 करोड़ 8 लाख रुपये, 22 अप्रैल को 61 करोड़ 5 लाख रुपये नेशनल हेल्थ मिशन हरियाणा को निर्गत किया। इसके अतिरिक्त 30 जून 2020 को 3 सौ 4 करोड़ 23 लाख रुपये राजस्व एवम आपदा प्रबन्धन विभाग हरियाणा को जारी किया गया है।

एक अन्य सवाल के जवाब में बताया गया है कि हरियाणा सरकार द्वारा 14 जुलाई 2020 तक 8 सौ 99 करोड, 6 लाख रुपये कोविड 19 महामारी से निपटने के लिए विभिन्न विभागों को जारी किया गया है किन्तु आश्चर्य की बात है कि वित्त मंत्रालय ने स्पष्ट रूप से यह नहीं बताया है कि किस मद में कितनी रकम खर्च हुआ, मसलन तिवारी ने बिंदु संख्या-3 में पूछा था कि फरीदाबाद रेडक्रॉस सोसाइटी को फरीदाबाद जिले के लिए कब और कितनी रकम दी गयी, बिंदु संख्या 4 में खर्च का ब्यौरा मांगा गया है, साथ ही तिवारी ने अपने आवेदन पत्र में यह भी पूछा था कि रेडक्रॉस सोसाइटी द्वारा किन-किन स्वंय सेवी संस्थाओं को भोजन पैकेट वितरण के लिए कितनी रकम दी गयी, एक पैकेट का खर्च कितना हुआ और किन-किन क्षेत्रो में और कितने भोजन के पैकेट वितरण किये गये। किंतु वित्त मंत्रालय द्वारा इन प्रश्नों का जवाब न देने से ऐसा प्रतीत होता है कि कोविड 19 महामारी के लिए केंद्र द्वारा जारी करोड़ों रुपये के धन राशि का लाभ आम जनता को कम मिला और स्थानीय स्तर पर ब्यापक पैमाने पर गोल माल की जा रही है। तिवारी ने इस सम्बन्ध में संज्ञान लेकर विस्तृत व सघन रूप से उच्च स्तरीय जांच की जरूरत बताई है।

## सड़क पर उतर सीपी ने की लोगों से बातचीत

**पायनियर समाचार सेवा।** फरीदाबाद



कमिश्नर ओपी सिंह लोगों से मिलने सड़कों पर उतरे। कोतवाली थाना के अंतर्गत एफ ब्लॉक में बीट के तहत आमजन से रूबरू हुए। उन्होंने हाल ही में बीट सिस्टम को रिवाइज किया था। एफ ब्लॉक बीट मे करीब डेढ घंटा तक घरों में रह रहे लोगों से और दुकानदारों से हुए मुखातिब होकर उन्होंने उनकी समस्याएं जानी।

जानकारी के मुताबिक शहर में क्राइम कंट्रोल करने और लोगों में पुलिस के प्रति विश्वास जगाने के लिए पुलिस कमिश्नर खुद बुधवार को सड़कों पर उतरे हैं। उन्होंने कोतवाली थाना क्षेत्र के एफ ब्लाक में स्थित पार्क में लोगों से उस क्षेत्र के बीट इंचार्ज एएसई प्रदीप को मुखातिब कराते हुए बताया कि अब से कोई भी समस्या हो तो आप इनको पहले बताएं। पुलिस कमिश्नर ने बताया कि हर थाना क्षेत्र में हर बीट इंचार्ज को 250 परिवारों की जिम्मेदारी दी जाएगी। हर बीट इंचार्ज इन परिवारों का पूरा ब्योरा रखेगा और हर परिवार के मुखिया का नंबर भी उसके पास रहेगा। ऐसे में क्षेत्र में होने वाली हर गतिविधियों से वो अवगत रहेगा। इसके साथ ही बीट इंचार्ज अपने क्षेत्र में घर-घर जाकर अपना नंबर लोगों को बांटेगा जिससे कोई भी समस्या होने पर लोग उससे सीधा संपर्क करें।

## नेपाल का कारनामा

### बुद्ध की विरासत पर कब्जे का प्रयास

**चीन** ने भारत के पड़ोसियों को कर्ज के जाल में फंसाने के बाद अब उनको राजनीतिक रूप से हमारे खिलाफ खड़ा करने का प्रयास जारी रखा है। अब तक नेपाल, बांग्लादेश व श्रीलंका 'चीन के साथ व्यापार' व 'भारत के साथ ऐतिहासिक संबंधों' की रणनीति पर काम करते हुए इस प्रक्रिया में दोनों एशियाई महाशक्तियों से रियायतें प्राप्त करते थे। लेकिन ऐसा लगता है कि नेपाल भारत के साथ सभ्यतामूलक संबंधों व साझा इतिहास को तोड़ कर अपना स्वतंत्र स्थान बनाना चाहता है जो इस महाद्वीप के जन्म को देखते हुए असंभव लगता है। नेपाली प्रधानमंत्री के.पी. शर्मा ओली अब नेपाली मूल के साझा सांस्कृतिक प्रतीकों पर कब्जा कर उनकी विरासत पर बौद्धिक अधिकार करना चाहते हैं। पहले उन्होंने बिना किसी ऐतिहासिक प्रमाण के कहा कि भगवान राम ने नेपाल में अयोध्या नामक स्थान पर जन्म लिया था और अब वे बुद्ध के नेपाली होने का दावा कर रहे हैं। यह विवाद विदेश मंत्री एस. जयशंकर के सीआईआई में भाषण से शुरू हुआ जिसमें उन्होंने कहा था कि महात्मा गांधी और भगवान बुद्ध दो महान भारतीय थे। विभिन्न नेपाली नेताओं ने फौरन प्रतिक्रिया करते हुए इस बयान को आपत्तिजनक बताया जिनमें विपक्षी नेताओं व पूर्व प्रधानमंत्री माधव कुमार नेपाल शामिल हैं। आधिकारिक बयान में ऐतिहासिक व पुरातात्विक प्रमाणों पर जोर देते हुए सिद्ध किया गया था कि बुद्ध का जन्म नेपाल के लुम्बिनी में हुआ था। भारत ने भी विवाद समाप्त करने के लिए कहा कि बुद्ध के लुम्बिनी में जन्म लेने पर कोई संदेह नहीं है, पर बुद्ध की विरासत पर दोनों देशों का साझा है। भारत ने कभी बुद्ध पर सांस्कृतिक कब्जे का प्रयास नहीं किया और हमेशा पूरी दृढ़ता से उनका जन्म नेपाल में होना बताया है। इसी प्रकार नेपाल भी इस तथ्य से इनकार नहीं कर सकता है कि उन्होंने अपना अधिकांश जीवन भारत में बिताया था, बोधगया में बुद्धत्व प्राप्त किया था, सारनाथ में प्रमुख उपदेश दिए थे तथा कुशीनगर में परिनिर्वाण प्राप्त किया था। भगवान राम और भगवान बुद्ध को उनके भूगोल के बजाय दर्शन के आधार पर परिभाषित किया जाना चाहिए जिसे सारी दुनिया ने स्वीकार किया है।



हालांकि, भारत भगवान बुद्ध की कर्मभूमि थी और उन्होंने सच्चे धर्म के प्रचार हेतु लगभग पूरे भारत की यात्रा की थी, पर उनके अनुयाइयों ने इसे भारत की तुलना में दक्षिणपूर्व एशिया के अधिकांश देशों में ज्यादा जीवन्त बनाए रखा। क्या इसका अर्थ है कि वे उनके विशाल दृष्टिकोण पर दावा करने लगेंगे? इस प्रकार रवीन्द्रनाथ टैगोर भारत व बांग्लादेश दोनों के हैं। हिंदू देश तथा भारत से सटा होने के कारण नेपाल के साथ इतिहास, संस्कृति व जनता के बीच सबसे मजबूत साझा संबंध हैं। इसी कारण दोनों देशों के बीच सीमा खुली है। अब सांस्कृतिक बाधायें खड़ी करने से स्पष्ट है कि ओली भारत के साथ परस्पर निर्भरता के संबंध तोड़ कर चीन का मुहरा बनना चाहते हैं। चीन ने नेपाल में सांस्कृतिक राजनय भी तेज की है और वह वहां 2015 में भूकंप के दौरान टूटे मंदिर व तीर्थस्थलों के पुनर्निर्माण में सहायता कर रहा है। ओली ने भारत के खिलाफ मानचित्र युद्ध छेड़ कर लिपुलेख दर्रे पर भारतीय दावे को खारिज करने के लिए ब्रिटिश युग के मानचित्रों की अलग व्याख्या की है। यह इस तथ्य के बावजूद है कि इस दर्रे को भारत और चीन के बीच 1954 में हस्ताक्षरित संधि में भारत का प्रवेश द्वार माना गया है। चीन ने कैलाश मानसरोवर तीर्थयात्रियों को भेजने के नई दिल्ली द्वारा तैयार नई सड़क पर आपत्ति नहीं की थी और इस दर्रे से दोनों देशों के बीच व्यापार होता था। लेकिन नेपाल ने नया मानचित्र पेश कर विवाद पैदा किया। यदि नेपाल यही दृष्टिकोण अपनाना जारी रखता है तो इसका अर्थ होगा कि उस पर चीन का शिकंजा कस गया है। हालांकि, भारत द्विपक्षीय संबंधों को और मजबूत करते हुए कोविड-19 के खिलाफ संघर्ष में नेपाल की सहायता कर रहा है, पर वह चीन का मुकाबला नहीं कर सकता है जिसका नेपाल की एफडीआई में हिस्सा अब 90 प्रतिशत से अधिक हो गया है।

# दुनियाभर में युवा बेरोजगारी की समस्या

**अंतरराष्ट्रीय युवा दिवस का लक्ष्य हमारे नौजवानों की एक सबसे गंभीर समस्या को उजागर करना है। उनमें रोजगार, शिक्षा व कौशल से वंचित लोगों की संख्या बढ़ रही है।**



बलवंत मेहता सिमी मेहता अर्जुन कुमार




**हर** वर्ष 12 अगस्त को अंतरराष्ट्रीय युवा दिवस-आईवाईडी के रूप में मनाया जाता है ताकि वर्तमान दुनिया में नौजवानों की बढ़ती चुनौतियों व समस्याओं को उजागर किया जा सके। पहली बार 2000 में आईवाईडी का लक्ष्य नौजवानों को समाज के मामलों में सहभागी बनाने तथा उनका सकारात्मक योगदान प्राप्त करने पर लक्षित था। इस वर्ष आईवाईडी की थीम 'वैश्विक कार्रवाई में नौजवानों की सहभागिता' है। इसमें उन तरीकों पर जोर दिया गया है जिनसे नौजवान स्थानीय, राष्ट्रीय और वैश्विक स्तर पर राष्ट्रीय व बहुराष्ट्रीय संस्थानों व प्रक्रियाओं को समृद्ध बनाना तथा यह सबक सीखना है कि अपने प्रतिनिधित्व व सहभाग को औपचारिक संस्थागत राजनीति में कैसे शामिल किया जाए।

संयुक्त राष्ट्र जनसंख्या अनुमानों के अनुसार दुनिया भर में 15-29 वर्ष आयु वाले नौजवानों का हिस्सा 1.8 बिलियन है। दुनिया के कुल नौजवानों में हर पांचवां, यानी लगभग 20 प्रतिशत भारतीय है और उनकी संख्या 366 मिलियन है। इससे भारत में उनका महत्व स्पष्ट हो जाता है। नौजवानों के सामने अनेक समस्यायें हैं और उनमें सर्वाधिक गंभीर मुद्दा ऐसे नौजवानों की संख्या बढ़ना है जो रोजगार, शिक्षा और प्रशिक्षण से वंचित, संक्षेप में कहा जाए तो नीट हैं।

नीट नौजवानों को अनेक स्तर के सामाजिक व आर्थिक हाशियाकरण का सामना करना पड़ता है और उनके मुख्यधारा विकास में पीछे रह जाने की आशंका होती है। संरा. द्वारा 2015 में स्वीकृत टिकाऊ विकास लक्ष्यों-एसडीजी, 2030 में 8.6 के लिए खासतौर से एजेंडा बनाया गया है। इसमें अगले 15 वर्षों में नीट नौजवानों की संख्या में काफी कमी लाने का आह्वान है।

ग्लोबल इम्प्लायमेंट टेऊंड्स फार यूथ 2020 में बताया गया है कि सभी देशों की श्रमशक्ति में नौजवानों की सहभागिता लगातार घट रही है। नौजवानों की संख्या 1999 से 2019 के बीच एक बिलियन से बढ़ कर 1.3 बिलियन हो गई है, पर कार्यबल में शामिल नौजवानों की संख्या में कमी आई है और यह 568 मिलियन से घट कर 497 मिलियन रह गई है, फिर चाहे उनको रोजगार मिला हो या वे बेरोजगार हों। दुनिया भर में सर्वाधिक चिन्ता की बात यह है कि हर पांच में से एक नौजवान को वर्तमान समय में नीट के रूप में परिभाषित किया गया है। 15 से 24 वर्ष की आयु वाले ऐसे नौजवानों में 30 प्रतिशत लड़कियां व 13 प्रतिशत लड़के हैं। इसका अर्थ है कि 1.3 बिलियन नौजवानों में 267 मिलियन दुनिया भर में श्रम बाजार में न अनुभव प्राप्त कर रहे हैं, न उनको काम से आमदनी मिल रही है और वे शिक्षा व कौशल संवर्धन से भी वंचित हैं। इसका अर्थ है कि उनके श्रम का सही उपयोग नहीं हो रहा है।

वर्तमान समय में भारत में नौजवानों की संख्या दुनिया में सबसे अधिक है। भारत की राष्ट्रीय युवा नीति, 2014 में इनको 15-29 वर्ष आयुवर्ग का व्यक्ति माना गया है। 2011 के जनगणना आंकड़ों के अनुसार नौजवान देश में कुल जनसंख्या का 28 प्रतिशत हैं और भारत की राष्ट्रीय आय में उनका योगदान 34 प्रतिशत से अधिक है। नवीनतम अनुमानों के अनुसार भारत की कुल 1.3 बिलियन जनसंख्या में उनका हिस्सा 27 प्रतिशत है। हालांकि, एक बड़ा सकारात्मक घटनाक्रम सेकेंड्री व उच्च शिक्षा स्तर पर बढ़ता प्रवेश है जिसके परिणामस्वरूप बेहतर कौशल वाले कर्मचारी उपलब्ध हैं तथा दुनिया के अनेक देशों के शानदार रोजगार में उनका हिस्सा बढ़ा है।

2017-18 के पीरियाडिक लेबर फोर्स सर्वे-पीएलएफएस के अनुसार जनसंख्या के नौजवान तबके में बेरोजगारी की दरों में काफी वृद्धि हुई है। ज्यादा चिन्ताजनक स्थिति 15 से 29 आयुवर्ग के शिक्षित नोजवानों में बढ़ती बेरोजगारी है जो 2011-12 में 6.1 प्रतिशत से बढ़ कर 2017-18 में 17.8 प्रतिशत हो गई। खासकर तकनीकी डिग्रीधारकों की स्थिति सबसे ज्यादा खराब है जहां बेरोजगारी दर लगभग 37.3 प्रतिशत है जो परास्नातकों व उससे उच्च शिक्षा प्राप्त नौजवानों में 36.2 प्रतिशत, स्नातकों में 35.2 प्रतिशत तथा औपचारिक व्यावसायिक प्रशिक्षण प्राप्त नौजवानों में 33 प्रतिशत है। युवतियों में श्रम उत्पादकता सहभागिता तथा बेरोजगारी की स्थिति ज्यादा खराब है। महिलायें बड़ी संख्या में कार्यबल से बाहर हो रही हैं, पर जो वहां हैं उनमें भी पुरुषों की तुलना में बेरोजगारी अधिक है। यह बात अन्य शिक्षित व प्रशिक्षित महिलाओं के बारे में भी सही है और वर्तमान कोविड-19 वैश्विक महामारी के कारण और खराब हुई है।

कल्पना की जा सकती है कि भारत में 'उद्योग-प्रासांगिक' औपचारिक व्यावसायिक शिक्षा प्राप्त नौजवानों के लिए रोजगार के बेहतर अवसर होंगे। लेकिन 2017 में जनसंख्या के केवल 1.8 प्रतिशत हिस्से को ही औपचारिक व्यावसायिक या तकनीकी प्रशिक्षण मिला था। विकसित देशों में ऐसी शिक्षा पाने वाले नौजवानों का प्रतिशत 50-80 प्रतिशत होता है। 2017-18 में औपचारिक प्रशिक्षण प्राप्त नौजवानों का लगभग 33 प्रतिशत हिस्सा बेरोजगार था। लगभग एक तिहाई प्रशिक्षित युवक व एक तिहाई से अधिक प्रशिक्षित युवतियां बेरोजगार थीं। हालांकि, ऐसे प्रशिक्षण से वंचित नौजवानों का 62.3 प्रतिशत हिस्सा कार्यबल से बाहर था।

नीट की बढ़ती संख्या भी चिन्ता का विषय है जो 2004-05 में 70 मिलियन से बढ़ कर 2017-18 में 116 मिलियन हो गई है। सरकार ने स्थिति से निपटने के लिए 'स्किल इंडिया' मिशन शुरू किया है। इसमें कौशल प्रशिक्षण व बेरोजगारी के बीच खाई पाटने के अनेक प्रयास शामिल हैं। इस अभियान में प्रधानमंत्री कौशल विकास योजना-पीएमकेकेवाई तथा राष्ट्रीय अप्रेटिंसशिप प्रमोशन योजना शामिल हैं। पीएमकेकेवाई में मुफ्त प्रशिक्षण की व्यवस्था है, लेकिन औपचारिक प्रशिक्षण पाने वाले अनेक नौजवानों को फीस देनी पड़ी है। पीएलएफएस 2017-18 आंकड़ों के अनुसार केवल 16 प्रतिशत नौजवानों को सरकारी औपचारिक प्रशिक्षण योजनाओं का लाभ मिला है। हालांकि, लगभग 73 प्रतिशत नौजवानों ने पूरा प्रशिक्षण प्राप्त किया। आधे नौजवानों का प्रशिक्षण काल एक साल से अधिक था तथा लगभग 30 प्रतिशत को दो साल का प्रशिक्षण मिला।

2016 में शारदा प्रसाद के नेतृत्व में गठित समिति ने सेक्टर स्किल परिषदों-एसएससी को मजबूत करने का सुझाव दिया था। समिति ने बताया था कि कार्यक्रम के लिए आबंटित धन की उपयुक्त निगरानी होनी चाहिए। कुल मिला कर देश के अधिकांश नौजवान अब भी औपचारिक प्रशिक्षण के दायरे से बाहर हैं और उनमें से अनेक ने महीनों व्यावसायिक प्रशिक्षण पाने के लिए अपना पैसा खर्च किया। लेकिन इसके बावजूद उनमें से कुछ बेरोजगार हैं। पीएमकेकेवाई के लिए बाद में बजटीय आबंटन में कटौती से स्पष्ट है कि सरकार इसके क्रियान्वयन से संतुष्ट नहीं थी।

अनेक अर्थशास्त्रियों व शोधकर्ताओं का सुझाव है कि यदि नौजवान समुचित रूप से कुशल हों और उनको श्रम बाजार में समाहित किया जाए तो वे देश की आर्थिक प्रगति में काफी बड़ा योगदान कर सकते हैं। अगले दो दशकों में भारत में नौजवानों की संख्या निश्चित रूप से बढ़ेगी। यह विशाल मानव संसाधन क्षमता के साथ एक बड़ी चुनौती भी है। बेरोजगारों की संख्या में वृद्धि से उच्च शिक्षा, कौशल विकास, जनसंख्या लाभांश व भारत के भविष्य पर अनेक सवाल उठते हैं। रोजगारों की गुणवत्ता, बेहतर कार्यस्थल, पदोन्नति, वेतन, आकांक्षाओं, सीमित रोजगारों के कारण बढ़ती प्रतियोगिता, रोजगारों की ठेका प्रकृति, मानसिक स्वास्थ्य, उद्यमिता के अवसर तथा नौजवानों में खोज की भावना पैदा करने जैसी कुछ अन्य समस्यायें भी हैं। कोविड-19 वैश्विक महामारी के समय में देश 'न्यू इंडिया' व 'आत्मनिर्भर भारत' का दृष्टिकोण विकसित कर रहा है।

ऐसे में हमें देश की युवा जनसंख्या में आत्मविश्वास को मजबूत करते हुए उनकी महत्वाकांक्षाओं को बल प्रदान करना चाहिए।

# समग्र राष्ट्रीय जल कानून की आवश्यकता

> भारत को एक समग्र राष्ट्रीय जल अधिनियम की आवश्यकता है जिसमें देश में जल संबंधी मुद्दों के समाधान के लिए नियमों व सिद्धांतों का संग्रह होना चाहिए।


**रत्नेश कुशवाहा**

(लेखक पटना उच्च न्यायालय में अधिवक्ता हैं)



**जल** एक अद्वितीय पदार्थ है क्योंकि यह धरती पर मौजूद उन चंद चीजों में से एक है जो नैसर्गिक रूप से ठोस, तरल और गैस के रूप में अस्तित्वमान है। हमारे ग्रह पर अनुमानत: एक अरब घन किलोमीटर जल विद्यमान है जो धरती की सतह के लगभग तीन चौथाई हिस्से में फैला हुआ है। यद्यपि यह मात्रा बहुत ज्यादा प्रतीत होती है, मगर इसका एक प्रतिशत से भी कम हिस्सा ताजा और प्रयोग करने योग्य है और वह झीलों, तालाबों, नदियों एवं भूजल में पाया जाता है। यद्यपि ग्रह पर जल के बगैर जीवन का अस्तित्व संभव नहीं होता, धरती की सतह पर विद्यमान लगभग 97 प्रतिशत जल लवणीय महासागरों में है और विलवणीकरण के बगैर यह पीने के लिए उपयुक्त नहीं है। अत:, यहीं पर पृथ्वी का ताजा जल भूमंडल पर फैला हुआ है : ताजे जल का 70 प्रतिशत बर्फीली चोटियों में निहित है, एक प्रतिशत से भी कम ताजा जल पहुंच के योग्य है, ब्राजील, रूस, कनाडा, इंडोनेशिया, चीन और कोलंबिया में विश्व का 50 प्रतिशत ताजे जल के भंडार मौजूद हैं। दुखद रूप से, विश्व की जनसंख्या का लगभग एक तिहाई हिस्सा जलाभाव से पीड़ित देशों में पाया जाता है, जिसे देश में जल उपभोग एवं जल की उपलब्धता के अनुपात के तौर पर परिभाषित किया जाता है। मध्यम तथा उच्च अभाव वाले देश उनकी उपलब्ध आपूर्ति के 20 प्रतिशत से अधिक का उपभोग करते हैं।

भारत में विश्व की लगभग 17 प्रतिशत जनसंख्या निवास करती है और यहां पर कुल जल भंडारों का मात्र 4 प्रतिशत उपलब्ध है। हमारे देश में, वार्षिक वर्षा का 50 प्रतिशत लगभग एक महीने में आ जाता है, जिससे हमारी सीमित जल संभरण क्षमता के चलते उपयुक्त उपयोग नहीं हो पाता है। हम कुल वर्षा का केवल 36 प्रतिशत उपयोग करते हैं जो भंडारित किए गए जल के लगभग 252 अरब घन मीटर में रूपांतरित होता है जबकि कुल वर्षा की मात्रा लगभग 690 घन मीटर है। भारत अभी भी जल प्रदूषण, जल शुद्धता एवं संग्रहणीय जल की बिगड़ती स्थिति जैसे मुद्दों से जूझ रहा है। ये सब कारक आने वाले वर्षों में अभाव की स्थिति पैदा कर सकते हैं। वो भी, हमारे देश के अधिकतर हिस्सों में। इसके बावजूद, भारत में जल संबंधी कानून अधिकतर राज्यों का विषय बने हुए हैं। ये विविध प्रकार



के औपचारिक एवं अनौपचारिक कानूनों, विविध नियमों एवं सिद्धांतों के अनुरूप बनाए गए हैं जो संकीर्ण एवं कामचलाऊ तरीके से बीते वर्षों के दौरान विकसित हुए हैं। भारतीय संविधान ने राज्यों को इस क्षेत्र में विधायन करने के लिए अधिकृत किया है। इसलिए, उनके पास सिंचाई, नहरों, जल प्रबंधन, तटबंधों आदि से संबंधित नियम एवं दिशा निर्देश निर्धारित करने की शक्तियां हैं।

यद्यपि भारतीय संसद ने 1974 में जल अधिनियम को अपनाया था लेकिन अधिनियम का ध्येय जल प्रदूषण की रोकथाम एवं नियंत्रण तथा जल की समग्र देखभाल एवं पुनरुर्स्थापना को लेकर अपर्याप्त था। इसका अर्थ है कि उसे प्रदूषण स्तर मापने एवं प्रदूषण फैलाने वालों को दंडित करने के लिए बनाया गया था। वर्तमान स्थिति में, जहां भारत में प्रदूषण तीव्र गति से बढ़ रहा है और जल संसाधन सीमित हैं, विविध चुनौतियां उभर रही हैं, यथा, भूजल का अंधाधुंध दोहन, जल स्त्रोतों का अतिक्रमण और जल प्रदूषण। मृतप्राय नदियों को पुनर्जीवित करने, नदियों को जोड़ने, नदी, नहरों व अन्य जल धाराओं के निकट स्थित इलाकों के अधिकार एवं दो देशों में बहने वाले जल संसाधनों को साझा करने को लेकर पड़ोसी देशों के साथ मोल-भाव किए जाने जैसे विविध मुद्दे विद्यमान हैं। इन चुनौतियों के अलावा, यदि हम विकास के परिप्रेक्ष्य में जल संसाधनों का विश्लेषण करते हैं, तो देश में आंतरिक जलमार्गों, नदियों को परस्पर जोड़ने एवं बेहतर सिंचाई योजनाओं के लिए जल प्रबंधन अथवा मत्स्य एवं मखाना गुच्छों को विकसित करने जल आधारित आर्थिक परियोजनाओं को बढ़ावा देने, जैसे क्षेत्रों में बहुत कुछ करने की आवश्यकता है।

भारत में जल से संबंधित वर्तमान कानूनी ढांचे के साथ मानवाधिकारों के आयाम जुड़े हुए हैं। संपूर्ण परिदृश्य यह है कि जल के क्षेत्र में बहुत से सिद्धांत और नियम विद्यमान हैं तथा संपूर्ण व्यवस्था का अभाव है। यह अधिकतर औपनिवेशिक शासन की विरासत है, जो सिंचाई कार्यों पर अधिक ध्यान केंद्रित करता था। इसके परिणामस्वरूप, भारत में प्रयुक्त होने वाले जल संबंधी कानूनों के मूलभूत सिद्धांत इन सिंचाई कानूनों से लिए गए हैं, जैसे कि उत्तर भारत नहर एवं जल निकासी कानून, 1873। उसके पश्चात, मध्य प्रदेश सिंचाई अधिनियम, 1931, जल विनियमन कानून, 1941 तथा सबसे नया बिहार सिंचाई अधिनियम, 1997 जैसे कानून अस्तित्व में आए, जिनमें यह व्यवस्था दी गई है कि सतह के जल पर सभी अधिकार राज्य सरकारों के पास होंगे। एक रुझान जिसका पालन और उल्लेख भी किया जाना चाहिए वह है सभी हिस्सेदारों को विश्वास में लेकर राष्ट्रीय जल कानूनों का औपचारिकीकरण किया जाना। इससे अंतत: सहजता एवं सर्वसम्मति से अस्तित्वमान स्थानीय कानूनों को हटाया जाना चाहिए, जल संसाधन का प्रत्येक हिस्सा एवं उसे संघटकों को समाहित किया जाना चाहिए तथा जल संबंधी मुद्दों का समग्रता से समाधान किया जाना चाहिए।

कोई भी कानून राष्ट्र अथवा राज्य की सत्ता के अधीन प्रस्तावित नियमों का संग्रह होता है जिससे कि जल संसाधनों के उचित उपयोग एवं संरक्षण को सुनिश्चित किया जा सके। भारत को एक समग्र राष्ट्रीय जल कानून की आवश्यकता है जिसमें देश के समक्ष विद्यमान तथा निकट भविष्य में सामने आने वाले जल संबंधी मुद्दों के समाधान के लिए नियमों व सिद्धांतों का संग्रह होना चाहिए।

## आप की बात

### यूपीएससी और हिंदी

**यूपीएससी** परीक्षा भारत की सबसे कठिन परीक्षाओं में से एक है। स्वाभाविक है कि आयोग परीक्षा के लिए कई तरह की तैयारियाँ करती हो, लेकिन हिंदी के प्रति ओच्छी नजरिये से बार - बार परिणाम के पीछे हिंदी छात्रों की भविष्य लटकी मिलती है। आज आयोग यूपीएससी परीक्षा के सवालों में ऐसे शब्दों का चयन करते हैं जो खुद हिंदी माध्यम के छात्रों के भी समझ से परे है। जैसे सर्जिकल स्ट्राइक के स्थान पर शल्यक प्रहार, डिजिटलीकरण के स्थान पर अंगीकृत आदि। खैर, ये तो कुछ नहीं यूपीएससी के अनुवादक द्वारा अंग्रेजी के एक ही शब्द के बदले हिंदी के कई शब्दों का प्रयोग अलग-अलग शब्दों में अलग-अलग स्थान पर किया जाता है। अभ्यार्थी को प्रतिवर्ष आयोग के ऐसे ही अजीबोगरीब तीर को झेलना पड़ता है, जिससे ना केवल हिंदी भाषी बल्कि गैर हिंदी भाषी भी चारों खाने चित हो जाते हैं। वर्ष 2011 से पूर्व हिंदी भाषा से सिविल सेवा के प्रारंभिक परीक्षा में सफल अभ्यार्थी 40 प्रतिशत से भी अधिक थे, वहीं अब मुश्किल से 3.4 प्रतिशत ही हैं। अर्थात अंग्रेजी भाषा से सफल होने वाले बच्चों की प्रतिशत लगभग 97 प्रतिशत के आस पास है। इससे आयोग की हिंदी के प्रति उदासीनता स्पष्ट दिखती है।

– **मंकेश्वर महाराज**, मधेपुरा

### भगवान का अद्भुत अवतार

**भगवान** श्री कृष्ण का अवतार बहुत ही अद्भुत है। महाभारत के युद्ध को टालने का उन्होंने भरसक प्रयत्न किया। किंतु जब बात नहीं बनी तो उन्होंने महाभारत रूपी धर्म युद्ध का समर्थन किया और पांडवों के पक्ष में खड़े होकर धर्म, नीति, न्याय और सत्य का साथ दिया। अर्जुन ने जब युद्ध से किनारा करना चाहा तो गीता के अलौकिक ज्ञान से उसका पथ प्रदर्शन किया। कर्मयोग, ज्ञानयोग, भक्तियोग एवं समत्व योग का सुंदर उपदेश पूरे संसार को कृष्ण ने ही दिया है। यथार्थ में गीता के द्वारा श्री कृष्ण जीवन जीने की कला से हमें परिचित करवाते हैं। कर्मयोग का आश्रय लेकर मानव कार्य करते हुए भी कर्मों से निर्लिप्त रह सकता है। ज्ञान योग हमें आत्मा सो परमात्मा, के सहज सिद्धांत से अवगत करवाता है। भक्ति योग के द्वारा परमात्म तत्व का सात्विक रस ईश्वर की अनुभूति करवा सकता है। सुखद एवं दुखद दोनों परिस्थितियों में ना तो हर्ष का अतिरेक हो और नहीं विषाद में डूब कर उदासीनता का भाव हमारे मन मस्तिष्क पर हावी हो, यही समत्व योग का मूल संदेश है। श्रीकृष्ण ने अपनी बाल लीलाओं के माध्यम से बचपन की मस्ती, सहजता, वाक चातुर्य और आनंद को भी अभिव्यक्ति प्रदान की है।

– **ललित महलकारी,** इंदौर

### भाजपा की पल्ला झाड़ो राजनीति

**चाहे** मध्य प्रदेश में राजनीतिक उथल-पुथल हो या राजस्थान या अन्य किसी राज्यों में जब भी कुर्सी के लिए धींगा-मुस्ती होती है तो भाजपा पल्ला झाड़ लेती है कि यह कांग्रेस का अंदरूनी मामला है। इसमें भाजपा का कोई लेना देना या भूमिका / हस्तक्षेप नहीं है। अब जब सचिन पायलट एंड कंपनी पुन: घर वापसी के लिए तैयार हुए तो भाजपा कब तक बकरे की मां खैर मनाएगी की तर्ज पर कह रही है कि राजस्थान में कांग्रेस आखिर कब तक सरकार बचाएगी! क्या यह भाजपा का कथनी के विपरीत आचरण नहीं है ! एक तरफ कांग्रेस का अंदरूनी मामला बता कर स्वयं को लोकतंत्र हितैषी बताती है, दूसरी तरफ इस प्रकार की प्रतिक्रिया क्या दर्शाती है! यानी पर्दे के पीछे जो भी खेल होता है वह भाजपा ही रचती है,जो किसी के घरेलू मामले की कमजोर कड़ी को ढूंढ कर आग लगाने का काम करती है। अपने आप को भाजपा आदर्श व राष्ट्रवादी पार्टी कहने से नहीं आघाती हैं, जिसको शोभा नहीं देते है ऐसे दोयम दर्जे के लोकतंत्र विरोधी कार्य!

– **हेमा हरि उपाध्याय**, उज्जैन

**पाठक अपनी प्रतिक्रिया ई-मेल से**
**responsemail.hindipioneer@gmail.com**
**पर भी भेज सकते हैं।**

## फरमाया




**मेरा** मानना है कि सार्वजनिक विमर्शों में वार्ता, शिष्टता और मर्यादा की रेखा होनी चाहिए और अपने 20 वर्ष के राजनीतिक जीवन में मैंने उसे कभी पार नहीं किया।

– **सचिन पायलट**
कांग्रेस नेता

**मैं** चुनाव बाद जी-7 बैठक करने का अधिक इच्छुक हूं। उसके पश्चात हम उसे वीडियो कांफ्रेंसिंग अथवा बैठक के माध्यम ये आयोजित कर सकते हैं।

– **डोनाल्ड ट्रंप**
अमेरिकी राष्ट्रपति





**मैंने** पिछले वर्ष अंतरिम अध्यक्ष के तौर पर सोनिया जी के चयन का स्वागत किया था लेकिन उनसे अनंतकाल तक यह बोझ उठाने की अपेक्षा करना न्यायसंगत नहीं होगा।

– **शशि थरूर**
कांग्रेस नेता

विधायक से मारपीट की घटना का सीएम ने लिया संज्ञान

# एएसपी का तबादला, एसओ निलंबित

**बीजेपी विधायक राजकुमार सहयोगी का आरोप है कि गौंडा थाने में एसओ सहित तीन दारोगा ने उन पर हमला बोल दिया और कपड़े भी फाड़ दिए। वहीं एसओ का कहना है कि विधायक ने ही सबसे पहले हाथ उठाया था।**



पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**मुख्यमंत्री** योगी आदित्यनाथ ने जनपद अलीगढ़ में भाजपा विधायक राजकुमार सहयोगी के साथ गौंडा थाने में हुई मारपीट की घटना का संज्ञान लेते हुए पुलिस महानिदेशक को इस सम्बन्ध में प्रभावी कार्रवाई करने के निर्देश दिए। इसके बाद अलीगढ़ के अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण अतुल शर्मा को तत्काल जिले से स्थानांतरित करने के साथ ही स्थानीय थानाध्यक्ष अनुज सैनी को निलंबित कर दिया गया है। डीजीपी ने आईजी जोन अलीगढ़ को इस प्रकरण के सम्बन्ध में बृहस्पतिवार तक अपनी विस्तृत आख्या उपलब्ध कराने के निर्देश दिए हैं ।

अलीगढ़ में बीजेपी विधायक राजकुमार सहयोगी और थानाध्यक्ष अनुज सैनी के बीच बुधवार को मारपीट हो गई थी। बीजेपी विधायक राजकुमार सहयोगी का आरोप है कि गौंडा थाने में एसओ सहित तीन दारोगा ने उन पर हमला बोल दिया और कपड़े भी फाड़ दिए। वहीं एसओ का कहना है कि विधायक ने ही सबसे पहले हाथ उठाया था। बताया जा रहा है कि बीजेपी विधायक राजकुमार सहयोगी पार्टी कार्यकर्ता के साथ बीते दिनों हुए झगड़े के मामले में थाने में बातचीत करने पहुंचे थे।

## जवान शहीद, मुख्यमंत्री ने जताया दुख परिजनों को आर्थिक सहायता की घोषणा

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**मुख्यमंत्री** योगी आदित्यनाथ ने जम्मू-कश्मीर के पुलवामा में आतंकवादियों से मुठभेड़ में सेना के शहीद जवान जौनपुर निवासी जिलाजीत यादव के शौर्य और वीरता को नमन करते हुए उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि दी है। उन्होंने शहीद के परिजनों को 50 लाख रुपये की आर्थिक सहायता भी प्रदान करने की घोषणा की है। उन्होंने परिवार के एक सदस्य को सरकारी नौकरी देने तथा जनपद की एक सड़क का नामकरण शहीद के नाम पर करने की भी घोषणा की है। सीएम ने कहा है कि राष्ट्र की रक्षा के लिए अपने प्राण न्यौछावर करने वाले शहीद के सर्वोच्च बलिदान को सदैव याद रखा जाएगा। उन्होंने शहीद के परिजनों के प्रति अपनी संवेदना व्यक्त करते हुए कहा कि शोक की इस घड़ी में राज्य सरकार उनके साथ है। शहीद के परिवार को हर संभव मदद प्रदान की जायेगी।

# डिप्टी सीएम व ऊर्जा मंत्री समेत 16 मंत्रियों की बिजली कटी

● सरकारी बंगलों में लगे हैं स्मार्ट मीटर

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**उप्र** में लगे स्मार्ट मीटर का हाल यह है कि डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य व ऊर्जा मंत्री श्रीकांत शर्मा सहित 16 मंत्रियों के सरकारी बंगले की बिजली आटोमैटिक कट गई। इसके बाद विभाग में हड़कंप मच गया कि आखिर बिजली गुल क्यों हो गई। मामले की जानकारी होने पर श्रीकान्त शर्मा ने यूपीपीसीएल अध्यक्ष अरविंद कुमार को जांच के निर्देश दिए हैं। साथ ही इस गलती के लिए जिम्मेदार अधिकारियों पर कार्रवाई के लिए भी कहा है। भविष्य में इस तरह की गलतियां न हों इसके लिए भी जरूरी कार्रवाई के लिए कहा है। यहां पर सभी प्री पेड मीटर लगे थे।

लखनऊ सहित पूरे प्रदेश में जिन घरों में स्मार्ट मीटर लगा है, आज शाम से उनके यहां कनेक्शन ऑटोमेटिक कट गए। हालांकि इस




दौरान काफी ऐसे उपभोक्ताओं के यहां भी बिजली का कनेक्शन कट गया है, जिन्होंने पूरे बिल जमा कर दिए हैं। इससे नाराज होकर लोग उपकेंद्र पर पहुंचे और हंगामा किया।

बिजली महकमे के स्मार्ट मीटरों ने बुधवार को उपभोक्ताओं को रुला दिया। शाम पांच बजे स्मार्ट मीटर वाले प्रदेश के लाखों उपभोक्ताओं के घरों की बत्ती गुल हो गई। जगह-जगह लोगों ने प्रदर्शन किया। डेढ़ दर्जन से अधिक मंत्रियों के सरकारी आवास, अस्पताल, अपार्टमेंट, वाणिज्यिक प्रतिष्ठान भी इस समस्या की जद में रहे। सूचना के बाद शक्ति भवन स्थित यूपीपीसीएल मुख्यालय में हड़कंप मच गया। मंत्री श्रीकांत शर्मा व यूपीपीसीएल चेयरमैन अरविंद कुमार इस दिक्कत को दूर कराने में देर शाम तक जुटे हुए थे। शाम पांच बजे शक्ति भवन स्थित कमांड सेंटर के साफ्टवेयर में आई तकनीकी खराबी के कारण लखनऊ के साथ ही आगरा, मथुरा, मेरठ, गोरखपुर, वाराणसी, गाजियाबाद, नोएडा आदि शहरों में स्मार्ट मीटर वाले कनेक्शन की बत्ती गुल हुई। मीटरों तक बिजली पहुंच रही थी लेकिन उससे आगे बिजली की सप्लाई नहीं थी। श्री कृष्ण जन्माष्टमी के दिन हजारों की संख्या में उपभोक्ताओं के घर पर लगे स्मार्ट मीटर अचानक बंद हो जाने से उपभोक्ताओं की बिजली आपूर्ति ठप हो गई और प्रदेश भर में विद्युत उपकेंद्र पर उपभोक्ताओं की भारी भीड़ एकत्र हो गई जिसे संभालने में विद्युत अभियंताओं और कर्मचारियों को भारी कठिनाई का सामना करना पड़ा। इतने बड़े पैमाने पर हुई बिजली ट्रिपिंग के लिए स्मार्ट मीटरिंग का काम देखने वाली निजी कंपनी को जिम्मेदार ठहराते हुए उप्र राज्य विद्युत परिषद अभियंता संघ ने सारे मामले की उच्च स्तरीय निष्पक्ष तकनीकी जांच कराने की मांग की है। उत्तर प्रदेश राज्य विद्युत परिषद अभियन्ता संघ के अध्यक्ष वीपी सिंह एवं महासचिव प्रभात सिंह ने बताया की जीनस कंपनी के 90 प्रतिशत से अधिक स्मार्ट मीटर आज सॉफ्टवेयर की तकनीकी गड़बड़ी के चलते अचानक ठप हो गए। स्मार्ट मीटर के सरवर की देखरेख का काम निजी कंपनी एलएन्डटी और ईईएसएल के पास है। उन्होंने बताया कि पावर कारपोरेशन के अभियंताओं के पास ट्रिपिंग हो जाने के बाद जोड़ने का अधिकार नहीं है ऐसे में ट्रिपिंग का और उसके बाद आपूर्ति बहाल ना होने की सारी जिम्मेदारी निजी कंपनियों की है। उन्होंने कहा की निजीकरण से उपभोक्ताओं को होने वाली परेशानियों की यह एक छोटी झांकी है। उन्होंने सारे प्रकरण की उच्च स्तरीय तकनीकी जांच कराने एवं निजी कंपनियों के करार रद्द करने की मांग की है।

## सूबे में कोरोना के 4583 नए मरीज मिले

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**सूबे** में कोरोना वायरस की चेन टूटने का नाम नहीं ले रही है। बुधवार को 4583 नए मरीज पाए गए हैं। जबकि 49347 केस एक्टिव बताए गए हैं। वही अभी तक प्रदेश में 2230 मरीजों की मौत हो चुकी है। विभाग के मुताबिक अभी तक प्रदेश में 134008 केस कोरोना के मिल चुके हैं। आज 4073 मरीजों को डिस्चार्ज किया गया। अभी तक सूबे में 84661 संक्रमित मरीज ठीक किये जा चुके हैं। स्वास्थ्य विभाग के मुताबिक आज लखनऊ में 475, कानपुर में 223, नोएडा में 84, गाजियाबाद में 100, वाराणसी में 166, प्रयागराज में 227, बरेली में 183, गोरखपुर में 224, झांसी में 77, जौनपुर में 44, मेरठ में 54, मुरादाबाद में 100, बलिया में 48, अलीगढ़ में 63, आगरा में 18, देवरिया में 83, आजमगढ़ में 92, सहारनपुर में 106, बाराबंकी में 50, गाजीपुर में 38, अयोध्या में 66, शाहजहांपुर में 35, बस्ती में 306, रामपुर में 19, बुलंदशहर में 46, हरदोई में 42, कुशीनगर में 106, संत कबीर नगर में 24, हापुड़ में 23, सुल्तानपुर में 64, सिद्धार्थनगर में 87, महाराजगंज में 66, पीलीभीत में 66, गोंडा में 72, चंदौली में 22, मथुरा में 35, उन्नाव में 64 , कन्नौज में 19, संभल में 20, बहराइच में 47, मुजफ्फरनगर में 47, मिर्जापुर में 16, इटावा में 30, सोनभद्र में 62, मैनपुरी में 32, बिजनौर में 34, सीतापुर में 62, अमरोहा में 33, फिरोजाबाद में 23, प्रतापगढ़ में 59, लखीमपुर खीरी में 45, रायबरेली में 31, मऊ में 72, जालौन में 16, फतेहपुर में 24, भदोही में 7, फर्रुखाबाद में 24, बागपत में 13, बदायूं में 27, अमेठी में 14, औरैया में 13, शामली में 16, ललितपुर में 35, कासगंज में 13, कौशांबी में 4, कानपुर देहात में 17, बलरामपुर में 20, अंबेडकरनगर में 10, हमीरपुर में 11, बांदा में 20, हाथरस में 3, महोबा में 12, चित्रकूट में 5, श्रावस्ती में 19 कोरोना वायरस के संक्रमित मरीज पाए गए।

## यूपी प्रवासी भारतीय रत्न पुरस्कार के लिए बैठक कल, सीएम तय करेंगे नाम

**लखनऊ।** यूपी प्रवासी भारतीय रत्न पुरस्कार 2020 के लिए आठ एनआरआरई के नाम की चयन प्रक्रिया शुरू हो गई है। अगले एक-दो दिनों में नाम भी चयन कर लिया जाएगा। इसके लिए अब तक विभिन्न क्षेत्रों में अपनी विशिष्ट पहचान बनाने के लिए 24 लोगों के नाम छांटे गए हैं। इसके लिए चयन समिति की बैठक 14 अगस्त को लखनऊ में होगी। इस संबंध में एनआरआई विभाग के अपर मुख्य सचिव आलोक कुमार ने चयन समिति के सदस्यों से इस बैठक में आनलाइन शामिल होने को कहा है। चयन समिति द्वारा तय नामों को विशेष समारोह में पुरस्कृत किया जाता है। एनआरआई विभाग के अनुसार विज्ञान क्षेत्र से चार, प्रौद्योगिकी से तीन, संस्कृति से दो, शिक्षा से चार जनसेवा से तीन वाणिज्य से दो व अन्य विधा से तीन लोग इस पुरस्कार के लिए तय किए गए हैं। अंतिम 8 की सूची चयन समिति तय करेगी। यह सभी एनआरआई यूपी के विभिन्न शहरों के रहने वाले हैं।

## कोरोना से निपटने के लिए सरकार के पास कोई नीति नहीं: अखिलेश



● चिकित्सालयों द्वारा सरकार के निर्देशों की अवहेलना की जा रही है

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**समाजवादी** पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कहा है कि प्रदेश में कोरोना संक्रमण तेजी से बढ़ रहा है, खासतौर पर लखनऊ की हालत चिंताजनक बनी हुई है। इस महामारी से निपटने के लिए राज्य सरकार कोई नीति नहीं बना सकी है। चिकित्सालयों द्वारा सरकार के निर्देशों की अवहेलना की जा रही है। जिस वजह से बड़ी संख्या में संक्रमित रोगियों को चिकित्सा सुविधाओं का लाभ नहीं मिल पा रहा है।

लखनऊ में सबसे अधिक सक्रिय केस हैं लेकिन अस्पतालों में बेड सीमित संख्या में ही है। एसजीपीजीआई, केजीएमयू और राम मनोहर लोहिया अस्पताल के पास काफी बेड हैं लेकिन कोरोना मरीजों के लिए चंद बेड ही आरक्षित किये गये हैं। एसजीपीजीआई, केजीएमयू और राम मनोहर लोहिया अस्पताल की बेड क्षमता का पूरा उपयोग नहीं हो रहा है। अखिलेश ने कहा कि अब तक प्रदेश में कुल संक्रमित 1,31,935 मरीज मिल चुके हैं। इनमें 2176 संक्रमितों की मौत हो चुकी है। कोरोना मरीजों के मामले में कुल 22 देश हैं, जहां उत्तर प्रदेश से ज्यादा संक्रमित हैं। इसकी चपेट में मंत्री, विधायक, अधिकारी सभी आ रहे हैं। राजधानी में एक वर्ष की मासूम बच्ची भी अपनी जान गंवा बैठी। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री कई बार अस्पतालों में बेड बढ़ाने का निर्देश दे चुके हैं, लेकिन अधिकारी अनसुना कर रहे हैं।

## प्रियंका ने बिजली दर घटाने की मांग को जायज ठहराया



पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**कांग्रेस** महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा ने उत्तर प्रदेश राज्य विद्युत उपभोक्ता परिषद की तरफ से राज्य सरकार से किसानों तथा आम नागरिकों के हितों के मद्देनजर बिजली दर कम करने की मांग को सही ठहराया है। प्रियंका गांधी ने बुधवार को ट्वीट कर कहा कि जनता कहती है, उत्तर प्रदेश में बिजली की दरें कम्पनियों के फायदे के लिए बढ़ाई गई हैं। उत्तर प्रदेश राज्य विद्युत उपभोक्ता परिषद की तरफ से घरेलू फिक्स्ड चार्ज तथा कमर्शियल न्यूनतम चार्ज खत्म करने और किसानों के लिए बिजली दरों में कमी किए जाने की मांग एकदम जायज है। राज्य सरकार को इस पर विचार करना चाहिए।

## ट्रांसफार्मरों की गुणवत्ता की होगी जांच

● बार-बार फुंकने की शिकायतों के बाद पावर कारपोरेशन ने उठाया कदम

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**बढ़ती** उमस और गर्मी को देखते हुए लगातार फुंक रहे ट्रांसफार्मर की गुणवत्ता जांच पावर कारपोरेशन कराएगा। चारों मंडलों में ट्रांसफार्मर फुंकने व समय से न बदलने की शिकायतों पर ऊर्जा मंत्री श्रीकांत शर्मा के निर्देश के बाद पावर कारपोरेशन ने जांच के निर्देश दिए है। इनमें झांसी व बांदा मंडल में सबसे ज्यादा शिकायतें आ रही हैं। पावर कारपोरेशन के सीएमडी अरविंद कुमार ने संबन्धित डिस्काम के एमडी को निर्देशित किया है कि कहीं भी दो बार से ज्यादा ट्रांसफार्मर फुंका है तो उसकी अलग से जांच करवाकर जवाबदेही तय की जाए। अधिशाषी अभियंता से लेकर सभी जिम्मेदार बिजली कर्मियों से जवाब तलब किया जाए। लगातार ट्रांसफार्मर फुंकने की शिकायत पर सीएमडी ने झांसी वर्कशॉप की जांच कराने के निर्देश दिए हैं। सीएमडी ने कहा कि गुणवत्ता में कमी मिलने पर संबन्धित कंपनियों को काली सूची में डाला जाए और उनके भुगतान भी रोक दिए जाएं। निर्देश में कहा गया है कि संबन्धित कंपनी से ट्रांसफार्मर की आपूर्ति लिए जाने पर जितने दिन की गारंटी दी जाए यदि उससे पहले ट्रांसफार्मर में कोई खराबी आती है तो कंपनी को दोषी मानते हुए उनसे जवाब लिया जाए।

## प्रीतम सिंह ने प्रधान मुख्य आयकर आयुक्त का पद भार संभाला

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**भारतीय** राजस्व सेवा के वरिष्ठ अधिकारी प्रीतम सिंह ने बुधवार को राजधानी लखनऊ में प्रधान मुख्य आयकर आयुक्त के पद पर अपना कार्यभार ग्रहण कर लिया है। इससे पहले वे अहमदाबाद में इसी पद पर तैनात थे। श्री सिंह ने निवर्तमान अजय दास महरोत्रा से यह कार्यभार ग्रहण किया। जानकारी के अनुसार प्रीतम सिंह अहमदाबाद के अलावा चंडीगढ़ और मुबंई में बतौर भारतीय राजस्व सेवा के वरिष्ठ अधिकारी के अलग-अलग पदों पर भी तैनात रह चुके हैं।

## अनुपस्थित चल रहे संविदा शिक्षकों और कर्मचारियों की सेवाएं होंगी समाप्त

**लखनऊ।** कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालयों में लगातार अनुपस्थित चल रहे संविदा शिक्षकों और कर्मचारियों की सेवाएं समाप्त किये जाने के आदेश महानिदेशक स्कूली शिक्षा ने दिए हैं। यह आदेश प्रेरणा पोर्टल पर मौजूद ब्यौरे के आकलन के बाद के बाद दिए गए हैं। महानिदेशक स्कूली शिक्षा विजय किरन आनंद ने कहा है कि ऐसे शिक्षकों की संविदा खत्म न करना बेसिक शिक्षा अधिकारियों की काम के प्रति लापरवाही सिद्ध होती है। वहीं उन्होंने स्कूल में समयबद्ध उपस्थित पर बल दिया है और कहा है कि यदि शिक्षक समय पर स्कूल नहीं आएंगे तो इसके लिए जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी व जिला समन्वयक जिम्मेदार होंगे। महानिदेशक ने गत 16 जुलाई का डैशबोर्ड के आधार पर समीक्षा की है। 16 जुलाई को प्रदेश के 746 केजीबीवी में कार्यरत 9369 शिक्षकों व कर्मचारियों में से केवल 7377 उपस्थित थे। इसमें से 6353 कर्मचारी समय के बाद स्कूल पहुंचे और 881 स्कूल खत्म होने से पहले ही स्कूल से निकल गए। बता दें कि केजीबीवी में अभी तक 56 शिक्षक फर्जी पाए गए हैं। इनके खिलाफ एफआईआर दर्ज हो चुकी है। वहीं लगभग 70 शिक्षकों को संदिग्ध की श्रेणी में रखते हुए प्रमाणपत्र सत्यापन के लिए भेजे गए हैं।

## राज्यसभा के लिए जयप्रकाश निषाद आज भरेंगे पर्चा

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**राज्यसभा** के बीजेपी उम्मीदवार जयप्रकाश निषाद का निर्विरोध चुना जाना लगभग तय है। अभी तक कोई अन्य दल का प्रत्याशी सामने नहीं आया है। 13 अगस्त नामांकन की अंतिम तारीख है। गुरुवार को सुबह दस बजे निषाद दस विधायकों के साथ बीजेपी पार्टी दफ्तर से विधान भवन नामांकन दाखिल करने जाएंगे। उनके साथ डिप्टी सीएम केशव मौर्य रहेंगे। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की भी संभावना जताई जा रही है कि वह नामांकन दाखिल कराने के लिए आ सकते हैं। कोविड को देखते हुए कम से कम लोगों को ही शामिल होने की अनुमति होगी। इसमें पार्टी के दस विधायक प्रस्तावक के रूप में होंगे। नामांकन के अंतिम दिन भी कोई अन्य प्रत्याशी नहीं आया तो चुनाव नहीं होगा और निषाद निर्विरोध निर्वाचित घोषित कर दिए जाएंगे।

## कारपोरेट घरानों व बिजली कंपनियों की कठपुतली बन चुकी है सरकार

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



**कांग्रेस** ने प्रस्तावित नयी विद्युत दरों के प्रस्ताव को आम जानता के साथ धोखा करार देते हुए इस कदम को प्रदेश की जनता बोझ बढ़ाने वाला कदम बताया। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष अजय कुमार लल्लू ने कहा कि योगी सरकार कार्पोरेट घरानों और बिजली कंपनी की हाथों की कठपुतली बन चुकी है और योगी सरकार राज्य के लोगों को इस आपदकाल में भी कोई राहत प्रदान करने नहीं जा रही है। योगी सरकार बिजली की दर बढ़ाकर आम जनता पर और मुसीबतें बढ़ाने का काम करने जा रही है। लल्लू ने कहा कि योगी राज में प्रदेश की जनता ध्वस्त हो चली कानून व्यवस्था और कोरोना महामारी से पीड़ित थी। ऐसे में बिजली दरों को बढ़ाये जाने से उसकी आर्थिक कमर टूट जाएगी। उन्होंने ने योगी सरकार से मांग की है कि आम उपभोक्ताओं को राहत के वास्ते सरकार को कोरोना काल का बिजली बिल माफ़ करना चाहिए। प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि उत्तर प्रदेश राज्य विद्युत उपभोक्ता परिषद की सिफारिशों पर यूपी इलेक्ट्रिसिटी रेग्युलरिटी अथॉरिटी को ध्यान देना चाहिए, जो बढ़ी बिजली दरों को कम किये जाने की सिफारिश कर रही है । उन्होंने योगी सरकार पर हमला करते हुए कहा कि प्रदेश की जनता ध्वस्त कानून व्यवस्था, गुंडों, कोरोना और बाढ़ से पीड़ित चल रही है । सरकार उस पर ध्यान नहीं दे रही है ।

## कांग्रेस ने आयोजित किया आजादी के महानायकों के साथ सेल्फी का कार्यक्रम

**लखनऊ।** प्रदेश युवा कांग्रेस द्वारा चलाए जा रहे आजादी मेरा अभिमान कार्यक्रम की कड़ी में बुधवार को चौथे दिन लखनऊ जनपद में युवा कांग्रेस के कार्यकर्ताओं के द्वारा आजादी के महानायकों के साथ सेल्फी का कार्यक्रम राजधानी के अलग-अलग क्षेत्रों में चलाया गया। उप्र युवा कांग्रेस पूर्वी के लखनऊ प्रभारी सूर्य प्रकाश सिंह ने बताया कि हम जश्न-ए-आजादी का कार्यक्रम एक सप्ताह तक चलाकर पूरे प्रदेश में अलग अलग कार्यक्रमों के माध्यम से आजादी के महान विभूतियों को याद कर उन्हें श्रद्धांजलि देकर और उनके योगदान को प्रदेश भर में युवाओं तक पहुंचाने का काम कर रहे हैं। उसी कड़ी में युवा कांग्रेस द्वारा आज स्वाधीनता के महानायकों के साथ सेल्फी का कार्यक्रम चलाया गया, जिसमें लखनऊ जनपद के अलग अलग इलाकों में लोगों ने युवा कांग्रेस के द्वारा लगाये सेल्फी प्वाइन्ट पर महापुरुषों के साथ सेल्फी ली और सोशल मीडिया पर शेयर भी किया।

## माह के अंत तक चालू हो जाएगा लिंब सेंटर का कोविड अस्पताल: डॉ. पुरी

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**केजीएमयू** के नए कुलपति लेफ्टिनेंट जनरल डॉ विपिन पुरी ने कहा कि हमारी बेसिक एनर्जी वर्तमान में कोविड पर लगी हुई है। इसे नियंत्रित करना हमारी जिम्मेदारी है। अब तक 3 लाख से ऊपर टेस्ट हो चुके हैं। उन्होंने कहा कि कोविड हॉस्पिटल को लिंब सेंटर में स्थानांतरित करने की प्रक्रिया चल रही है। अगस्त के अंत तक चालू हो जाएगा।

डॉ पुरी बुधवार को ऑनलाइन मोड के माध्यम से मीडिया से मुखातिब थे। कार्यभार ग्रहण करने के बाद पहली बार मीडिया के सामने आए नवनियुक्त कुलपति लेफ्टिनेंट जनरल डॉ विपिन पुरी ने कहा कि केजीएमयू आना उनके लिए गौरव की बात है। उन्होंने कहा कि काफी जिम्मेदारियां है। इंफ्रास्ट्रक्चर से लेकर मेडिकल ट्रीटमेंट को विस्तार देना है। एक सवाल के जवाब में डॉ पुरी ने कहा कि वह स्वयं चाहते हैं कि लोगों



की समस्यायें उनके पास पहुँचे और संस्थान की समस्या लोगों तक पहुंचे। उन्होंने कहा कि कोविड के इलाज को लेकर आरएएलसी में एक अलग से कोविड हॉस्पिटल बनाया जा रहा है। इसके चालू हो जाने से संस्थान में नान कोविड मरीजों को पूर्व की तरह इलाज उपलब्ध हो सकेगा। उन्होंने कहा कि कोविड हॉस्पिटल के संचालन के लिए अतिरिक्त मैनपावर की सहमति सरकार की तरफसे मिल गई है। वहीं पोस्ट कोरोना मरीजों के साथ आ रही समस्याओं के निदान के बारे में पूछने पर उन्होंने कहा इस दिशा में भी कदम उठाया जाएगा। उन्होंने कहा कि उनका पूरा ध्यान कंटेंन्मेंट, कंट्रोल और क्वालिटी पर होगा।

## अनुभवी चालक ही चलाएंगे आगरा एक्सप्रेस वे पर बसें

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**लखनऊ** से दिल्ली के बीच रोडवेज बसों का सफर पहले से और सुरक्षित होने जा रहा है। 351 किलोमीटर के आगरा एक्सप्रेस पर बसों की स्टेयरिंग अब अनुभवी ड्राइवरों के हाथों में होगी। इससे बस दुर्घटनाएं काफी हद तक कम होगी। बस में वही ड्राइवर तैनात किए जाएंगे, जिन्होंने बीते पांच वर्षों के दौरान कोई भी बस दुर्घटना न की हो। ये ड्राइवर एसी बसों के साथ साधारण बसों में भी तैनात किए जाएंगे। यात्रियों की सुरक्षा और परिवहन निगम की छवि, दोनों सुराधने के लिए एमडी डॉ राजशेखर हर बिंदुओं पर लगातार समीक्षा कर रहे हैं। उन्होंने सुरक्षित सफर के मद्देनजर 15 अगस्त से आगरा एक्सप्रेस वे पर चलनी वाली बसों में अनुभवी चालकों की तैनाती का निर्णय लिया है। वर्तमान में प्रदेश भर के पूर्वांचल क्षेत्रों से करीब 28 बस डिपो से दिल्ली की बसें आगरा एक्सप्रेस होकर आवागमन कर रही हैं। इस व्यवस्था को लागू करने के लिए एमडी ने संबधित क्षेत्रीय प्रबंधकों को दिशा निर्देश भेज दिया है।

# स्वतंत्रता दिवस पर 119 जेल कर्मियों को मिलेंगे प्रशंसा चिन्ह

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**डीजी** जेल आनंद कुमार ने जेल प्रशासन के इतिहास में पहली बार स्वच्छ और कर्तव्यनिष्ठ चरित्र के जेल कर्मियों को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से 15 अगस्त 2019 से प्रत्येक गणतंत्र दिवस और स्वाधीनता दिवस को कमेंडेशन डिस्क दिए जाने की परंपरा प्रारम्भ की है। इसी के क्रम में आगामी स्वतंत्रता दिवस पर कारागार विभाग के विभिन्न स्तर के अधिकारियों, कर्मचारियों के लिए कुल 119 कमेंडेशन डिस्क प्रदान करने की घोषणा की गई है।

जिसमें एक उप महानिरीक्षक कारागारए 3 वरिष्ठ जेल अधीक्षक, 10 जेलर, 17 पुरुष डिप्टी जेलर, 2 महिला डिप्टी जेलर, 19 पुरुष जेल हेड वार्डर, 4 महिला जेल हेड वार्डर, 37 जेल वार्डर, 5 आशु लिपिक, एक प्रधान सहायक, 3 वरिष्ठ

● जेल कर्मियों के मनोबल को बढ़ाने के लिए डीजी आनंद कुमार ने पिछले वर्ष से की है कमेंडेशन डिस्क देने की शुरुआत

सहायक, 6 कनिष्ठ सहायक, एक विद्युतकार और 4 चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी सम्मिलित हैं। जेल मुख्यालय के प्रवक्ता संतोष वर्मा का कहना है कि डीजी जेल आनंद कुमार ने प्रदेश की प्राय: सभी जेलों का निरंतर और सघन निरीक्षण करके जेलों में कार्य की दशाओं, बन्दियों और जेल कार्मिकों की समस्याओं को समझा तथा जेलों की व्यवस्थाओं को सुधारने के लिए बड़े और परिवर्तनकारी कदम उठाए। जेलों में जेल कार्मिकों को थका देने वाली कठिन कार्य परिस्थितियों, दंड की बारम्बारता और बहुतायत, पुरस्कार ,सम्मान की अनुपस्थिति को उन्होंने जेल कर्मियों में अवसाद का प्रमुख कारण माना। यही वजह है कि उन्होंने जेल कर्मियों के मनोबल को बढ़ाने के लिए कमेंडेशन डिस्क देने की शुरुआत की। आगामी स्वतंत्रता दिवस पर प्रमुख रूप से जिन लोगों को सम्मानित किया जाएगा उनमें आगरा-मेरठ परिक्षेत्र के डीआईजी लव कुमार, जिला जेल मथुरा के वरिष्ठ अधीक्षक शैलेंद्र कुमार मेत्रैय, आदर्श जेल लखनऊ के वरिष्ठ अधीक्षक आरएन पांडे, जिला जेल गोरखपुर के वरिष्ठ अधीक्षक रामधनी, जिला जेल रामपुर के अधीक्षक प्रेमदास सलौनिया, जिला जेल सिद्धार्थनगर के अधीक्षक राकेश सिंह, जिला जेल सीतापुर के अधीक्षक दिनेश चंद्र मिश्रा, जिला जेल बहराइच के अधीक्षक अवनेंद्र नाथ त्रिपाठी, जिला जेल कन्नौज के अधीक्षक विष्णु कांत मिश्रा और कौशांबी जिला जेल के अधीक्षक भीमसेन मुकुंद शामिल हैं।

## राजीव त्यागी के निधन पर प्रमोद तिवारी व आराधना मिश्रा ने दुख जताया

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**कांग्रेस** के वरिष्ठ नेता प्रमोद तिवारी एवं पार्टी विधानमंडल दल की नेता आराधना मिश्रा ने कांग्रेस के राष्ट्रीय प्रवक्ता यूपी कांग्रेस के पूर्व मीडिया कोऑर्डिनेटर राजीव त्यागी के आकस्मिक निधन पर गहरा दुख व्यक्त किया है । नेता द्वय ने कहा है कि त्यागी एक मृदुभाषी सरल एवं सौम्य स्वभाव के व्यक्ति थे। जिनका संपूर्ण जीवन गरीबों एवं असहाय लोगों के लिये समर्पित रहा। हमारे उनके साथ पारिवारिक संबंध थे। उनके आकस्मिक निधन से हमने कांग्रेस पार्टी का एक प्रखर वक्ता खो दिया है । हम उनको अपनी श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए ईश्वर से प्रार्थना करते हैं कि उनके परिवार को इस दारुण दुख को सहन करने की शक्ति प्रदान करेंए तथा मृतक आत्मा को चिरशांति प्रदान करें।

# करोड़ों खर्च फिर भी कराह रही गोमती

## लॉकडाउन के दौरान आयी थी प्रदूषण के स्तर में कमी

● नालों से आ रहा गंदा पानी बन रहा प्रदूषण का कारण




पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**राजधानी** लखनऊ स्थित गोमती नदी का स्वच्छता और निर्मलता से दूर दूर का नाता नहीं है। बीते दो दशकों में प्रदेश में बारी बारी से तीन दलों की सरकारें आईं, गोमती सफाई के नाम पर करोड़ों रुपया खर्च हुआ लेकिन आज भी लखनऊ में गोमती नदी की स्थिति किसी बड़े नाले से कम नहीं है क्योंकि आज भी गोमती नदी में गो घाट से पिपरा घाट के बीच करीब दो दर्जन नालों का गंदा पानी लगातार आ रहा है।

कोरोना के चलते लगाए गए लॉकडाउन के दौरान गोमती नदी का पानी पहले की अपेक्षा काफी साफ दिखाई पड़ने लगा था। प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के अधिकारियों की मानें तो जनवरी 2020 की तुलना में अप्रैल और मई के बीच डिजॉल्व ऑक्सीजन , बायोकेमिकल ऑक्सीजन डिमांड , टोटल व फीकल कॉलीफॉर्म काफी घट गए थे जिससे गोमती के पानी में प्रदूषण की कमी आई थी। शहर के नौ स्थानों घैला पुल, कुड़िया घाट, शहीद स्मारक, आइआइटीआर के सामने, खाटू श्याम मंदिर, भैसा कुंड, रिवरफ्रंट व भरवारा निकट इकाना स्टेडियम पर गोमती नदी के नमूनों की जांच की गई। वैज्ञानिकों ने पाया कि लॉकडाउन के दौरान जब सब कुछ बंद था, उस दौरान गोमती में प्रदूषण की मात्रा काफी कम हो गई थी। लेकिन जबसे लॉकडाउन की व्यवस्था समाप्त की गई है तब से गोमती की स्थिति बद से बदतर होती जा रही है। लखनऊ स्थित गोमती नदी में अभी भी बड़ी संख्या में नालों का गंदा पानी व कचरा सीधे गिर रहा है जिसके चलते गोमती नदी एक बड़े गंदे नाले के रूप में दिखाई पड़ने लगी है। पूर्ववर्ती सरकारों के द्वारा गोमती नदी के साफ-सफाई एवं पुनरुद्धार के नाम पर करोड़ों रुपया पानी की तरह बहा दिया गया। नालों का गंदा पानी गोमती में जाने से रोकने के लिए कई एचटीपी प्लांट लगाने की कार्य योजना बनी, जिसमें से मात्र दो प्लांट ही काम कर रहे हैं बाकी एचटीपी प्लांट निर्माणाधीन है। प्रदेश सरकार के निर्देशों के बावजूद भी इनके निर्माण की गति काफी धीमी है जिसके चलते आज भी बड़ी मात्रा में नालों का गंदा पानी गोमती नदी में प्रवाहित हो रहा है। नदी में गिरने वाले नालों के गंदे पानी के चलते गोमती रिवर फ्रंट एवं गोमती बैराज के आसपास लगातार दुर्गंध बनी रहती है। गोमती नदी की साफ सफाई में काफी लंबे समय से काम कर रहे रिद्धि किशोर गौड़ ने बताया कि जब तक गोमती नदी में गिरने वाले सभी नालों के गंदे पानी को रोका नहीं जाएगा तब तक गोमती की सफाई असंभव है।

# स्वदेशी का अर्थ सभी विदेशी उत्पादों का बहिष्कार नहीं

**भाषा।** नई दिल्ली



राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) के सरसंघचालक मोहन भागवत ने बुधवार को कहा कि स्वदेशी का अर्थ जरूरी नहीं कि सभी विदेशी उत्पादों का बहिष्कार किया जाए। उन्होंने कहा कि केवल ऐसी प्रौद्योगिकी या उत्पादों का आयात किया जाए जिसकी देश में पारंपरिक रूप से कमी है या स्थानीय स्तर पर उपलब्ध नहीं है। कोविड-19 के मद्देनजर आत्मनिर्भरता और स्वदेशी की प्रासंगिकता का जिक्र करते हुए भागवत ने कहा कि महामारी ने स्पष्ट कर दिया है कि वैश्विकरण के वांछित परिणाम प्राप्त नहीं हुए हैं और एक आर्थिक मॉडल सभी जगहों पर लागू नहीं होता है। उन्होंने कहा कि स्वतंत्रता के बाद देश की जरूरतों के अनुरूप आर्थिक नीति नहीं बनी और दुनिया एवं कोविड-19 के अनुभवों से स्पष्ट है कि विकास का एक नया मूल्य आधारित मॉडल आना चाहिए।

भागवत ने साथ ही कहा कि स्वदेशी का अर्थ जरूरी नहीं कि सभी विदेशी उत्पादों का बहिष्कार किया जाए। भागवत ने डिजिटल माध्यम से प्रो. राजेन्द्र गुप्ता की दो पुस्तकों का लोकार्पण करते हुए दुनिया को एक बाजार की बजाए एक परिवार समझने और आत्मनिर्भरता के साथ सद्भावनापूर्ण सहयोग की जरूरत को रेखांकित किया। भाजपा नीत राजग सरकार के आत्मनिर्भर भारत अभियान का समर्थन करते हुए सरसंघचालक ने कहा कि स्वदेशी का अर्थ देशी उत्पादों और प्रौद्योगिकी को प्राथमिकता देना है लेकिन इसका मतलब सभी विदेशी उत्पादों का बहिष्कार नहीं है। उन्होंने कहा कि केवल ऐसी प्रौद्योगिकी या सामग्रियों का आयात किया जाए जिसकी देश में पारंपरिक रूप से कमी है या स्थानीय स्तर पर उपलब्ध नहीं है। उन्होंने कहा कि हमें इस बात पर निर्भर नहीं होना चाहिए कि हमारे पास विदेश से क्या आता है, और यदि हम ऐसा करते हैं तो हमें अपनी शर्तों पर करना चाहिए।

उन्होंने कहा कि विदेशों में जो कुछ है, जरूरी नहीं कि उन सभी का बहिष्कार करना है लेकिन अपनी शर्तो पर लेना है। भागवत ने कहा कि ज्ञान के बारे में दुनिया से अच्छे विचार आने चाहिए। उन्होंने कहा कि अपने लोगों, अपने ज्ञान, अपनी क्षमता पर विश्वास रखने वाला समाज, व्यवस्था और शासन चाहिए। सरसंघचालक ने कहा कि भौतिकतावाद, जड़वाद और उसकी तार्किक परिणति के कारण व्यक्तिवाद और उपभोक्तावाद जैसी बातें आई। ऐसा विचार आया कि दुनिया को एक वैश्विक बाजार बनना चाहिए और इसके आधार पर विकास की व्यख्या की गई। उन्होंने कहा कि इसके फलस्वरूप विकास के दो तरह के मॉडल आए। इसमें एक कहता है कि मनुष्य की सत्ता है और दूसरा कहता है कि समाज की सत्ता है। भागवत ने कहा, इन दोनों से दुनिया को सुख प्राप्त नहीं हुआ। यह अनुभव दुनिया को धीरे धीरे हुआ और कोविड-19 के समय यह बात प्रमुखता से आई। अब विकास का तीसरा विचार (मॉडल) आना चाहिए जो मूल्यों पर आधारित हो। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आत्मनिर्भर भारत की बात इसी दृष्टि से कही है। सरसंघचालक ने कहा कि स्वतंत्रता के बाद जैसी आर्थिक नीति बननी चाहिए थी, वैसी नहीं बनी। आजादी के बाद ऐसा माना ही नहीं गया कि हम लोग कुछ कर सकते हैं। अच्छा हुआ कि अब शुरू हो गया है। सरसंघचालक ने कहा कि आजादी के बाद रूस से पंचवर्षीय योजना ली गई, पश्चिमी देशों का अनुकरण किया गया। लेकिन अपने लोगों के ज्ञान और क्षमता की ओर नहीं देखा गया।



मथुरा में भारी बारिश के बाद सड़क पर भरे हुए पानी से गुजरते लोग।

# बंगाल में बेरोजगारी की दर 40 प्रतिशत तक हुई कमः ममता

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने बुधवार को दावा किया कि जब देशभर में बेरोजगारी की दर अब तक के उच्चतम स्तर 24 प्रतिशत पर है, उस समय राज्य में बेरोजगारी दर में 40 प्रतिशत की कमी आई है। बनर्जी ने अंतरराष्ट्रीय युवा दिवस के अवसर पर कहा कि राज्य में एक लाख बेरोजगार युवाओं को कर्म साथी प्रकल्प के तहत आत्मनिर्भर बनाने के लिए सब्सिडी और बाजार से कम ब्याज दर पर ऋण दिया जाएगा।



उन्होंने ट्वीट किया, आज अंतराष्ट्रीय युवा दिवस है। पश्चिम बंगाल सरकार युवाओं को सशक्त बनाने के लिए प्रतिबद्ध है। बंगाल सरकार ने कर्म साथी प्रकल्प नाम से नई योजना शुरू की। एक लाख बेरोजगार युवाओं को आत्मनिर्भर बनाने के लिए बाजार से कम ब्याज दर पर ऋण एवं सब्सिडी दी जाएगी। उन्होंने कहा, जब भारत में बेरोजगारी की दर 24 प्रतिशत है, जो कि अब तक की सबसे उच्चतम दर है, उस समय पश्चिम बंगाल में बेरोजगारी की दर 40 प्रतिशत तक कम हुई है।

बनर्जी ने उम्मीद जताई कि अतीत की तरह पश्चिम बंगाल के मेहनती एवं प्रतिभावान युवा देश का नेतृत्व करेंगे और उसका भविष्य उज्ज्वल बनाएंगे। उन्होंने कहा, हमें अपने युवाओं पर गर्व हैं। वे भविष्य हैं। नई पीढ़ी हमारे देश को आगे लेकर जाएगी। युवा प्रतिभावान, दक्ष एवं मेहनती हैं। उनके आज के सपने कल साकार होंगे।

# शहडोल जेल की 14 महिला बंदी कोरोना वायरस से संक्रमित

**शहडोल, (मप्र)।** शहडोल जेल में 14 महिला बंदी कोरोना वायरस से संक्रमित पाई गई हैं। शहडोल जिला जेल अधीक्षक जी के नेटी ने बुधवार को बताया की सिंगरौली जिले की बैढ़न जेल से नौ अगस्त को 14 महिला कैदियों को शहडोल जेल में स्थानांतरित किया गया था। उन्होंने बताया कि यहां आने पर महिला बंदियों को जांच के लिए मेडिकल कॉलेज भेजा गया जहां उनकी कोविड-19 जांच के लिए उनके नमूना लिए गए थे। नमूना लेने के बाद उन्हें शहडोल जेल के वार्ड में रखा गया था। नेटी ने बताया कि 11 अगस्त को 14 महिला बंदियों की जांच रिपोर्ट में उनके कोरोना वायरस से संक्रमित होने का पता चलने के बाद सभी को उपचार के लिए शहडोल मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया गया है। इन महिला बंदियों के साथ एक डेढ़ माह का बच्चा भी है, उसका भी नमूना जांच के लिए लिया गया है।

# राजस्थान में राजनीतिक घमंड की हारः शिवसेना

**भाषा।** मुंबई

**शिवसेना** ने बुधवार को कहा कि राजस्थान में ऑपरेशन लोटस की विफलता राजनीतिक घमंड की हार है। शिवसेना की यह टिप्पणी ऐसे समय में आई है जब कुछ दिन पहले ही कांग्रेस नेता राहुल गांधी और सचिन पायलट की बैठक के बाद राजस्थान में राजनीतिक संकट के मैत्रिपूर्ण समाधन के संकेत मिले हैं। शिवसेना के मुखपत्र सामना के संपादकीय में कहा गया है कि राजस्थान के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने ऑपरेशन लोटस का ही ऑपरेशन करके भाजपा को सबक सिखाने का काम किया है।

ऑपरेशन लोटस से शिवसेना का तात्पर्य अन्य पार्टियों में कथित तौर पर दलबदल कराने की भाजपा की कोशिशों से है। शिवसेना ने चुटकी लेते हुए कहा, महाराष्ट्र में तड़के किया गया यह ऑपरेशन विफल हो चुका है। कम से कम अब तो भाजपा को इससे सबक लेनी चाहिए। कुछ फर्जी डॉक्टरों द्वारा महाराष्ट्र में ऑपरेशन करने की नई तारीख अब सितंबर में है।

मुखपत्र में प्रत्यक्ष तौर पर पिछले साल राजभवन में तड़के जल्दबाजी में आयोजित शपथग्रहण समारोह का हवाला दिया गया है। शिवसेना और भाजपा के बीच मुख्यमंत्री पद की साझेदारी को लेकर एकमत नहीं बनने पर गठबंधन से शिवसेना बाहर हो गई थी। इस समारोह में भाजपा नेता देवेंद्र फडणवीस ने मुख्यमंत्री पद की शपथ ली थी। शिवसेना ने बाद में राकांपा और कांग्रेस के साथ मिलकर महाराष्ट्र में सरकार का गठन किया।

शिवसेना ने भाजपा पर आरोप लगाया कि जहां उसकी सरकार नहीं है, वहां वह राज्यों में सरकारों को अस्थिर करने में इस कदर व्यस्त है कि जैसे देश के सामने दूसरी कोई परेशानियां ही नहीं है। मुखपत्र में यह कहा गया, कोरोना वायरस महामारी के जाने का कोई संकेत नहीं है। बेरोजगारी बढ़ रही है और अर्थव्यवस्था रसातल में है। इन सभी को पटरी पर लाने के बजाय भाजपा दूसरे राज्यों की सरकारों को गिराने में व्यस्त है। क्या यह राजनीतिक मानसिक बीमारी का संकेत नहीं है?

उद्धव ठाकरे नीत पार्टी ने कहा, शोले फिल्म के गब्बर सिंह की तरह ऑपरेशन लोटस का डर पैदा किया गया है। लेकिन राजस्थान में इस ऑपरेशन का विफल होना राजनीतिक घमंड की विफलता को दिखाता है। शिवसेना ने कहा कि राहुल गांधी और प्रियंका गांधी वाड्रा के साथ बैठक के बाद कांग्रेस नेता सचिन पायलट पार्टी के हित में काम करने के लिए सहमत हो गए और गहलोत ने एक महीने के लंबे गतिरोध के बाद अपनी सरकार बचा ली है। मुखपत्र में कहा गया कि पायलट गहलोत के सामने कमजोर खिलाड़ी साबित हुए हैं। मराठी भाषा के मुखपत्र में कहा गया, गहलोत ने अपनी सरकार बचाने के लिए सबकुछ किया। गहलोत के खिलाफ करीब एक महीने तक बगावत के बाद पायलट जयपुर लौट आए हैं। उन्होंने मंगलवार को कहा कि उन्होंने पार्टी से किसी भी पद की मांग नहीं की और प्रतिशोध की कोई राजनीति नहीं होनी चाहिए।

## क्विक न्यूज

### लेह में हल्के लड़ाकू हेलीकॉप्टर तैनात किए गए

**बेंगलुरु** हिंदुस्तान एयरॉनोटिक्स लिमिटेड (एचएएल) ने बुधवार को कहा कि वायुसेना के मिशन में सहयोग के लिए कम समय के नोटिस पर उसके द्वारा निर्मित दो हल्के लड़ाकू हेलीकॉप्टर (लेह के) ऊंचाई वाले स्थान पर तैनात किए गए हैं। एचएएल के अध्यक्ष सह प्रबंध निदेशक आर माधवन ने कहा, सशस्त्र बलों की खास एवं विशिष्ट जरूरतों को पूरा करने के लिए विशेष डिजाइन के तहत विकसित यह दुनिया का सबसे हल्का लड़ाकू हेलीकॉप्टर (एलसीएच) है जो आत्मनिर्भर भारत में एचएएल की अहम भूमिका को परिलिक्षत करता है। यहां कंपनी के मुख्यालय ने एक बयान में कहा कि वायुसेना उपप्रमुख एयर मार्शल हरजित सिंह अरोड़ा ने हाल ही मे एचएएल के टेस्ट पायलट विंग कमांडर (सेवानिवृत) सुभाष पी जॉन के साथ एक ऐसे अभियान मे हिस्सा लिया और इस दौरान ऊंचाई वाले स्थान से इस हल्के लड़ाकू हेलीकॉप्टर ने उड़ान भरकर एक छद्म लक्ष्य को भेदा। बयान मे कहा गया है, उसके बाद वह हेलीकॉप्टर इसी क्षेत्र में बड़े ही जोखिम वाले एक हेलीपैड पर उतरा। एलसीएच ने बहुत ही कम तापमान वाले अग्रिम स्थानो पर तेज तैनाती के अपने कौशल का सफल परिचय दिया। एचएएल के अनुसार एलसीएच अपनी अत्याधुनिक प्रणाली और उच्च सटीक हथियारों की वजह से बहुत ही अहम हथियार प्रणाली है। रात हो या दिन, वह किसी भी तरह के लक्ष्य को भेदने मे समर्थ है। उसमे ऊंचाई वाले क्षेत्रो मे समुचित हथियार ले जाने की क्षमता है। एचएएल ने कहा कि वायुसेना और सेना को करीब 160 ऐसे हेलीकॉप्टरो की जरूरत है। बयान के अनुसार रक्षा खरीद परिषद ने 15 ऐसे हेलीकॉप्टरो की प्रारंभिक खेप के प्रस्ताव को मंजूरी दे दी है।

### झारखंड सरकार ने तुष्टिकरण की सारी सीमा पार कर दीः भाजपा

**रांची।** भाजपा ने आरोप लगाया कि झारखंड में हेमंत सोरेन के नेतृत्व वाली सरकार ने तुष्टिकरण की सारी सीमाओं को पार कर दिया है। भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता प्रतुल शाहदेव ने कहा कि एक ओर झारखंड सरकार की मेधा डेयरी रमजान मुबारक का विज्ञापन देती है और अपने कार्यालय में इफ्तार पार्टी मनाने की छूट देती है। दूसरी तरफ, भगवान श्री राम के मंदिर के लिए भूमि पूजन के अवसर पर मेधा के कार्यालय मे मिठाईयां बांटने वाले व्यक्ति को चेतावनी पत्र दे दिया जाता है। शाहदेव ने यह आरोप लगाते हुए कहा कि राम मंदिर के लिए मिठाई बांटने वाले व्यक्ति को दिए गए चेतावनी पत्र में ऐसा दुबारा करने पर कड़ी कार्वाई करने की चेतावनी दी गई है। साथ ही कहा गया है कि कार्यालय में दूसरे धर्म के भी लोग हैं इसलिए ऐसा करना गैर वाजिब है। शाहदेव ने कहा की भाजपा इस दोहरी नीति की कड़ी निंदा करती है और सरकार से मांग करती है कि वह अविलम्ब इस पत्र को वापस ले। साथ ही इसे जारी करने वाले अधिकारी को बर्खास्त करे।

### जन्माष्टमी का प्रसाद खाने के बाद 26 लोग बीमार

**औरंगाबाद।** महाराष्ट्र के परभणी जिले मे जन्माष्टमी का प्रसाद खाने के बाद कम से कम 26 मजदूर बीमार हो गए। ऐसा संदेह है कि संबंधित प्रसाद के विषाक्त होने के कारण यह घटना हुई। अधिकारियो ने बुधवार को बताया कि मंगलवार की इस घटना में प्रभावित हुए सभी लोग खतरे से बाहर हैं। पुलिस के एक अधिकारी ने कहा कि उन्होंने उस निजी अस्पताल से संपर्क किया है जहां मजदूरों को उपचार के लिए ले जाया गया था। संपर्क किए जाने पर सोनपेठ के पास स्थित अस्पताल के एक डॉक्टर ने बताया कि दिघोल गांव से ताल्लुक रखने वाले मजदूरों को प्रसाद खाने के बाद उल्टी होने लगी। उन सभी का उपचार किया गया और मंगलवार की रात सभी को वापस भेज दिया गया। पुलिस अधिकारी ने बताया कि सभी प्रभावित लोग ठीक हो गए है।

### कोरोना संक्रमण से पुडुचेरी के पूर्व मंत्री एलुमलाई की मौत

**पुडुचेरी।** पुडुचेरी के पूर्व स्थानीय प्रशासन मंत्री ए. एलुमलाई की बुधवार को यहां केंद्र सरकार के जिपमेर अस्पताल में कोविड-19 संक्रमण से मौत हो गई। स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण निदेशक एस मोहन कुमार ने पीटीआई भाषा को बताया कि एलुमलाई (53) को संक्रमित पाए जाने के बाद मंगलवार को अस्पताल में भर्ती कराया गया था। बुधवार को उन्होंने दम तोड़ दिया। उनके परिवार मे पत्नी और तीन बेटे हैं। वर्ष 2001 मे तत्कालीन मुख्यमंत्री एन रंगासामी की अगुवाई वाले कांग्रेस मंत्रिमंडल मे एलुमलाई स्थानीय प्रशासन मंत्री रहे। वह राज्य के पुडुचेरी एग्रो सर्विसेज एंड इंडस्ट्रियल कारपोरेशन के अध्यक्ष भी रहे।

### अबतक 32.71 करोड़ पैन-कार्ड को आधार से जोड़ गया

**नई दिल्ली।** सरकार ने बुधवार को कहा कि बायोमेट्रिक पहचानपत्र आधार से अबतक 32.71 करोड़ स्थाई खाता संख्या (पैन) जोड़े जा चुके है। माई गॉव इंडिया ने ट्विटर पर लिखा है, आधार से 32.71 करोड़ से अधिक पैन जोड़े जा चुके है। सरकार पहले ही आधार को पैन से जोड़ने की तारीख बढ़ाकर 31 मार्च, 2021 कर दी है। ट्वीट के अनुसार 29 जून तक 50.95 करोड़ पैन आबंटित किए गए है। भारतीय विशिष्ट पहचान प्राधिकरण 12 अंको वाला आधार जारी करता है जबकि आयकर विभाग किसी, व्यक्ति या इकाई को 10 अंको (अंग्रेजी और अंको को मिलाकर) वाला पैन जारी करता है।

# *बेंगलुरु हिंसा :* कांग्रेस, जद (एस) ने शांति बहाल करने के लिए सरकार को मदद का दिया आश्वासन

**भाषा।** बेंगलुरू

**कर्नाटक** में विपक्षी दल कांग्रेस और जद (एस) ने शहर के हिंसा प्रभावित इलाकों में शांति बहाल करने के लिए बुधवार को राज्य सरकार का साथ देने का आश्वासन दिया और दोषियों के खिलाफ तत्काल कार्वाई की मांग की। दोनों पार्टियों के नेताओं ने कहा कि ऐसी खबरें हैं, जिससे इसके एक सोची समझी साजिश होने का संदेह उत्पन्न होता है।

विपक्ष के नेता सिद्धरमैया ने ट्वीट किया, कवल ब्यारसंद्र में हुई हिंसा और लोगों को उकसाने वाले सोशल मीडिया की निंदा करता हूं। उन्होंने कहा, मैं इलाके में रहने वाले हिंदू और मुस्लिम दोनों से संयम बरतने, शांति कायम रखने और सद्भाव के साथ रहने की अपील करता हूं। सिद्धरमैया ने मामले पर बेंगलुरू पुलिस आयुक्त से बात करने की जानकारी देते हुए कर्नाटक सरकार को शांति बहाल करने के लिए पूर्ण समर्थन का आश्वासन दिया। उन्होंने कहा, हमारा तजुर्बा हमें बताता है कि साम्प्रदायिक दंगों में नुकसान केवल बेकसूर लोगों का ही होता है। मैं दोनों धर्मों के नेताओं से बात कर समस्या का सौहार्दपूर्वक हल निकालने और इलाके में शांति बहाल करने की अपील करता हूं।



बेंगलुरु में संप्रदाय विशेष द्वारा की गयी हिंसा और आगजनी के बाद तैनात पुलिस

राज्य कांग्रेस के प्रमुख डी. के. शिवकुमार ने हिंसा की निंदा करते हुए कहा कि किसी को भी कानून अपने हाथ में नहीं लेना चाहिए और हम कानून के तहत की जा रही हर कार्वाई में सरकार को पूर्ण समर्थन का आश्वासन देते हैं। उन्होंने कहा, सार्वजनिक सम्पत्ति को नुकसान पहुंचाया जाना बर्दाश्त नहीं किया जा सकता .... मैंने मीडिया से भड़काऊ ट्वीट के बारे में भी सुना है। जिसने भी यह किया है, यह गलत है.. यह पूरी घटना ही गलत है। कांग्रेस ने विधायकों की एक बैठक भी आज बेंगलुरू में बुलाई गई है। शिवकुमार ने कहा, हमारे विधायक कल रात मौके पर गए थे लेकिन स्थिति पर काबू नहीं पाया जा सका। मुझे मीडिया में आ रही खबरों से पता चला है कि यह एक सोची समझी साजिश थी। कांग्रेस विधायक अखंड श्रीनिवास मूर्ति के एक कथित रिश्तेदार द्वारा सोशल मीडिया पर एक पोस्ट साझा किए जाने के बाद हुई हिंसा को काबू करने के लिए पुलिस द्वारा की गई गोलीबारी में तीन लोगों की मौत हो गई और कई लोग घायल हुए हैं।

बेंगलुरू के पुलिस आयुक्त कमल पंत ने कहा, पुलिस की गोलीबारी में तीन लोग मारे गए। उन्होंने बताया कि बेंगलुरू के पुलाकेशी नगर में हुई हिंसा के मामले में 110 लोगों को गिरफ्तार किया गया है। जद (एस) के वरिष्ठ नेता एच. डी. गौड़ा ने भी ट्वीट करके हिंसा की निंदा की और सरकार से घटना में शामिल लोगों के खिलाफ कठोर कार्वाई की मांग की।

# राजस्थान संकट भाजपा के लिए सबक, खरीद फरोख्त की उसकी राजनीति नाकाम रही

**कोलकाता।** लोकसभा में कांग्रेस के नेता अधीर रंजन चौधरी ने बुधवार को कहा कि राजस्थान के राजनीतिक संकट के समाधान से भाजपा की खरीद-फरोख्त की राजनीति को गहरा झटका लगा है। सचिन पायलट जैसे युवा नेताओं को पार्टी का भविष्य बताते हुए चौधरी ने भाजपा को अपने ही खेल में हरा देने के लिए राजस्थान के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत के राजनीतिक कौशल की सराहना की। राजस्थान प्रकरण ने इस मिथक को तोड़ दिया है कि भाजपा और उसके हथकंडों को नहीं पराजित किया जा सकता है। खरीद-फरोख्त की भाजपा की राजनीति नाकाम हो गई है। चौधरी ने कहा, यह देखना आनंददायक था कि भाजपा इस डर से अपने ही विधायकों को दूसरे राज्यों में भेज रही थी कि वे कांग्रेस में शामिल हो सकते हैं। उन्होंने कहा कि भाजपा को उनके ही खेल में हराया जा सकता है और राजस्थान इसका एक उदाहरण है। कांग्रेस कार्य समिति (सीडब्ल्यूसी) के सदस्य ने कहा, अशोक गहलोत के राजनीतिक कौशल ने भाजपा को पीछे हटने के लिए मजबूर कर दिया। मैं बहुत खुश हूं कि सचिन पायलट राजस्थान लौट गए हैं। घटनाक्रम साबित करता है कि हम किसी भी संकट को सौहार्दपूर्वक हल कर सकते हैं। सचिन पायलट जैसे नेता हमारी पार्टी के भविष्य हैं। यह पूछे जाने पर कि क्या राजस्थान के राजनीतिक गतिरोध के समाधान से पार्टी में राहुल गांधी का कद ऐसे नेता के रूप में बढ़ा है, जो संकटों का हल कर सकते हैं, चौधरी ने कहा कि उन्होंने 2018 में कर्नाटक में सरकार के गठन के दौरान ही अपनी क्षमताओं को साबित कर चुके हैं। चौधरी ने कहा, राहुल गांधी को अपने नेतृत्व कौशल को साबित करने की जरूरत नहीं है। उन्होंने 2018 में कर्नाटक सरकार के गठन के दौरान यह साबित कर दिया जब उन्होंने भाजपा के मुंह से जीत छीन ली। कुछ लोगों के विश्वासघात के कारण हमने 2019 में भाजपा के हाथों सत्ता खो दी। उन्होंने कहा कि कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी ने भी राजस्थान संकट के हल में अहम भूमिका निभाई।

# जहानाबाद के लिए चिराग बनकर आए करुणा सागर

***जहां भी जायेगा, वह रोशनी लुटायेगा***
***किसी चिराग का अपना मकां नहीं होता।***

कोरोना काल में जहानाबाद के लिए चिराग बनकर आये एक शख्स की कहानी कुछ ऐसी ही है। वह शख्स है भारतीय पुलिस सेवा के वरिष्ठ पदाधिकारी अपर पुलिस महानिदेशक तमिलनाडु सम्प्रति निदेशक आधुनिकीकरण ब्यूरो आफ पुलिस रिसर्च एण्ड डेभलपमेंट दिल्ली करुणा सागर। अपने नाम को जीता हुआ यह शख्स इस वैश्विक महासंकट की घड़ी में जहानाबाद के लिए मसीहा बनकर सामने आया।

कोरोना को करुणा से जीतेंगे, प्रधानमंत्री के इस आह्वान को आभूषण बना जहानाबाद की सेवा का संकल्प लिया और अनुकरणीय सेवा की। अपर पुलिस महानिदेशक करुणा सागर के सौजन्य से रिलायंस फाउंडेशन के द्वारा खाद्य सामग्री का चार सौ बैग जिला प्रशासन को सौंपा गया। सागर की पहल पर स्टार हेल्थ इंश्योरेंस लिमिटेड चेन्नई द्वारा रेडक्रॉस सोसायटी, जहानाबाद को खाद्य सामग्री के पांच सौ बैग तैयार करने के लिए चार लाख बारह हजार पांच सौ रुपये दिया गया। जिलाधिकारी सह प्रसिडेंट रेडक्रॉस सोसायटी, जहानाबाद के निर्देश पर रेडक्रॉस सोसायटी द्वारा खाद्य सामग्री का पांच सौ बैग तैयार कर जिला प्रशासन को सौंपा गया। इतना ही नहीं उन्होंने अरवल रेडक्रॉस सोसायटी को भी प्रवासी श्रमिकों की सेवा के लिए सहयोग प्रदान किया। जिलाधिकारी सह प्रसिडेंट रेडक्रॉस सोसायटी अरवल की देख-रेख में प्रवासी श्रमिकों के लिए रेडक्रॉस सोसायटी अरवल द्वारा संचालित भोजनालय को महती सहयोग प्रदान किया। बतातें चलें कि विगत कई वर्षों से विविध रूपों में जहानाबाद की सेवा सागर करते आ रहे हैं। इसकी एक लम्बी फेहरिस्त है। चाहे रेडक्रॉस सोसायटी जहानाबाद हो या यहां के जरूरतमंद आमजन उन्होंने पूरी संवेदनशीलता से सहयोग दिया है। उत्तर बिहार के बाढ़ पीड़ितों के सहायतार्थ रेडक्रॉस सोसायटी जहानाबाद बिहार को एवं जाड़े के मौसम में हजारों लोगों के बीच अपने मित्रों के सहयोग से कम्बल वितरित कर सेवा भावना का उल्लेखनीय कार्य किया है।

बतातें चलें कि सागर के द्वारा ऐसे और भी अनेक कार्य किये गये हैं जो उनके नाम को सार्थक करता है। पटना जिला के अपने गांव धमौल में परिजनों, पुरजनों एवं पास-पड़ोस के ग्रमीणों की मांग पर स्वयं एवं अपने निकटतम मित्रों, सहयोगियों के सहयोग से दक्षिण भारतीय स्थापत्य शैली में मदुरई के कारीगरों द्वारा भव्य मंदिर का निर्माण कराया। इस मंदिर का प्राण-प्रतिष्ठा फरवरी 2007 में सम्पन्न हुई। मंदिर निर्माण के पीछे उनका उद्देश्य सामाजिक सामंजस्य को बढ़ावा देना रहा। 2005 से ही वे अपने पूरे इलाके के जरूरतमंद लोगों की सेवा करते आ रहे हैं। साड़ी, धोती, कम्बल आदि का वितरण यह कहते हुए करते आ रहे हैं कि मैं इसी माध्यम से आप सबों के साथ नेह का नाता जोड़ रहा हूँ। मैं अपने मूल का मूल्य समझता हूँ। स्कूली बच्चों के लिए 2006 में खेलकूद प्रतियोगिता का स्तरीय आयोजन कर बच्चों में खेलकूद की भावना को बढ़ावा दिया। विविध खेलों में अव्वल चयनित बच्चों समेत सभी 250 प्रतिभागियों को घर में उपयोग आनेवाले बर्तन देकर अनूठे पुरस्कार से उस समय के जहानाबाद सांसद गणेश प्रसाद के द्वारा पुरस्कृत किया गया। इस पुरस्कार के पीछे सागर की भावना रही कि रोज उपयोग में आनेवाले ये बर्तन बच्चों के माता-पिता को याद दिलाता रहेगा कि मेरा बच्चा इसे अपनी प्रतिभा से जीतकर लाया है। जहानाबाद के विद्यालयी छात्र-छात्राओं के लिए पेन्टिंग कार्यशाला का आयोजन कराया। स्वामी सहजानंद सरस्वती पुस्तकालय, जहानाबाद के सभागार में बिहार के ख्याति प्राप्त चित्रकार राजू कुमार द्वारा चित्रकला की बारीकियां सिखाई गयी। 15 दिन तक चले इस कार्यशाला का उद्घाटन और समापन उस समय के एसडीएम भारतीय प्रशासनिक सेवा के अधिकारी डाक्टर नवल किशोर चौधरी ने किया। सामाजिक दृष्टिकोण से सबसे महत्वपूर्ण कार्य सागर के नेतृत्व में मंदिर के माध्यम से संगत-पंगत का आयोजन करवाया गया, जिसमें पूरे पंचायत के सभी जातियों के नर-नारियों को एकसाथ बैठाकर खिलाया गया।



करुणा सागर

इस सामाजिक बदलाव कार्यक्रम के साक्षी बने बिहार धार्मिक न्यास परिषद के तत्कालीन अध्यक्ष आचार्य किशोर कुणाल जी। इस कार्यक्रम का लक्ष्य था-समाज में जाति,धर्म, छुआछूत आदि भेदभाव को मिटाकर सामाजिक सौहार्द को बढ़ावा देना। ऐसे अनेक कार्य उनके द्वारा होता रहता है जो उनके मन और हृदय में बैठे सामाजिक दायित्व की प्रबल भावना का उदाहरण है। पटना जिला के एक छोटे से गांव धमौल की धरती पर करुणा, दया,प्रेम, सहिष्णुता, परोपकार आदि मानवोचित गुणों का पल्लवन सागर के अन्दर बचपन से ही हो रहा था। गांव के स्कूल से निकलकर लोयला स्कूल, पटना से मैट्रिक की परीक्षा पास की। पटना कालेज, पटना से इन्टरमीडिएट करने के बाद उच्च शिक्षा प्राप्त करने हेतु दिल्ली विश्वविद्यालय के हंसराज महाविद्यालय में नामांकन लिया एवं स्नातक और स्नातकोत्तर डिग्री हासिल कर आईपीएस बन तमिलनाडु में पुलिस पदाधिकारी के रूप में अनुकरणीय ख्याति अर्जित की।

मानवोचित गुणों का विकास जो बचपन में हो चुका था, वह बढ़ता ही गया और उसका प्रस्फुटन समय-समय पर समाज के सामने होता आ रहा है। सामर्थ्यवान सज्जनों से सहयोग प्राप्त कर सामर्थ्यहीन की सेवा का संकल्प सागर के व्यक्तित्व एवं कृतित्व का मूलाधार है। यहाँ पर मुश्ताक आजीज की पंक्ति को उद्धृत करना समीचीन प्रतीत हो रहा है:-

***ये रोशनी का पयंबर है इसकी बात सुनो***
***सदाकतों के सहीफे सुना रहा है चराग।***

# कांग्रेस प्रवक्ता राजीव त्यागी का निधन

**नई दिल्ली।** कांग्रेस के राष्ट्रीय प्रवक्ता राजीव त्यागी का बुधवार को दिल का दौरा पड़ने से निधन हो गया। वह 52 साल के थे। पार्टी के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी, महासचिव प्रियंका गांधी वाद्रा और कांग्रेस के कई अन्य वरिष्ठ नेताओं ने दुख जताते हुए कहा कि त्यागी विचारधारा के प्रति समर्पित नेता थे। राहुल गांधी ने कहा कि कांग्रेस ने आज अपना एक बब्बर शेर खो दिया। पार्टी सूत्रों ने कहा कि गाजियाबाद के वैशाली में अपने आवास पर एक टीवी परिचर्चा में भाग लेने के कुछ ही देर बाद त्यागी को दिल का दौरा पड़ा और वह बेहोश हो गए। इसके बाद उन्हें गाजियाबाद के यशोदा अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उन्हें बचाने की कोशिश की, लेकिन वह बच नहीं सके। यशोदा अस्पताल के डॉक्टर पद्म सिंह पाल के मुताबिक, राजीव त्यागी की तबियत अचानक से खराब हुई और करीब साढ़े छह बजे उन्हें अस्पताल लाया गया। त्यागी का कल दिन में गाजियाबाद के हिंडन नदी के समीप श्मशान घाट पर अंतिम संस्कार किया जाएगा।



मुंबई में बुधवार को जन्माष्टमी के अवसर पर भगवान श्रीकृष्ण के रूप में तैयार किए गए बच्चों ने तोड़ी दही हांडी

# आत्मनिर्भर भारत संरक्षणवाद को प्रोत्साहित नहीं करता है: वेंकैया

**भाषा।** नई दिल्ली



**उपराष्ट्रपति** एम वेंकैया नायडू ने बुधवार को कहा कि कोविड-19 महामारी के बाद दुनिया पहले जैसी नहीं रहेगी, ऐसे में भारत जैसे देशों के लिए सही अर्थो में आत्मनिर्भर बनकर कठिन परिस्थितियों से मुकाबला करने में समर्थ अर्थव्यवस्था का निर्माण करने की जरूरत है।

उपराष्ट्रपति ने नेताजी- भारत की स्वंत्रता और ब्रिटिश अभिलेख पुस्तक के लोकार्पण कार्यक्रम में कहा, आत्मनिर्भर भारत कारोबारी बाधा खड़ा करने या संरक्षणवाद को प्रोत्साहित करने की बात नहीं करता है बल्कि भारत की अंतर्निहित ताकत को पहचानने और विभिन्न क्षेत्रों को वैश्विक स्तर पर प्रतिस्पर्धी बनाने पर जोर देता है। नायडू ने कहा कि कोविड-19 महामारी के बाद दुनिया पहले जैसी नहीं रहेगी। ऐसे में भारत जैसे देशों के लिए सही अर्थो में आत्मनिर्भर बनकर कठिन परिस्थितियों से मुकाबला करने में समर्थ अर्थव्यवस्था का निर्माण करने की जरूरत है।

उन्होंने कहा, मुझे इस बात की खुशी है कि सरकार ने आत्मनिर्भरता को प्रोत्साहित करने के उपायों के तहत हाल ही में रक्षा क्षेत्र के 101 उत्पादों पर आयात रोक लगाने की घोषणा की। नायडू ने नेताजी सुभाष चंद्र बोस का जिक्र करते हुए कहा, हमारी युवा पीढ़ी को भारत के इतिहास के प्रति जागरूक होना चाहिए। देशभर से स्वतंत्रता सेनानियों के बलिदान और पराक्रम की कहानियों को पाठ्यक्रम में रेखांकित किया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि नेताजी का दृढ़ विश्वास था कि हम सब सबसे पहले भारतीय हैं, धर्म, जाति, क्षेत्रीय और भाषाई पहचानें बाद में आती हैं।

उपराष्ट्रपति ने कहा, हमारे स्वाधीनता आंदोलन के दौरान नेताजी का साहसी और ओजस्वी नेतृत्व युवाओं के लिए अनुकरणीय और प्रेरणा का स्रोत है। नेताजी का विश्वास था कि महान राष्ट्र अपनी नियति स्वयं लिखते हैं। उन्होंने लोगों में भी यह विश्वास जगाया। उन्होंने कहा कि आज अंतरराष्ट्रीय युवा दिवस भी है और इस अवसर पर वह युवाओं से नए भारत के निर्माण के लिए नेताजी के जीवन से प्रेरणा लेने की अपील करते हैं।

## गृहमंत्री अमित शाह ने अंतरराष्ट्रीय युवा दिवस पर दी शुभकामनाएं

**नई दिल्ली।** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने बुधवार को अंतरराष्ट्रीय युवा दिवस पर देशवासियों को शुभकामनाएं दी और कहा कि किसी भी राष्ट्र की सबसे बड़ी शक्ति उसके युवा होते हैं। शाह ने सिलसिलेवार ट्वीट कर कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सरकार स्किल इंडिया, स्टार्ट अप इंडिया, मेक इन इंडिया और नई शिक्षा नीति जैसे अपने अभूतपूर्व निर्णयों से लगातार एक ऐसे इकोसिस्टम का निर्माण कर रही है, जिसमें युवाओं की अपार क्षमताओं को और निखारा जा सके। उन्होंने कहा, किसी भी राष्ट्र की सबसे बड़ी शक्ति उसके युवा होते हैं। भारत वास्तव में बहुत ही भाग्यशाली राष्ट्र है, जिसके पास कौशल से परिपूर्ण इतनी परिवर्तनात्मक और अभिलाषी युवाशक्ति है। शाह ने कहा कि कुशल और उत्साही युवाओं में अवसरों का सर्वश्रेष्ठ लाभ उठाने की क्षमता होती है। उन्होंने कहा, मुझे हमारी युवा शक्ति पर पूर्ण विश्वास है कि वे प्रधानमंत्री मोदी के न्यू इंडिया के स्वप्न को साकार करने के लिए निरंतर प्रयास करते रहेंगे।

# बुलंदशहर दुर्घटना: 15 बाइक मालिकों को थाने में बुलाकर की गई पूछताछ

**भाषा।** बुलंदशहर

**● मृतका के परिजनों का आरोप, बाइक सवार दो व्यक्ति के कारण हुई दुर्घटना**

**अमेरिका** से घर लौटी एक 20 वर्षीय युवती की सड़क हादसे में हुई मौत के मामले के संबंध में पुलिस ने यहां बुधवार को 15 मोटरसाइकिल मंगवाई और उनके मालिकों को बुलाकर पूछताछ की। पुलिस ने यह जानकारी दी। उन्होंने कहा कि सहायक क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी (एआरटीओ) द्वारा जिले में पंजीकृत सभी बुलेट मोटरसाइकिलों के बारे में जानकारी मांगी गई है।

पुलिस ने कहा कि 15-20 मोटरसाइकिल चालकों से पूछताछ की गई। सुदीक्षा भाटी नामक युवती सोमवार की सुबह औरंगाबाद के पास अपने छोटे भाई के साथ मोटरसाइकिल पर जा रही थी जब उसकी मौत हो गई। युवती अमेरिका स्थित बाबसन कालेज की छात्रा थी और 20 अगस्त को वापस जाने वाली थी। मृतका के परिजनों का आरोप है कि मोटरसाइकिल सवार दो व्यक्ति भाटी का पीछा कर उसे परेशान कर रहे थे जिसके कारण दुर्घटना हुई। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक संतोष कुमार सिंह ने कहा कि सड़क दुर्घटना 10 अगस्त की सुबह चरौरा मुस्तफाबाद गांव की सीमा के पास हुई।

उन्होंने कहा कि हेमंत शर्मा नामक प्रत्यक्षदर्शी के अनुसार सुदीक्षा और उसके भाई के दोपहिया वाहन के आगे चल रही बुलेट मोटरसाइकिल पर सवार व्यक्तियों ने उल्टी दिशा से दूध का टैंकर आने के कारण अचानक ब्रेक लगाया। उन्होंने कहा कि इस वजह से दोनों मोटरसाइकिल टकरा गई जिससे सुदीक्षा को चोट आई। सिंह ने कहा कि युवती के भाई ने परेशान किए जाने संबंधी कोई बात पुलिस को नहीं बताई थी। सोशल मीडिया पर प्रसारित हो रहे एक वीडियो में कथित तौर पर भाटी के भाई को कहते हुए सुना जा सकता है, हम मोटरसाइकिल पर 30 किलोमीटर प्रति घटना की रफ्तार से जा रहे थे। बुलेट सवार व्यक्ति हमारे नजदीक गाड़ी चला रहे थे और उन्होंने अचानक से गाड़ी रोक दी। बुलेट की नंबर प्लेट पर जाट बॉयज लिखा था और उसका नंबर यूपी-13 से शुरू था।

मामले की जांच के लिए बुलंदशहर के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ने क्षेत्राधिकारी (शहर) दीक्षा सिंह के नेतृत्व में तीन सदस्ईय एक विशेष जांच दल (एसआईटी) का गठन किया है। जिला पुलिस ने सुदीक्षा के पिता जितेंद्र भाटी द्वारा दायर शिकायत के आधार पर दो अज्ञात व्यक्तियों के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज की है।

# सीएम पद के उम्मीदवार को लेकर मंत्रियों के विचार पार्टी की राय नहीं: जयकुमार

**भाषा।** चेन्नई




**तमिलनाडु** विधानसभा चुनाव 2021 के लिए मुख्यमंत्री पद के उम्मीदवार को लेकर अन्नाद्रमुक के दो मंत्रियों के अलग-अलग विचारों पर पार्टी के एक वरिष्ठ नेता ने बुधवार को कहा कि उनकी सोच को पार्टी की आधिकारिक राय नहीं माना जा सकता और इस तरह का फैसला पार्टी का उपयुक्त निकाय करेगा।

राज्य के मत्स्य पालन मंत्री डी जयकुमार ने यह भी कहा कि सार्वजनिक रूप से अपने विचार व्यक्त करने से अन्नाद्रमुक की जीत सुनिश्चित करने की पार्टी कार्यकर्ताओं की कोशिशें कमजोर पड़ सकती हैं। तमिलनाडु में 2011 से अन्नाद्रमुक सत्ता में है। दरअसल, राज्य के डेयरी विकास मंत्री के टी राजेन्द्र बालाजी ने मौजूदा मुख्यमंत्री के पलानीस्वामी को ही अगले चुनाव में इस पद का उम्मीदवार बनाने का मंगलवार को पुरजोर समर्थन किया था। उन्होंने कैबिनेट के अपने साथी तथा मदुरै के नेता एस के राजू के विपरीत अपने विचार व्यक्त किए थे। सहकारिता मंत्री राजू ने सोमवार को कहा था कि अगले साल विधानसभा चुनाव के बाद अगर पार्टी फिर से सत्ता में आती है तो निर्वाचित विधायक मुख्यमंत्री का चुनाव करेंगे।

दो मंत्रियों के अलग-अलग विचारों पर जयकुमार ने कहा कि अन्नाद्रमुक के सभी कार्यकर्ताओं की इच्छा 2021 के चुनाव में भी पार्टी को जीत हासिल करते देखना है और इस तरह सार्वजनिक रूप से अपने विचार व्यक्त करने से उनकी कोशिशें कमजोर पड़ सकती हैं। उन्होंने कहा कि एम जी रामचंद्रन और जे जयललिता के समय से शक्तिशाली कार्यकारी परिषद और महा परिषद ही अहम फैसले लेती रही है। हमें ऐसे बयान देकर अपने विरोधियों को मौका नहीं देना चाहिए।

# रूस के कोविड-19 टीके के बारे में वैज्ञानिकों को संदेह

**भाषा।** नई दिल्ली



**रूस** के कोविड-19 का टीका विकसित करने पर संदेह को लेकर भारत समेत दुनिया के कई वैज्ञानिकों का कहना है कि समय की कमी को देखते हुए इसका समुचित ढंग से परीक्षण नहीं किया गया है और इसकी प्रभावशीलता साबित करने के लिए पर्याप्त सबूत नहीं हो सकते हैं।

रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने मंगलवार को घोषणा की थी कि उनके देश ने कोरोना वायरस के खिलाफ दुनिया का पहला टीका विकसित कर लिया है जो कोविड-19 से निपटने में बहुत प्रभावी ढंग से काम करता है। इसके साथ ही उन्होंने खुलासा किया था कि उनकी बेटियों में से एक को यह टीका पहले ही दिया जा चुका है। इस देश को अक्तूबर तक बड़े पैमाने पर टीके का निर्माण शुरू होने की उम्मीद है और आवश्यक कर्मचारियों को पहली खुराक देने की योजना बना रहा है। हालांकि विज्ञान समुदाय के कई लोग इससे प्रभावित नहीं हैं। पुणे में भारतीय विज्ञान संस्थान, शिक्षा और अनुसंधान से एक प्रतिरक्षाविज्ञानी विनीता बल ने पीटीआई-भाषा से कहा, जब तक लोगों के पास देखने के लिए क्लीनिकल परीक्षण और संख्या समेत आंकड़े नहीं हैं तो यह मानना मुश्किल है कि जून 2020 और अगस्त 2020 के बीच टीके की प्रभावशीलता पर सफलतापूर्वक अध्ययन किया गया है। उन्होंने कहा, क्या वे नियंत्रित मानव चुनौती अध्ययनों के बारे में बात कर रहे हैं? यदि हां, तो यह सबूत सुरक्षात्मक प्रभावकारिता की जांच करने के लिए भी उपयोगी है।

अमेरिका के माउंट सिनाई के इकान स्कूल ऑफ मेडिसिन में प्रोफेसर फ्लोरियन क्रेमर ने टीके की सुरक्षा पर सवाल उठाए। क्रेमर ने ट्वीटर पर कहा, निश्चित नहीं है कि रूस क्या कर रहा है, लेकिन मैं निश्चित रूप से टीका नहीं लूंगा जिसका चरण तीन में परीक्षण नहीं किया गया है। कोई नहीं जानता कि क्या यह सुरक्षित है या यह काम करता है। वे एचसीडब्ल्यू (स्वास्थ्य देखभाल कार्यकर्ता) और उनकी आबादी को जोखिम में डाल रहे है। भारतीय प्रतिरक्षा विद सत्यजीत रथ ने क्रेमर से सहमति जताई। नई दिल्ली के नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ इम्यूनोलॉजी से प्रतिरक्षाविज्ञानी ने कहा, हालांकि यह इसका उपयोग प्रारंभिक सूचना है, लेकिन यह इसकी प्रभावशीलता का सबूत नहीं है।

इसकी प्रभावशीलता के वास्तविक प्रमाण के बिना वे टीके को उपयोग में ला रहे हैं। वायरोलॉजिस्ट उपासना रे के अनुसार विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) ने टीके के निर्माताओं को निर्धारित दिशानिर्देशों का पालन करने के लिए कहा है। रे ने कहा कि रूसी अधिकारियों के पास चरण एक और दो के परिणाम हो सकते हैं, लेकिन चरण तीन को पूरा करने में इतनी तेजी से विश्वास करना मुश्किल होगा जब तक कि आंकड़े सार्वजनिक रूप से उपलब्ध न हो।

# राज्य स्तर पर अल्पसंख्यक समूहों की पहचान के वास्ते दिशानिर्देशों के लिए जनहित याचिका

**भाषा।** नई दिल्ली

**राज्य** स्तर पर अल्पसंख्यक समूहों की पहचान के लिए दिशा-निर्देश तैयार करने का केन्द्र को निर्देश देने के लिए उच्चतम न्यायालय में एक जनहित याचिका दायर की गई है, ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि अल्पसंख्यकों के लिए बनी योजनाओं का लाभ उनको मिल सकें। यह जनहित याचिका भाजपा नेता और अधिवक्ता अश्विनी कुमार उपाध्याय ने दायर की है। इस याचिका में अल्पसंख्यक शिक्षण संस्थान कानून, 2004 की धारा 2(एफ) की वैधता को भी चुनौती दी गई है। याचिका में कहा गया है कि अल्पसंख्यक शिक्षण संस्थान कानून की यह धारा केन्द्र को अनियत्रित अधिकार ही नहीं देती बल्कि यह साफतौर पर मनमानी, अतार्किक और आहत करने वाली है। अधिवक्ता अश्विनी कुमार दुबे के माध्यम से दायर याचिका में कहा गया है कि अल्पसंख्यकों के निमित्त बनी योजनाओं के लाभ से असली अल्पसंख्यक वंचित रह जाते हैं और इसका लाभ पूरी तरह से बहुमत वाले समूहों को मिल जाता है जो संविधान मे प्रदत्त मौलिक अधिकारों का अतिक्रमण है। याचिका में यह घोषित करने और निर्देश देने का अनुरोध किया गया है कि यहूदी, बौद्ध और हिन्दू धर्म को मानने वाले, जो लद्दाख, मिजोरम, लक्षद्वीप, कश्मीर, नगालैंड, मेघालय, अरूणाचल प्रदेश, पंजाब और मणिपुर में अल्पसंख्यक है, टीएमए पाई प्रकरण में शीर्ष अदालत की व्यवस्था ओर भावनाओं के अनुरूप अपने शिक्षण संस्थान स्थापित कर सकते हैं और उनका प्रशासन कर सकते हैं। टीएमए पाई फाउण्डेशन प्रकरण में न्यायालय ने व्यवस्था दी थी कि राज्य को यह अधिकार है कि वह राष्ट्र हित में अल्पसंख्यक शिक्षण संस्थानों को बेहतर योग्यता वाले शिक्षक प्रदान करने के लिए नियम बनाए ताकि शिक्षा के क्षेत्र में बेहतर लक्ष्य हासिल किया जा सके।

# पंजाब सरकार ने 12वीं कक्षा के छात्रों के बीच मुफ्त स्मार्टफोन बांटे

**भाषा।** चंडीगढ़


चडीगढ़ में विद्यार्थियों को निशुल्क स्मार्ट फोन देते पंजाब के मुख्यमंत्री अमरिंदर सिंह

**पंजाब** की कांग्रेस सरकार ने चुनाव घोषणा पत्र में किए गए वादे को पूरा करते हुए बुधवार को बहुप्रतीक्षित स्मार्टफोन योजना की शुरूआत की और सरकारी स्कूलों में पढ़ने वाले 12 वीं कक्षा के कुछ छात्रों के बीच मोबाइल सेट वितरित किए। इस योजना की शुरूआत पंजाब में कांग्रेस की सरकार बनने के तीन साल से अधिक समय बीत जाने के बाद हुई है। पंजाब में 2017 में हुए विधानसभा चुनाव के दौरान प्रदेश के युवाओं को स्मार्टफोन देना, एक मुख्य चुनावी वादा था। पंजाब के मुख्यमंत्री कैप्टन अमरिंदर सिंह ने यहां वीडियो कांफ्रेंस के जरिए पंजाब स्मार्ट कनेक्ट योजना की शुरूआत की। उन्होंने सांकेतिक तौर पर 12 वीं कक्षा के छह छात्रों को स्मार्टफोन दिया। इसके बाद पूरे प्रदेश में 26 स्थानों पर विभिन्न मंत्रियों, विधायकों एवं अन्य ने स्मार्ट फोन का वितरण किया। इस योजना की शुरूआत होने के बाद विभिन्न जिलों में प्रत्येक मंत्रियों ने विभिन्न स्थानों पर व्यक्तिगत रूप से छात्रों के बीच 20 से ज्यादा फोन वितरित किए। इस योजना के तहत पहले चरण में सरकारी स्कूलों में पढ़ने वाले 12 वीं कक्षा के 1,74,015 छात्र लाभान्वित होंगे। योजना का पहला चरण इस साल नवंबर तक पूरा होगा।

## सिद्धरमैया की दूसरी जांच में संक्रमण की पुष्टि नहीं

**बेंगलुरु।** कोरोना वायरस संक्रमण का एक निजी अस्पताल में उपचार करा रहे कर्नाटक के पूर्व मुख्यमंत्री सिद्धरमैया की दूसरी कोविड-19 जांच रिपोर्ट निगेटिव आई है और उन्हें बृहस्पतिवार को अस्पताल से छुट्टी दे दी जाएगी। सिद्धरमैया के कार्यालय ने बुधवार को यह जानकारी दी। वहीं, विधानसभा में विपक्ष के नेता ने बुधवार को अपना 72वां जन्मदिन मनाया। एक बयान में बताया गया कि सिद्धरमैया अब पूरी तरह से स्वस्थ हो गए हैं। बयान में कहा गया, चिकित्सकों के अनुसार दूसरी बार गले से लार के नमूनों की और रक्त की जांच की गई और रिपोर्ट में संक्रमण की पुष्टि नहीं हुई है। सिद्धरमैया को चार अगस्त को मणिपाल अस्पताल में भर्ती किया गया था। उन्हें सिर्फ शुरुआती दो दिनों तक बुखार रहा और इसके बाद उनमें संक्रमण के कोई लक्षण नहीं थे। बयान के अनुसार, चिकित्सकों ने बताया कि सिद्धरमैया को कल अस्पताल से छुट्टी मिल जाएगी।

# कर्नाटक में बस में आग लगने से पांच की मौत

**भाषा।** बेंगलुरु



**चित्रदुर्ग** जिले में राष्ट्रीय राजमार्ग पर बुधवार सुबह बेंगलुरु आ रही एक बस में आग लग गई जिसमें तीन बच्चों समेत पांच लोगों की मौत हो गई। इस हादसे में कई लोग घायल हो गए। पुलिस सूत्रों के अनुसार बस में कुल 32 लोग सवार थे। पुलिस के एक अधिकारी ने कहा, राष्ट्रीय राजमार्ग-4 पर तड़के साढ़े तीन बजे एक बस में आग लगने से पांच लोगों की मौत हो गई। बस बीजापुर से बेंगलुरु जा रही थी। उन्होंने बताया कि मृतकों की अभी तक शिनाख्त नहीं हो पाई है। हादसे में झुलस गए कई लोगों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। उन्होंने संदेह जताया कि आग तब लगी जब बस सड़क किनारे खड़ी थी। आग लगने के कारणों का पता नहीं चल पाया है।

# पेज एक का शेष

## आधी रात...

गैस के गोले दागे और बाद में गोलियां चलाईं, जिसमें तीन लोगों की मौत हो गई। कर्नाटक की सत्ताधारी भाजपा ने बुधवार को कांग्रेस पर उन दंगाइयों के खिलाफ मुखर न होने का आरोप लगाया जिन्होंने विपक्ष के एक विधायक पर बेंगलुरु में हमला किया। भड़की हिंसा में कांग्रेस की चुप्पी पर सवाल उठाते हुए भाजपा ने कहा ऐसा लगता है कि तुष्टिकरण ही उसकी एकमात्र आधिकारिक नीति बन गई है।भाजपा महासचिव पी मुरलीधर राव ने सिलसिलेवार ट्वीट कर कहा, शर्मनाक और घृणास्पद। बेंगलुरु में कल हुई हिंसा पर कर्नाटक कांग्रेस चुप है। छद्मधारी इस दंगे के खिलाफ मुखर नहीं हैं। बेंगलुरु को अभी दंगों के डर से आजादी की आवश्यकता है। वहीं कांग्रेस के मुख्य प्रवक्ता रणदीप सुरजेवाला ने यह दावा किया कि इस घटना से कानून-व्यवस्था की विफलता साबित हुई है।

## भारत समेत...

सिस्टेमा के बिन्नोफार्मा दवा कारखाने में वैक्सीन का बड़े पैमाने पर उत्पादन शुरू कर दिया है। वैक्सीन को दो खुराक में तैयार किया गया है। इसमें मानव एडिनोवायरस के दो सेरोटाइप होते हैं। प्रत्येक में नए कोरोनो वायरस का एस-एंटीजन होता है, जो मानव कोशिकाओं में प्रवेश करता है और एक प्रतिरक्षा प्रतिक्रिया उत्पन्न करता है। विशेषज्ञों का मानना है कि चरण-1 और चरण-2 के टेस्ट सुरक्षा और प्रभाव के बारे में पता लगाने के लिए पर्याप्त नहीं हैं। ये बहुत छोटे हैं। पारंपरिक रूप से नियामक वैक्सीन को मंजूरी देने के लिए चरण-3 के ट्रायल के लिए कहते हैं। आमतौर पर चरण-3 का ट्रायल 20,000-40,000 लोगों पर किया जाता है, ताकि यह पता लगाया जा सके कि जिन्हें टीका लगाया जा रहा है, वास्तविक दुनिया में कोविड-19 के संक्रमण से रोक सकता है और यह कितने समय तक प्रभावी रहता है।

## कोविड-19...

संख्या 16 लाख के आंकड़े को पार कर गई है तथा ठीक होने की दर बढ़कर 70.38 प्रतिशत के आंकड़े पर पहुंच चुकी है। देश में इस समय कोविड-19 के उपचाराधीन मरीजों की संख्या 6,43,948 है। यह संख्या देश में अब तक सामने आए इस महामारी के कुल मामलों की 27.64 प्रतिशत है। ए लोग सक्रिय चिकित्सकीय निगरानी में हैं। मंत्रालय ने कहा कि मरीजों के लगातार ठीक होने के कारण बीमारी को हरा चुके लोगों तथा उपचाराधीन मरीजों के बीच लगभग 10 लाख का अंतर हो चुका है। अस्पतालों में अच्छे और प्रभावी चिकित्सकीय उपचार, मरीजों को समय पर उचित इलाज उपलब्ध कराने के लिए एंबुलेंस सेवा पर अधिक ध्यान दिए जाने जैसे कदमों का परिणाम सफलता के रूप में निकला है। मंत्रालय ने कहा, परिणामस्वरूप, भारत में मृत्युदर वैश्विक मृत्युदर की तुलना में कम रही है। वर्तमान में यह 1.98 प्रतिशत है। इसने कहा कि भारत में मंगलवार को पिछले 24 घंटे में 7,33,449 नमूनों की जांच की गई। कुल जांच संख्या अब 2.6 करोड़ से अधिक हो गई है। प्रति 10 लाख की आबादी पर जांच का आंकड़ा बढ़कर 18,852 तक पहुंच गया है। मंत्रालय ने कहा कि भारत में प्रयोगशाला नेटवर्क को लगातार मजबूत किया जा रहा है। देश में इस समय कोविड-19 जांच संबंधी।,421 प्रयोगशालाएं हैं जिनमें से 944 सरकारी और 477 निजी प्रयोगशालाएं हैं।

## सुशांत सुसाइड...

आत्महत्या की तो इतना हो रहा है, परसों सतारा में एक किसान ने कहा कि उनके जिले में 20 किसानों ने आत्महत्या कर ली, लेकिन उस पर बात नहीं हो रही। दरअसल, बॉलिवुड ऐक्टर सुशांत सिंह राजपूत की मौत बिहार बनाम महाराष्ट्र की लड़ाई बन गई है। पवार से पहले शिवसेना सांसद संजय राउत भी इस मुद्दे पर अपनी राय रख चुके हैं। इसके अलावा एनसीपी नेता माजिद मेमन के सुशांत को लेकर दिए बयान पर विवाद खड़ा हो गया। माजिद मेमन ने बुधवार को एक ट्वीट कर कहा कि सुशांत सिंह राजपूत को उनकी मौत के बाद उनकी जिंदगी से कहीं ज्यादा लोकप्रियता मिल रही है। मीडिया में उन्हें जितनी जगह मिल रही है, उतनी तो हमारे प्रधानमंत्री या अमेरिका के राष्ट्रपति को भी नहीं मिलती होगी। हालांकि इस बयान पर विरोध उठने के बाद पार्टी के प्रवक्ता नवाब मलिक ने सफाई देते हुए कहा कि यह माजिद का निजी बयान है और पार्टी का इससे कोई लेना-देना नहीं है।

## लड़ाई के...

बहाल रखें। सुशासन से देश व प्रदेश की सेवा करें और कोरोना महामारी का डटकर मुकाबला करें। राजस्थान की जनता ने संकट की घड़ी में फोन करके विधायकों की हौसला आफजाई की है ताकि सरकार स्थिर बनी रहे। ऐसे में अब उन्हें दोगुनी शक्ति के साथ उनकी सेवा करनी है। हाल के घटनाक्रम को लेकर अपने समर्थक विधायकों की नाराजगी के बाबत गहलोत ने कहा कि जो कुछ भी घटा और जिस रूप में किया उससे ऐसा होना स्वाभाविक ही है। उन्होंने सबको समझा दिया है और पूरी उम्मीद है कि हम मिलजुलकर राज्य के विकास के लिए काम करेंगे।

# श्रीलंकाई गैंगस्टर मामले में आरोपी तीन दिन के सीबी-सीआईडी हिरासत में

**भाषा।** कोयंबटूर

**कोयंबटूर** की एक अदालत ने यहां जाली दस्तावेजों के आधार पर श्रीलंकाई गैंगस्टर अंगोडा लोक्का को आधार कार्ड बनवाने में कथित रूप से भूमिका निभाने को लेकर गिरफ्तार किए गए तीन आरोपियों को बुधवार को सीबी-सीआईडी हिरासत में भेज दिया। मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट (प्रभारी) पी श्रीकुमार ने तीन आरोपियों को इस मामले की जांच कर रही सीबी-सीआईडी पुलिस द्वारा हिरासत में तीन दिन पूछताछ करने की मंजूरी दे दी। इससे पहले तीनों आरोपियों को विशेष जांच एजेंसी ने अदालत पेश किया और उन्हें सात दिनों के लिए अपनी हिरासत में लेने की अनुमति देने का अनुरोध किया।

ये तीनों हैं: मदुरै के वकील शिवाकामी सुंदरी, तिरूपुर के द्यानेश्वरण, और श्रीलंकाई नागरिक अमानी थांजी। दोनों पक्षों की दलीलें सुनने के बाद मजिस्ट्रेट श्रीकुमार ने सीबी-सीआईडी ने उन्हें हिरासत में लेने की अनुमति दी और साथ ही तीन दिन बाद अदालत में पेश करने का निर्देश दिया। इन तीनों को लोक्का के लिए प्रदीप सिंह नाम से आधार कार्ड बनवाने के लिए जाली दस्तावेज का जुगाड़ करने को लेकर सीबी-सीआईडी ने गिरफ्तार किया था। पिछले दो सप्ताह से यहां ठहरा हुआ लोक्का की हाल ही मौत हो गई।

## भूटान में लॉकडाउन से पश्चिम बंगाल के रास्ते दोनों देशों के बीच होने वाला कारोबार रूका

**अलीपुरद्वार (पश्चिम बंगाल)।** भूटान में कोरोना वायरस संक्रमण के बढ़ते मामलों को रोकने के लिए लागू लॉकडाउन की वजह से पश्चिम बंगाल के अलीपुरद्वार जिले में जायगांव के रास्ते होने वाले भारत-भूटान कारोबार को फिलहाल रोक दिया गया है। एक अधिकारी ने बुधवार को यह जानकारी दी। अलीपुरद्वार जिले के एक अधिकारी ने बताया कि पड़ोसी देश में मंगलवार से सम्पूर्ण लॉकडाउन प्रभावी होने के बाद भारत के जायगांव और भूटान के फुएनत्सोलिंग के सीमा द्वार बंद कर दिए गए हैं। उन्होंने बताया, जायगांव सीमा से होने वाला कोरबार पूरी तरह से रूक गया है। इसके बावजूद, दोनों आरे की सीमाओं पर कोई वाहन नहीं फंसा हुआ है क्योंकि भूटानी प्रशासन ने अलीपुरद्वार जिला प्रशासन को लॉकडाउन की पूर्व सूचना दे दी थी। इससे हमें समुचित कदम उठाने का मौका मिल गया। पश्चिम बंगाल के तीन जिलों- अलीपुरद्वार, जलपाईगुड़ी और कलिम्पोंग- की सीमा भूटान के साथ लगती है लेकिन इस पड़ोसी देश के साथ ज्यादातर कारोबार जायगांव-फुएनत्सोलिंग रास्ते से ही होता है। सूत्रों ने बताया कि भूटान जायगांव के रास्ते मुख्य रूप से पारंपरिक परिधान, आभूषण, शहद, अदरक, और दुग्ध उत्पाद निर्यात करता है और सब्जियां, अनाज, दवाएं, कपड़े और चाय आयात करता है।

## एटलेटिको की महिला टीम के चार सदस्य पॉजिटिव

**मैड्रिड**। बार्सीलोना के खिलाफ चैम्पियंस लीग मैच से पहले एटलेटिको मैड्रिड महिला फुटबॉल टीम के चार सदस्य पिछले 10 दिन में कोरोना वायरस जांच में पॉजिटिव पाए गए हैं। टीम ने बताया कि हाल ही में खिलाड़ियों, कोचों और टीम के अन्य सदस्यों के नए सिरे से टेस्ट कराने के बाद नतीजे आए हैं। पिछले सप्ताह एक खिलाड़ी के पॉजिटिव पाए जाने के बाद दोबारा जांच कराई गई। इसके बाद से सारी अभ्यास गतिविधियां बंद कर दी गई थी और आगे भी बंद रहेगी। क्लब ने कहा कि संक्रमित खिलाड़ियों में कोई लक्षण नहीं पाए गए हैं। आने वाले दिनों में उनकी फिर जांच होगी।

## बार्सिलोना का फुटबालर कोराना पॉजिटिव मिला

**बार्सिलोना**। बार्सिलोना फुटबॉल क्लब ने बुधवार को कहा कि उसका एक खिलाड़ी कोरोना वायरस जांच में पॉजिटिव पाया गया है और वह उसकी चैम्पियंस लीग टीम का हिस्सा नहीं है। बार्सिलोना ने खिलाड़ी के नाम का खुलासा नहीं किया लेकिन कहा कि वह, सीनियर टीम के किसी भी खिलाड़ी के संपर्क में नहीं था जिन्हें लिस्बन की यात्रा करनी है। बार्सिलोना का सामना पुर्तगाल में शुक्रवार को चैम्पियंस लीग के क्वार्टरफाइनल में बायर्न म्यूनिख से होगा।

## कोरोना वायरस के कारण पेरिस मैराथन रद्द

**पेरिस**। पेरिस मैराथन के आयोजकों ने बुधवार को कहा कि नई तारीख को ढूंढने के लगातार प्रयासों के बावजूद कोरोना वायरस के कारण इसे रद्द कर दिया गया। इस मैराथन का आयोजन पहले अप्रैल में होना था लेकिन फिर इसे अक्टूबर में कराने का फैसला किया गया। आयोजकों ने कहा कि उन्होंने हाल में इस रेस को नवंबर में आयोजित करने की कोशिश की लेकिन यात्रा पाबंदियों के कारण इसे कराना संभव नहीं था। आयोजकों ने बयान में कहा कि विदेश से आने वाले कई धावकों के लिए 14-15 नवंबर के लिए उपलब्ध कराना मुश्किल था, जिसे देखते हुए फैसला किया गया कि बेहतर यही होगा कि हम श्नेडर इलेक्ट्रिक मैराथन डि पेरस का आयोजन 2021 में करें।

## एलपीजीए में तीन भारतीय गोल्फर हिस्सा लेंगी

**नॉर्थ बेरविक ( स्कॉटलैंड )**। भारत की तीन महिला गोल्फर अदिति अशोक, दीक्षा डागर और त्वेसा मलिक गुरुवार से शुरू हो रहे लेडीज स्कॉटिश ओपन गोल्फ टूर्नामेंट के साथ पहली बार एलपीजीए टूर्नामेंट में एक साथ हिस्सा लेंगी। लेडीज यूरोपीय टूर (एलईटी) की शीर्ष प्रतियोगिता लेडीज स्कॉटिश ओपन को 2017 से एलपीजीए की संयुक्त मान्यता हासिल है और यह चौथी बार है जब दोनों टूर मिलकर प्रतियोगिता का आयोजन कर रहे हैं। पहले दौर में दीक्षा को स्टेफनी काइरियाकू और यू ल्यू के साथ टूर्नामेंट की शुरुआत करनी है जबकि अदिति को स्कॉटलैंड की स्टार कार्ली बूथ और दक्षिण अफ्रीका की ली आन पेस के साथ खेलना है। त्वेसा अपने अभियान की शुरुआत ईलिमी नोह और एमिली क्रिस्टीन पेडरसन के साथ करेंगी।

## चेन्नईयिन एफसी ने एली सेबिया का अनुबंध बढ़ाया

**चेन्नई**। इंडियन सुपर लीग (आईएसएल) टीम चेन्नईयिन एफसी ने ब्राजील के डिफेंडर एली सेबिया का अनुबंध 2020-21 सत्र के लिए बढ़ा दिया है। क्लब ने यह जानकारी दी। चेन्नईयिन एफसी के बयान में सेबिया के हवाले से कहा गया, चेन्नईयिन एफसी के साथ जुड़े रहने को लेकर मिली खुशी को मैं शब्दों को बयां नहीं कर सकता। मेरे परिवार और मुझे क्लब, प्रशंसकों और चेन्नई शहर से जो प्यार मिला है उसकी बराबरी नहीं की जा सकती। उन्होंने कहा कि पिछले सत्र में हम फाइनल में हार गए थे।

## अमन गुप्ता स्ट्रोक प्ले में पांचवें स्थान पर

**बेंडन ड्यून्स ( अमेरिका )**। युवा गोल्फर अमन गुप्ता ने एक ओवर 73 के लचर प्रदर्शन के बावजूद संयुक्त रूप से पांचवें स्थान पर रहते हुए 120वीं यूएस एमेच्योर गोल्फ चैंपियनशिप के मैच प्ले वर्ग में जगह बनाई। पहले दौर के बाद शीर्ष पर चल रहे भारतीय मूल के अमेरिकी अमन ने दूसरे दौर में पांच बर्डी लगाई लेकिन वह छह बोगी भी कर बैठे जिससे उनका स्कोर एक ओवर रहा। कल बेंडन ट्रेल्स में 64 का स्कोर बनाने वाले अमन के रिकॉर्ड को एक ही दिन में विल्सन फुर ने नौ अंडर 62 के स्कोर से तोड़ दिया।

## सेविला यूरोपा लीग के सेमीफाइनल में

**डुइसबर्ग ( जर्मनी )**। अंतिम लम्हों में लुकास ओकामपोस के हैडर से दागे गोल की बदौलत सेविला ने वोल्वरहैम्पटन को 1-0 गोल से हराकर यूरोपा लीग फुटबॉल टूर्नामेंट के सेमीफाइनल में जगह बनाई। सेविला की टीम भाग्यशाली रही जब वोल्व्स के राउल जिमिनेज शुरुआत में ही पेनल्टी को गोल में बदलने में नाकाम रहे। सेविला ने इसके बाद धीरे धीरे मैच पर नियंत्रण बनाया और 88वें मिनट में एडर बेनेगा के क्रॉस पर हैडर से ओकामपोस के गोल की मदद से।-0 की बढ़त बना ली जो निर्णायक साबित हुई।

# रायल्स के क्षेत्ररक्षण कोच दिशांत याग्निक कोरोना पॉजिटिव निकले

### लीग फ्रेंचाइजी में वायरस संक्रमण का पहला मामला मिला

**वाददाता**। नई दिल्ली

**इंडियन** प्रीमियर लीग (आईपीएल) फ्रेंचाइजी राजस्थान रायल्स ने बुधवार को घोषणा की कि उनके क्षेत्ररक्षण कोच दिशांत याग्निक को कोविड-19 जांच में पॉजिटिव पाया गया है। यह लीग फ्रेंचाइजी में कोरोना वायरस संक्रमण का पहला मामला है। लुभावनी टी-20 लीग में हिस्सा लेने के लिए टीम को अगले हफ्ते संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) के लिए रवाना होना है जो 19 सितंबर से 10 नवंबर तक खेली जाएगी। भारत में कोरोना वायरस के बढ़ते मामलों को देखते हुए आईपीएल के 13वें चरण को यूएई में कराने का फैसला किया गया। फ्रेंचाइजी ने बयान में कहा कि राजस्थान रायल्स यह सूचित करना चाहता है कि उनके क्षेत्ररक्षण कोच दिशांत याग्निक को कोविड-19 पॉजिटिव पाया गया है। यह परीक्षण यह ध्यान में रखते हुए किया गया कि टीम सदस्यों को यूएई के लिए फ्लाइट पकड़ने के लिए अगले हफ्ते मुंबई में इकट्ठा होना है। इसमें कहा गया, फ्रेंचाइजी ने यूएई की यात्रा करने वाले सभी खिलाड़ियों, सहयोगी स्टाफ और प्रबंधन के लिए भारतीय क्रिकेट बोर्ड द्वारा सिफारिश की गई दो जांच के अलावा एक अतिरिक्त परीक्षण कराने का फैसला किया था। आईपीएल दल में यह पहला मामला है। याग्निक इस समय अपने गृहनगर उदयपुर में हैं और उन्हें 14 दिन के अनिवार्य पृथकवास के लिए अस्पताल में भर्ती किए जाने की सलाह दी गई है।

दो हफ्ते के पृथकवास को पूरा करने के बाद याग्निक के बीसीसीआई कोविड प्रोटोकॉल के अनुसार दो परीक्षण कराए जाएंगे और इनमें नेगेटिव पाए जाने की स्थिति में ही उन्हें टीम के साथ जुड़ने की अनुमति दी जाएगी। यूएई में पहुंचने के बाद याग्निक को अगले छह दिनों तक अलग रहना होगा और तीन कोविड-19 जांच करानी होंगी। फ्रेंचाइजी ने बयान में कहा, दो नेगेटिव रिपोर्ट आने के बाद उन्हें यूएई में पहुंचने के बाद छह दिन अलग रहने और तीन परीक्षण में नेगेटिव आने के बाद टीम से जुड़ने की अनुमति दी जाएगी। फ्रेंचाइजी ने यह भी पुष्टि की कि कोई भी खिलाड़ी पिछले 10 दिन में याग्निक के संपर्क में नहीं था। घरेलू सर्किट में राज्य टीम का प्रतिनिधित्व कर चुके याग्निक और फ्रेंचाइजी दोनों ने इसके बारे में ट्वीट किया और उनसे पिछले 10 में करीबी संपर्क में आने वाले सभी लोगों से अलग रहने और कोविड-19 जांच कराने का अनुरोध किया।

रायल्स ने बयान में कहा कि पिछले 10 दिन में दिशांत के साथ करीबी संपर्क में रहने वाले सभी लोगों से हम पृथक में रहने और कोविड-19 जांच कराने का अनुरोध करते हैं। हम पुष्टि कर सकते हैं कि राजस्थान रायल्स या अन्य आईपीएल के खिलाड़ी पिछले 10 दिन में उनके करीबी संपर्क में नहीं थे। इसमें कहा गया कि हम उनके जल्दी ठीक होने की कामना करते हैं और जल्द ही यूएई में रायल्स शिविर में जुड़ने की उम्मीद लगाए हैं।

बाएं हाथ के विकेटकीपर बल्लेबाज याग्निक ने 25 आईपीएल मैचों में 170 रन बनाए। 37 साल के याग्निक ने 2004 में प्रथम श्रेणी पदार्पण किया था और 50 मैचों में 1754 रन बनाए थे। 41 लिस्ट ए मैचों में उन्होंने 945 रन बनाए।

## अनअकैडमी आईपीएल टाइटल प्रायोजक अधिकार हासिल करने को बोली लगाएगी

**भाषा**। नई दिल्ली

**शिक्षा** प्रोद्यौगिकी कंपनी अनअकैडमी इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के प्रायोजकों में से एक है और अब उसकी निगाहें लीग के टाइटल प्रायोजन अधिकार हासिल करने पर लगी हैं और वह इस साल चीनी मोबाइल फोन कंपनी वीवो की जगह लेने के लिए अपनी बोली सौंपने को तैयार है। भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) के एक अधिकारी ने पुष्टि की कि अनअकैडमी ने बोली लगाने के लिए फार्म लिया है लेकिन इसके आगे कोई भी टिप्पणी करने से इनकार कर दिया। सीनियर अधिकारी ने नाम नहीं बताने की शर्त पर कहा कि मैं यह पुष्टि कर सकता हूं कि अनअकैडमी ने दिलचस्पी दिखाई है और बोली लगाने के लिए पेपर लिए हैं। मैंने सुना है कि वे बोली सौंपेंगे और इस बारे में गंभीर हैं। इसलिए पंतजलि अगर बोली लगाता है तो उसे प्रतिस्पर्धा मिलेगी। भारत और चीन की सीमा पर सैनिकों के बीच हुई भिंड़त के कारण इस साल वीवो ने टाइटल प्रायोजन अधिकार से हटने का फैसला किया जो सालाना 440 करोड़ रुपये देता था।

# विश्व कप के एशियाई क्वालीफाइंग मुकाबले 2021 तक स्थगित

### भारतीय फुटबॉल टीम इस साल कोई मैच नहीं खेलेगी

**भाषा**। नई दिल्ली

**कोरोना** वायरस महामारी के कारण 2022 फीफा विश्व कप के एशियाई क्वालीफाइंग मुकाबले 2021 के लिए स्थगित होने के बाद भारतीय फुटबॉल टीम इस साल कोई मैच नहीं खेलेगी। एशियाई फुटबॉल परिसंघ (एएफसी) ने 2022 विश्व कप और 2023 एशियाई कप के अक्टूबर और नवंबर में होने वाले सभी पुरुष क्वालीफायर मुकाबलों को स्थगित कर दिया है। भारत ने पिछला अंतरराष्ट्रीय मुकाबला पिछले साल नवंबर में मस्कट में ओमान के खिलाफ खेला था जो संयुक्त क्वालीफाइंग मैच था। भारत यह मैच 0-1 से हार गया था। भारत विश्व कप क्वालीफायर के अगले दौर में जगह बनाने की दौड़ से बाहर हो चुका है लेकिन अब भी 2023 एशियाई कप के लिए क्वालीफाई करने की दौड़ में बना हुआ है। टीम को आठ अक्टूबर को स्वदेश में कतर से भिड़ना था जबकि इसके बाद नवंबर में अफगानिस्तान के खिलाफ स्वदेश में और बांग्लादेश के खिलाफ उसकी सरजमीं पर मुकाबले खेलने थे। भारत अगर ग्रुप में तीसरे स्थान तक रहता है तो 2023 एशियाई कप क्वालीफायर के तीसरे दौर में सीधे प्रवेश कर जाएगा। खेल की वैश्विक संस्था फीफा और एएफसी ने संयुक्त बयान जारी करके कहा कि कई देशों में कोरोना वायरस महामारी से जुड़ी मौजूदा स्थिति को देखते हुए फीफा और एशियाई फुटबॉल परिसंघ ने संयुक्त रूप से फैसला किया है कि फीफा विश्व कप कतर 2022 और एएफसी एशियाई कप चीन 2023 के आगामी क्वालीफाइंग मुकाबलों को 2021 में खेला जाएगा। मुकाबले अक्टूबर-नवंबर 2020 की अंतरराष्ट्रीय मुकाबलों की विंडो के दौरान होने थे। फीफा और एएफसी ने कहा कि कोरोना वायरस महामारी के दौरान सभी प्रतिभागियों की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए फीफा और एएफसी एक साथ मिलकर काम करना जारी रखेंगे और क्षेत्र में स्थिति पर करीबी नजर रखेंगे।

# 19 अगस्त से शुरू होगा राष्ट्रीय हॉकी शिविर

**भाषा**। नई दिल्ली

**पुरुष** हॉकी टीम के कप्तान मनप्रीत सिंह सहित छह खिलाड़ियों के कोविड-19 जांच में पॉजिटिव होने से अस्पताल में भर्ती होने के बावजूद भारत की राष्ट्रीय हॉकी टीमों के लिए ट्रेनिंग शिविर तय समयानुसार 19 अगस्त से बेंगलुरू में शुरू हो जाएंगे। पुरुष और महिला टीमें बेंगलुरू में भारतीय खेल प्राधिकरण (साइ) के दक्षिण केंद्र में ट्रेनिंग बहाल करेंगी। साइ के बुधवार को जारी बयान के अनुसार, भारतीय पुरुष और भारतीय महिला टीमें 14 दिन के पृथकवास को पूरा करने के बाद 19 अगस्त 2020 से खेल गतिविधियां शुरू करेंगी। हॉकी इंडिया के अधिकारियों और दोनों टीमों के मुख्य कोचों सहित खेल के हितधारकों के बीच चर्चा के बाद यह फैसला लिया गया। इसके अनुसार सभी खिलाड़ियों की सुरक्षा और स्वास्थ्य को सबसे बड़ी प्राथमिकता मानते हुए यह फैसला किया गया कि साइ के बेंगलुरू स्थित राष्ट्रीय उत्कृष्टता केंद्र में खेल गतिविधियां शुरू की जाएंगी जो पहले निर्धारित किया गया था। छह खिलाड़ियों के कोविड-19 पॉजिटिव पाए जाने के बाद पुरुष हॉकी खिलाड़ियों का शिविर लगना अनिश्चित था। महिला शिविर के आयोजन पर हालांकि कोई संदेह नहीं था क्योंकि सभी कोरोन वायरस की जांच में नेगेटिव आई थीं। कप्तान मनप्रीत, स्ट्राइकर मनदीप सिंह, डिफेंडर सुरेंद्र कुमार, जसकरण सिंह, ड्रैग फ्लिकर वरुण कुमार और गोलकीपर कृष्ण बहादुर पाठक को पॉजिटिव पाए जाने के बाद अस्पताल में भर्ती कराया गया। छह पॉजिटिव खिलाड़ी (ज्यादातर पंजाब से) 10 सदस्यीय समूह का हिस्सा थे जो एक साथ नई दिल्ली से पहुंचे थे। इस समय 33 पुरूष और 24 महिला खिलाड़ी शिविर के लिए बेंगलुरू में हैं। राष्ट्रीय शिविर के 30 सितंबर तक जारी रहने की उम्मीद है। साइ ने कहा कि शिविर लगाने का फैसला सर्वसम्मति से लिया गया और कड़े सुरक्षा प्रोटोकॉल के अंतर्गत ही इसका आयोजन किया जाएगा। भारतीय पुरुष हॉकी टीम के मुख्य कोच ग्राहम रीड ने कहा कि खिलाड़ियों और सहयोगी स्टाफ का स्वास्थ्य शिविर के दौरान पहली प्राथमिकता होगा।

## सीनियर खिलाड़ियों को लय में आने में मुश्किल नहीं होगी: बालाजी

**चेन्नई**। चेन्नई सुपरकिंग्स (सीएसके) के कोच एल बालाजी ने बुधवार को कहा कि उनकी टीम में कई खिलाड़ी 30 साल से ऊपर की उम्र के हैं लेकिन यह उनके लिए नुकसानदेह नहीं बल्कि फायदेमंद ही साबित होगा। कोरोना वायरस के कारण लंबे ब्रेक के बाद इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) की टीमें 13वें चरण की तैयारी में जुटी हैं। महेंद्र सिंह धोनी (39 वर्ष) आगामी आईपीएल चरण में तीन बार की विजेता सीएसके की अगुआई करने को तैयार हैं जिसका आयोजन 19 सितंबर से 10 नवंबर तक संयुक्त अरब अमीरात में किया जाएगा। यह पूछने पर कि क्या सीनियर खिलाड़ियों को लय में आने में मुश्किल होगी तो बालाजी ने इससे इनकार करते हुए पीटीआई से कहा, मुझे नहीं लगता कि यह इतना मुश्किल होगा क्योंकि आपने पूरी जिंदगी यह खेल खेला है। इतने साल से इस खेल को समझते हो, जो सर्वश्रेष्ठ वापसी के लिए काम आएगा। उन्होंने कहा कि अनुभव निश्चित रूप से महत्वपूर्ण होगा। यह आईपीएल जैसे बड़े टूर्नामेंट में साबित हो चुका है।

# पूर्व खिलाड़ियों के अनुभव का उपयोग करें: द्रविड़



### पूर्व कप्तान ने बोर्ड के प्रदेश ईकाइयों से कहा

**भाषा**। मुंबई

**राष्ट्रीय** क्रिकेट अकादमी के प्रमुख राहुल द्रविड़ ने भारतीय क्रिकेट बोर्ड की मान्य ईकाइयों के सदस्यों से बोर्ड द्वारा आयोजित एक वेबिनार में बातचीत के दौरान सुझाव दिया कि वे पूर्व खिलाड़ियों के अनुभव का अधिक से अधिक इस्तेमाल करें। विभिन्न प्रदेश ईकाइयों के सचिवों और क्रिकेट परिचालन प्रमुखों ने इस वेबिनार में भाग लिया। इसमें द्रविड़ के साथ बीसीसीआई एनसीए के शिक्षा प्रमुख सुजीत सोमासुंदर और ट्रेनर आशीष कौशिक भी शामिल थे। बातचीत मुख्य रूप से फिटनेस टाटा एकत्र करने और कोरोना महामारी के बीच फिटनेस ट्रेनिंग शुरू करने पर हुई। वेबिनार में भाग लेने वाली एक प्रदेश ईकाई के सचिव ने बताया कि राहुल ने कभी नहीं कहा कि यह अनिवार्य है लेकिन उन्होंने प्रदेशों को सुझाव दिया कि वे पूर्व खिलाड़ियों की सेवाएं लें। अन्य मसलों के बारे में पूछे जाने पर तीनों ने कहा कि एनसीए दो चरण में ट्रेनिंग बहाल करने की सोच रहा है जिसमें आनलाइन और शारीरिक ट्रेनिंग शामिल हैं। उन्होंने कहा कि मौजूदा समय में 25 से 30 खिलाड़ियों का एक साथ अभ्यास करना संभव नहीं है। इसलिए प्रदेश टीमों के ट्रेनर और फिजियो आनलाइन और चरणबद्ध तरीके से अभ्यास कराएंगे।

## टी-20 विश्व कप के लिए श्रीलंका और यूएई होंगे भारत के बैकअप

नई दिल्ली। भारत अगर अगले साल टी-20 विश्व कप की मेजबानी नहीं कर पाता है तो अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद ने श्रीलंका और संयुक्त अरब अमीरात को बैकअप के तौर पर रखा है। अभी टूर्नामेंट में पूरा एक साल बाकी है। इस साल आस्ट्रेलिया में होने वाला टी-20 विश्व कप कोरोना वायरस महामारी के कारण एक साल के लिए स्थगित कर दिया गया है। अगर कोरोना महामारी के कारण भारत में टूर्नामेंट नहीं हो पाता है तो श्रीलंका और यूएई को पुरुष टी-20 विश्व कप 2021 में बैकअप वेन्यू के तौर पर रखा गया है। आईसीसी ने पिछले सप्ताह पुष्टि की थी कि टी-20 विश्व कप 2021 भारत में और 2022 में आस्ट्रेलिया में होगा। किसी भी वैश्विक टूर्नामेंट में बैक अप वेन्यू के लिए एक मानक प्रोटोकॉल होता है। रिपोर्ट के अनुसार हर आईसीसी टूर्नामेंट के लिए बैक वेन्यू मानक प्रोटोकॉल के अनुसार ही तय होता है लेकिन कोरोना महामारी को देखते हुए इस बार इसका अतिरिक्त महत्व है। इसमें कहा गया कि कोरोना महामारी से भारत तीसरा सबसे बुरी तरह प्रभावित देश है। वहां अब तक 20 लाख से अधिक मामले आ चुके है।

# सेंसेक्स में चार दिन से जारी तेजी पर लगा विराम

**भाषा**। मुंबई

**बीएसई** सेंसेक्स में पिछले चार कारोबारी सत्रों से जारी तेजी पर बुधवार को विराम लग गया। सेंसेक्स और एनएसई निफ्टी दोनों मामूली गिरावट के साथ बंद हुए। 30 शेयरों वाला सेंसेक्स कारोबार के दौरान एक समय 38,125.81 तक गिर गया था। यह अंत में 37.38 अंक यानी 0.10 प्रतिशत की हल्की गिरावट के साथ 38,369.63 अंक पर बंद हुआ। इसी प्रकार, नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी 14.10 अंक यानी 0.12 प्रतिशत टूटकर 11,308.40 अंक पर बंद हुआ। सेंसेक्स के शेयरों में सर्वाधिक नुकसान कोटक बैंक को हुआ। इसमें 2.10 प्रतिशत की गिरावट आई। इसके अलावा, जिन अन्य प्रमुख शेयरों में गिरावट दर्ज की गई, उनमें सन फार्मा, बजाज फिनसर्व, एल एंड टी, बजाज फाइनेंस, एचयूएल और टाइटन शामिल हैं। दूसरी तरफ एचसीएल टेक, एसबीआई, टेक महिंद्रा, मारुति, महिंद्रा एंड महिंद्रा और अल्ट्रा टैक सीमेंट में 4.86 प्रतिशत तक की तेजी दर्ज की गई। कारोबारियों के अनुसार कमजोर वृहत आर्थिक आंकड़े और कोरोना वायरस के बढ़ते मामलों को लेकर बाजार धारणा प्रभावित हुई। सरकार के मंगलवार को जारी आकंड़े के अनुसार कोराना वायरस संकट के कारण आर्थिक गतिविधियां प्रभावित होने से देश का औद्योगिक उत्पादन जून महीने में 16.6 प्रतिशत घट गया। इस बीच वैश्विक स्तर पर कोविड-19 संक्रमण के मामलों की संख्या 2.02 करोड़ को पार कर गई। वहीं भारत में संक्रमण के मामले 23 लाख से ऊपर हो गए हैं।

## गहरी मंदी की चपेट में ब्रिटेन: ऋषि सुनक

**लंदन**। ब्रिटेन में कोरोना वायरस महामारी पर काबू पाने के लिए लागू किए गए लॉकडाउन के चलते दूसरी तिमाही में जीडीपी में 20.4 प्रतिशत की कमी आई, जिसके साथ ही अर्थव्यवस्था आधिकारिक रूप से मंदी की चपेट में आ गई है। ब्रिटेन में लगातार दो तिमाही के दौरान नकारात्मक आर्थिक वृद्धि दर होने पर अर्थव्यवस्था को आधिकारिक रूप से मंदी में माना जाता है। राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय (ओएनएस) के आंकड़ों के मुताबिक वर्ष 2020 की पहली तिमाही में अर्थव्यवस्था 2.2 प्रतिशत घटी थी। ओएनएस के आंकड़ों पर प्रतिक्रिया देते हुए ब्रिटेन के वित्त मंत्री ऋषि सुनक ने कहा इससे संकेत मिलता है कि यह एक कठिन समय है और कई अन्य नौकरियां खत्म होंगी। सुनक ने स्काई न्यूज से कहा कि मैंने पहले भी कहा है कि आगे कठिन समय है।

# सर्वे: दुनिया के आधे युवा अवसाद व चिंता के शिकार

### कोविड-19 महामारी का प्रकोप

**भाषा**। संयुक्त राष्ट्र

**अंतरराष्ट्रीय** श्रम संगठन (आईएलओ) के एक सर्वेक्षण के मुताबिक कोविड-19 महामारी के प्रकोप के चलते दुनिया के आधे युवा अवसाद, चिंता के शिकार हैं, जबकि एक-तिहाई से अधिक भविष्य में अपने करियर को लेकर अनिश्चित हैं। आईएलओ के युवा और कोविड-19: नौकरियों, शिक्षा, अधिकारों और मानसिक कल्याण पर प्रभाव नामक सर्वेक्षण में पाया गया कि अगर तत्काल कदम नहीं उठाए गए तो युवाओं के ऊपर इस महामारी का गंभीर और लंबे समय तक चलते वाले प्रतिकूल प्रभावों का खतरा है। यह रिपोर्ट मंगलावर को जारी हुई। रिपोर्ट के मुताबिक, कोविड-19 महामारी ने हमारे जीवन के हर पहलू को बाधित कर दिया है। संकट की शुरुआत से पहले भी, युवाओं के सामाजिक और आर्थिक एकीकरण को लेकर लगातार चुनौती थी और यदि अब तत्काल कार्वाई नहीं की गई, तो युवाओं के महामारी से गंभीर रूप से पीड़ति होने की आशंका है, जिसका असर लंबे समय तक रहेगा। आईएलओ के इस सर्वेक्षण में 18 से 29 वर्ष तक उम्र वाले लोगों पर महामारी के कारण रोजगार, शिक्षा, मानसिक स्वास्थ्य, अधिकारों और सामाजिक सक्रियता से संबंधित असर के बारे में पता लगाया गया। सर्वेक्षण के तहत 112 देशों के 12,000 से अधिक लोगों की प्रतिक्रियाएं ली गईं, जिसमें बड़ा हिस्सा इंटरनेट का इस्तेमाल करने वाले शिक्षित युवाओं का है। सर्वेक्षण के तहत अनुमान जताया गया कि दुनिया भर में दो में एक (यानी 50 प्रतिशत) युवा चिंता या अवसाद का शिकार हैं, जबकि इनमें से 17 प्रतिशत शायद काफी अधिक प्रभावित हैं। इसके मुताबिक महामारी के कारण सीखने और काम करने को लेकर गंभीर व्यवधान पैदा हुआ है, जिसके युवाओं की मानसिक स्थिति कमजोर हुई है। सर्वेक्षण के मुताबिक 18 से 24 वर्ष की आयु वाले युवाओं की मानसिक स्थिति सबसे अधिक दबाव में है।

# पीएम मोदी आज ईमानदार करदाताओं के लिए एक विशेष मंच की करेंगे शुरुआत

**भाषा**। नई दिल्ली

**प्रधानमंत्री** नरेन्द्र मोदी बृहस्पतिवार को ईमानदारी से कर चुकाने वालों के लिए पारदर्शी कराधान - ईमानदार का सम्मान नामक एक मंच का शुभारंभ करेंगे। वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से होने वाले इस आयोजन में केंद्रीय वित्त एवं कॉरपोरेट कार्य मंत्री निर्मला सीतारमण और वित्त एवं कॉरपोरेट कार्य राज्य मंत्री अनुराग सिंह ठाकुर भी उपस्थित रहेंगे। प्रधानमंत्री कार्यालय की ओर से जारी एक बयान में कहा गया कि आयकर विभाग के अधिकारियों एवं पदाधिकारियों के अलावा विभिन्न वाणिज्य मंडलों, व्यापार संघों एवं चार्टर्ड एकाउंटेंट संघों के साथ-साथ जाने-माने करदाता भी इस आयोजन में शामिल होंगे। बयान में कहा गया कि प्रधानमंत्री पारदर्शी कराधान - ईमानदार का सम्मान के लिए जो प्लेटफॉर्म लॉन्च करेंगे वह प्रत्यक्ष कर सुधारों की यात्रा को और भी आगे ले जाएगा। केन्द्रीय प्रत्यक्ष कर बोर्ड (सीबीडीटी) ने हाल के वर्षों में प्रत्यक्ष करों में कई प्रमुख या बड़े कर सुधार लागू किए हैं। पिछले वर्ष कॉरपोरेट टैक्स की दर को 30 प्रतिशत से घटाकर 22 प्रतिशत कर दिया गया एवं नई विनिर्माण इकाइयों के लिए इस दर को और भी अधिक घटाकर 15 प्रतिशत कर दिया गया। लाभांश वितरण कर को भी हटा दिया गया।

# सीआईएल ने कोयला परिवहन के लिए रेल भाड़ा कम करने की मांग की

**भाषा**। नई दिल्ली

**सार्वजनिक** क्षेत्र की कंपनी कोल इंडिया लिमिटेड (सीआईएल) ने बुधवार को कहा कि उसने खदानों से 701 से 1,400 किलोमीटर तक की दूरी वाले घरेलू ग्राहकों को कोयला पहुंचाने के लिए भारतीय रेलवे से भाड़े में 15 प्रतिशत छूट मांगी है। सीआईएल ने एक बयान में कहा कि इस कदम का मकसद ग्राहक आधार बढ़ाना और आयात प्रतिस्थापन योजना के तहत नए ग्राहकों को जोड़ना है। कंपनी के एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा, माल ढुलाई रियायत का विस्तार 701 से 1,400 किलोमीटर तक के ग्राहकों के लिए करने से कोयला मंगाने की लागत में कमी होने के चलते विदेशों से आयातित कोयले की जगह घरेलू खरीद में इजाफा होगा। सीआईएल से जुड़े 126 कोयला आधारित ताप संयंत्रों में 14 संयंत्र।,400 से अधिक दूरी पर स्थित हैं और उन्हें इस समय माल ढुलाई रियायत का लाभ मिलता है। बयान में कहा गया कि सीआईएल ने आयात प्रतिस्थापन योजना के दायरे में अधिक ग्राहकों को लाने के लिए रेलवे से दूरी आधारित माल रियायत देने के लिए कहा। सीआईएल की कुल आपूर्ति का लगभग 70 प्रतिशत कोयला जी 9 से जी12 श्रेणी का होता है और ऐसे में खपत बिंदु तक पहुंचे में कोयले की कुल लागत का 40 से 45 प्रतिशत हिस्सा सिर्फ भाड़े का होता है। रेलवे से माल ढुलाई के लिए 701 किमी से अधिक दूरी होने पर लागत बढ़ जाती है और यदि इस सीमा में आने वाले ग्राहकों को ढुलाई में रियायत दी जाए तो उनके लिए आयातित कोयला लेने की जगह घरेलू आपूर्ति बढ़ाना फायदेमंद होगा। बयान में कहा गया कि यह अनुरोध लौह अयस्क को दिए जा रहे लाभ के अनुरूप है।

# ईंधन की मांग जुलाई महीने में 11.7 प्रतिशत घटी

**नई दिल्ली**। देश में ईंधन की मांग में सुधार के बाद एक बार फिर इसमें नरमी आई है। आधिकारिक आंकड़े के अनुसार सालाना आधार पर जुलाई में ईंधन खपत में 11.7 प्रतिशत की कमी रही। इस बार जून के मुकाबले जुलाई में ईंधन मांग में 3.5 प्रतिशत की गिरावट आई है। ईंधन खपत को आर्थिक गतिविधियों का आईना माना जाता है। इसमें अप्रैल में 45 प्रतिशत से अधिक की गिरावट आई थी। इसका कारण कोरोना वायरस महामारी और उसकी रोकथाम के लिए लगाए गए लॉकडाउन के कारण आर्थिक गतिविधियों का ठप होना था। हालांकि लॉकडाउन में ढील के साथ मई और जून में मांग में तेजी आई। मासिक आधार पर खपत में वृद्धि दर्ज की गई। आंकड़े के अनुसार जुलाई में ईंधन की मांग घटकर 1.567 करोड़ टन रही जो एक साल पहले 2019 के इसी महीने में 1.775 करोड़ टन के मुकाबले 11.7 प्रतिशत कम है। वहीं इस बार जून में 1.624 करोड़ टन के मुकाबले जुलाई में खपत 3.5 प्रतिशत कम रही। पेट्रोलियम योजना और विश्लेषण प्रकोष्ठ के आंकड़े के अनुसार देश के ईंधन की कुल खपत में करीब 40 प्रतिशत हिस्सेदारी रखने वाले डीजल की खपत जुलाई महीने में सालाना आधार पर 19.25 प्रतिशत घटकर 55.2 लाख टन रही।


# पर्यटन क्षेत्र को उबारने के लिए सरकार से तत्काल कदम उठाने की मांग

**नई दिल्ली**। पर्यटन व आतिथ्य सत्कार क्षेत्र की कंपनियों ने कोरोना वायरस महामारी से बुरी तरह प्रभावित इस क्षेत्र को उबारने के लिए सरकार से तत्काल कदम उठाने की बुधवार को मांग की। पर्यटन, यात्रा और आतिथ्य क्षेत्र के 10 संगठनों के राष्ट्रीय महासंघ फेडरेशन ऑफ एसोसिएशंस इन इंडियन टूरिज्म एंड हॉस्पिटलिटी (फेथ) व उसके सदस्य संगठनों के प्रतिनिधियों ने पर्यटन मंत्रालय के साथ एक बैठक में क्षेत्र को उबारने की विविध चरणों की रणनीतियां साझा की। फेथ के मुख्य कार्यकारी अधिकारी (परामर्श) आशीष गुप्ता ने कहा, फेथ को उम्मीद है कि भारतीय पर्यटन उद्योग को शीघ्रता से पटरी पर लाने को लेकर पर्यटन क्षेत्र के लिए मांग सृजन और आपूर्ति संरक्षण के उपायों को तत्काल लागू किया जाएगा। बयान में कहा गया कि संगठनय ने एक दोहरी कार्य बल रणनीति का भी प्रस्ताव किया। इसके तहत पर्यटन क्षेत्र को उबारने के लिए केंद्र सरकार के स्तर पर विभिन्न मंत्रालयों के एक कार्य बल और दूसरे स्तर पर विभिन्न राज्यों के एक कार्य बल का प्रस्ताव किया गया।

## फेसबुक अपनी कंटेंट समीक्षा रपट के सत्यापन के लिए जोड़ेगा बाहरी ऑडिटरों को

**नई दिल्ली**। सोशल मीडिया कंपनी फेसबुक अपनी सामुदायिक मानक प्रवर्तन रपट का बाहरी ऑडिटरों से स्वतंत्र सत्यापन कराएगी। फेसबुक की यह रपट उसकी कंटेंट नीति के अनुपालन और उससे जुड़े आंकड़ों को दिखाती है। अमेरिकी कंपनी फेसबुक ने ऐसी पहली रपट मई 2018 में पेश की थी। इसका मकसद कंपनी के सामुदायिक मानकों का उल्लंघन करने वाले छह प्रकार के कंटेंट (फेसबुक पर डाली जाने वाली पोस्ट, फोटो, वीडियो इत्यादि) पर नजर रखना है। कंपनी की यही नीति बताती है कि फेसबुक और इंस्टाग्राम पर क्या पोस्ट किया जा सकता है।

# कमला हैरिस होंगी अमेरिका में उपराष्ट्रपति पद की प्रत्याशी



वाशिंगटन में अमेरिका के राष्ट्रपति चुनाव में डेमोक्रेटिक पार्टी के उम्मीदवार जो बाइडेन भारतीय मूल की सीनेटर कमला हैरिस को उप राष्ट्रपति पद का उम्मीदवार घोषित करने के बाद उनसे मिलते हुए

**भाषा।** वाशिंगटन

**अमेरिका के** राष्ट्रपति चुनाव में डेमोक्रेटिक पार्टी के उम्मीदवार जो बाइडेन ने भारतीय मूल की सीनेटर कमला हैरिस को उप राष्ट्रपति पद का उम्मीदवार (अपना रनिंग मेट) चुना है। ऐसा पहली बार हुआ है, जब कोई अश्वेत महिला देश की किसी बड़ी पार्टी की ओर से उपराष्ट्रपति पद का उम्मीदवार बनी हैं। यदि हैरिस उपराष्ट्रपति बन जाती हैं, तो वह इस पद पर काबिज होने वाली अमेरिका की पहली महिला होंगी और देश की पहली भारतीय-अमेरिकी उपराष्ट्रपति होंगी।हैरिस (55) के पिता अफ्रीकी और मां भारतीय हैं। वह अमेरिका के कैलिफोर्निया की सीनेटर हैं। पूर्व राष्ट्रपति बराक ओबामा हैरिस को अकसर पथप्रदर्शक बताते हैं।

बाइडेन (77) ने मंगलवार दोपहर एक लिखित संदेश में इसकी घोषणा कर कई दिनों से जारी अटकलों को विराम लगा दिया। उन्होंने डेमोक्रेटिक नेशनल कन्वेंशन से पहले यह घोषणा की है, जिसमें तीन नवम्बर को होने वाले राष्ट्रपति चुनाव के लिए बाइडेन को औपचारिक तौर पर नामित किया जाएगा।बाइडेन ने संदेश में कहा, जो बाइडेन यानी मैंने कमला हैरिस को उपराष्ट्रपति पद का उम्मीदवार चुना है। आपके साथ मिलकर हम ट्रम्प (अमेरिका के राष्ट्रपति) को मात देंगे। टीम में उनका स्वागत कीजिए। बाइडेन ने कहा कि देश को वापस पटरी पर लाने में वह सर्वश्रेष्ठ साझीदार होंगी।बाइडेन के चुनाव प्रचार अभियान ने कहा, जो बाइडेन देश को आगे बढ़ाने के लिए राष्ट्र को फिर से एकजुट करने के लिए चुनाव लड़ रहे हैं। बाइडेन को उप राष्ट्रपति पद की अहमियत के बारे में अच्छी तरह से पता है और उन्हें विश्वास है कि देश को पटरी पर वापस लाने में कमला हैरिस सर्वश्रेष्ठ साझीदार होंगी।

इससे पहले, बाइडेन ने हैरिस के परिवार को कैलिफोर्निया से लाने के लिए एक विशेष विमान भी भेजा था। इस बीच, अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने बाइडेन के इस फैसले पर हैरानी जताई है।ट्रम्प ने व्हाइट हाउस में एक संवाददाता सम्मेलन में कहा, हम देखेंगे वह कैसे काम करती हैं। उन्होंने प्राइमरी में बेहद खराब प्रदर्शन किया था। उनके बेहतर प्रदर्शन की उम्मीद थी। उन्होंने कहा, वह कई चीजों को लेकर चर्चा में थी, इसलिए मुझे बाइडेन द्वारा उनका चयन करने पर थोड़ा अचम्भा हो रहा है। अमेरिका में भारतीय-अमेरिकी समूहों ने बाइडेन द्वारा भारतीय मूल की सीनेटर को उपराष्ट्रपति पद के लिए उम्मीदवार बनाए जाने की सराहना करते हुए कहा है कि यह अमेरिका में पूरे समुदाय के लिए गर्व और उत्सव का क्षण था।प्रख्यात भारतीय-अमेरिकी और इंडियास्पोरा के संस्थापक एम. आर. रंगास्वामी ने पीटीआई-भाषा से कहा, भारतीय-अमेरिकियों के लिए यह बेहद गर्व का पल है। भारतीय-अमेरिकी अब वास्तव में राष्ट्रीय ताने-बाने में एक मुख्यधारा में है। प्रमुख भारतीय-अमेरिकी समूह इम्पैक्ट और पीएसी ने फैसले का स्वागत करते हुए कहा कि वे अभियान के लिए एक करोड़ डॉलर जुटाएंगे। इम्पैक्ट के कार्यकारी निदेशक नील मखीजा ने कहा, इस साल करीब 13 लाख भारतीय अमेरिकियों के वोट करने की उम्मीद है।

● **हैरिस को उपराष्ट्रपति पद का उम्मीदवार चुनने के फैसले को अमेरिकी मीडिया ने ऐतिहासिक करार दिया**

वहीं अमेरिका में मुख्यधारा के मीडिया ने राष्ट्रपति पद के लिए डेमोक्रेटिक पार्टी के उम्मीदवार जो बाइडेन द्वारा भारतीय मूल की सीनेटर कमला हैरिस को उपराष्ट्रपति पद का उम्मीदवार बनाए जाने को ऐतिहासिक करार दिया है।मीडिया ने इस फैसले का कुछ उसी तरह स्वागत किया, जैसा बराक ओबामा को 2008 में राष्ट्रपति पद का उम्मीदवार बनाए जाने पर किया गया था।हैरिस के पिता अफ्रीकी हैं और मां भारतीय हैं। उनके पिता जमैका के मूल निवासी हैं। हैरिस को उम्मीदवार बनाए जाने का फैसला जमैका में भी पहले पन्ने की सुर्खियां बन गया है। बाइडेन ने हैरिस को उपराष्ट्रपति पद का उम्मीदवार (अपना रनिंग मेट) चुना है। ऐसा पहली बार हुआ है, जब कोई अश्वेत महिला देश की किसी बड़ी पार्टी की ओर से उपराष्ट्रपति पद की उम्मीदवार बनी हैं। यदि हैरिस उपराष्ट्रपति बन जाती हैं, तो वह इस पद पर काबिज होने वाली अमेरिका की पहली महिला होंगी और देश की पहली भारतीय-अमेरिकी एवं अफ्रीकी-अमेरिकी उपराष्ट्रपति होंगी।हैरिस (55) इस समय अमेरिका के कैलिफोर्निया से सीनेटर हैं। पूर्व राष्ट्रपति बराक ओबामा हैरिस को अकसर पथ-प्रदर्शक बताते रहे हैं। द वाशिंगटन पोस्ट ने बुधवार के अपने संस्करण में शीर्षक दिया, ऐतिहासिक कदम: बाइडेन ने उपराष्ट्रपति पद के लिए हैरिस को चुना। समाचार पत्र ने लिखा, किसी बड़ी पार्टी के टिकट से पहली अश्वेत महिला और पहली एशियाई-अमेरिकी महिला को ऐसे समय में उम्मीदवार बनाया गया है, जब देश नस्ली अतीत और भविष्य से जूझ रहा है। हैरिस राष्ट्रपति पद के लिए डेमोक्रेटिक पार्टी की उम्मीदवार बनने की दावेदार रह चुकी हैं। न्यूयार्क टाइम्स ने शीर्षक दिया, बाइडेन ने उपराष्ट्रपति पद के लिए कमला हैरिस को चुना है, किसी बड़ी पार्टी के टिकट पर पहली अश्वेत महिला को चुना गया। द वाल स्ट्रीट जर्नल ने शीर्षक दिया, बाइडेन ने उपराष्ट्रपति पद के लिए हैरिस को नामित कर इतिहास रचा। इसने कहा कि भारतीय एवं जमैका के प्रवासियों की बेटी हैरिस 2016 में सीनेट में चुने जाने के बाद से डेमोक्रेटिक पार्टी की उभरती सितारा हैं। द लॉस एंजिलिस टाइम्स ने लिखा, कमला हैरिस उपराष्ट्रपति पद के लिए जो बाइडेन का ऐतिहासिक चयन हैं। जमैकन टाइम्स ने शीर्षक दिया, बाइडेन ने उपराष्ट्रपति पद के लिए कैलिफोर्निया की सीनेटर कमला हैरिस को चुना।इस बीच, उपराष्ट्रपति पद के उम्मीदवार के चयन की प्रक्रिया से अवगत डेमोक्रेटिक पार्टी के एक पदाधिकारी ने सीएनएन को बताया कि हैरिस को उनके अनुभव और पूर्व राष्ट्रपति बराक ओबामा की सलाह पर उम्मीदवार चुना गया।ओबामा ने कहा कि हैरिस इस जिम्मेदारी के लिए पूरी तरह तैयार हैं और यह हमारे देश के लिए शुभ दिन है। इस बीच, पार्टी के एक अन्य उच्च पदाधिकारी ने बताया कि बाइडेन ने देश में नस्ली भेदभाव के खिलाफ चल रहे प्रदर्शनों के मद्देनजर उपराष्ट्रपति पद (अपनी रनिंग मेट) के उम्मीदवार के लिए कमला हैरिस को चुना।इससे पहले, जो बाइडेन डेमोक्रेटिक पार्टी की ओर से उपराष्ट्रपति पद के लिए मिशिगन की गवर्नर ग्रेचन व्हिटमर को चुनना चाहते थे। व्हिटमर ने मिशिगन में लोकप्रियता और कोरोना वायरस संक्रमण के खिलाफ अपने आक्रामक रवैए के कारण बाइडेन और उनकी चुनाव प्रचार मुहिम टीम का ध्यान खींचा था, लेकिन इसी बीच पुलिस कार्वाई में काले व्यक्ति जॉर्ज फ्लॉयड की मौत के बाद नस्ली भेदभाव और असमानता के खिलाफ देशभर में प्रदर्शन शुरू हो गए।

उपराष्ट्रपति पद के उम्मीदवार के चयन की प्रक्रिया से अवगत डेमोक्रेटिक पार्टी के उच्च अधिकारी ने बताया कि इन प्रदर्शनों के बीच व्हिटमर ने बाइडेन की टीम को लिखे पत्र में कहा था कि वह अपने नाम पर विचार किए जाने से सम्मानित महसूस कर रही हैं, लेकिन अब वह इस पद की उम्मीदवारी की दावेदार नहीं बनना चाहतीं। उन्होंने इस पद के लिए किसी अश्वेत महिला को उम्मीदवार बनाए जाने की सिफारिश की थी।अधिकारी ने बताया कि बाइडेन ने व्हिटमर से व्यक्तिगत रूप से मिलकर उनसे अपने फैसले पर पुन: विचार करने को कहा था और वह उम्मीदवार बनने के लिए राजी हो गई थीं, लेकिन डेमोक्रेटिक पार्टी के अन्य सदस्य चाहते थे कि बाइडेन किसी अश्वेत महिला को उपराष्ट्रपति पद के लिए चुनें। फ्लॉयड और अन्य काले अमेरिकियों की मौत के बाद देशभर में प्रदर्शन बढ़ने के बीच डेमोक्रेटिक पार्टी के कई सदस्यों ने बाइडेन से अपील की कि वे चुनाव में अश्वेत लोगों की महत्ता के मद्देनजर इस पद के लिए किसी अश्वेत महिला का चयन करें। उन्होंने बताया कि इन सभी बातों पर विचार करते हुए बाइडेन ने कैलिफोर्निया की सीनेटर कमला हैरिस को चुना।

## इतना अनादर करने पर भी बाइडेन का हैरिस का चुनाव करना हैरानी भरा: ट्रम्प

**भाषा।** वाशिंगटन

**अमेरिका के** राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने कहा कि वह इस बात से काफी हैरान हैं कि उनके डेमोक्रेटिक प्रतिद्वंद्वी जो बाइडेन ने भारतीय मूल की सीनेटर कमला हैरिस को उप राष्ट्रपति पद का उम्मीदवार (अपना रनिंग मेट) चुना है जबकि वह लगातार उनका अनादर करती रही हैं।

बाइडेन ने मंगलवार को भारतीय मूल की सीनेटर कमला हैरिस को उप राष्ट्रपति पद का उम्मीदवार (अपना रनिंग मेट) चुना। ऐसा पहली बार हुआ है, जब कोई अश्वेत महिला देश की किसी बड़ी पार्टी की ओर से उपराष्ट्रपति पद का उम्मीदवार बनी हैं। यदि हैरिस उपराष्ट्रपति बन जाती हैं, तो वह इस पद पर काबिज होने वाली अमेरिका की पहली महिला होंगी और देश की पहली भारतीय-अमेरिकी और अफ्रीकी उपराष्ट्रपति होंगी।हैरिस (55) के पिता अफ्रीकी और मां भारतीय हैं। वह अमेरिका के कैलिफोर्निया की सीनेटर हैं। पूर्व राष्ट्रपति बराक ओबामा हैरिस को अकसर पथप्रदर्शक बताते हैं।ट्रम्प ने व्हाइट हाउस में एक संवाददाता सम्मेलन में कहा, हम देखेंगे वह कैसे काम करती हैं। उन्होंने प्राइमरी में बेहद खराब प्रदर्शन किया था। उनके बेहतर प्रदर्शन की उम्मीद थी।उन्होंने कहा, वह कई चीजों को लेकर चर्चा में थीं, इसलिए मुझे बाइडेन द्वारा उनका चयन करने पर थोड़ा अचम्भा हो रहा है। ट्रम्प ने एक सवाल के जवाब में कहा, इतना अनादर करने वाले व्यक्ति का चयन करना कठिन काम है। डेमोक्रेट प्राइमरी डिबेट के दौरान उन्होंने बाइडेन के बारे बेहद खराब बातें कहीं। मुझे लगा था कि वह उनका चयन नहीं करेंगे। वहीं उप राष्ट्रपति माइक पेंस का कहना है कि उन्हें हैरिस के चयन से कोई हैरानी नहीं हुई है।उन्होंने कहा, जैसा आप सभी को पता है कि कट्टरपंथी वाम बाइडेन और डेमोक्रेट पर हावी हो गए हैं। इसलिए उच्च कर, खुली सीमाओं, मांग पर गर्भपात आदि उनके वादों को देखते हुए, इसमें कोई आश्चर्य की बात नहीं है कि उन्होंने सीनेटर हैरिस को चुना है। पेंस और हैरिस के बीच सात अक्टूबर को उप राष्ट्रपति के पद के लिए डिबेट होगी।



## अमेरिका ने ईरान पर हथियार प्रतिबंधों अनिश्चितकाल तक बढ़ाने के लिए संरा प्रस्ताव को संशोधित किया

**एपी।** संयुक्त राष्ट्र

**अमेरिका ने** मंगलवार को एक संशोधित प्रस्ताव वितरित किया है, जो ईरान पर संयुक्त राष्ट्र के हथियार प्रतिबंध को अनिश्चितकाल के लिए विस्तारित कर देगा। अमेरिका ने इसके लिए 15 सदस्ईय संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद से और अधिक समर्थन मांगा है, जहां वीटो की शक्ति रखने वाले पांच स्थाई सदस्य देशों में शामिल रूस और चीन ने सख्त विरोध जताया है। अमेरिकी राजदूत केली क्राफ्ट ने कहा कि नए मसौदे में सुरक्षा परिषद के विचारों पर गौर किया गया है और वही किया गया है जिस बारे में हर कोई जानता है कि क्या होना चाहिए--ईरान को मुक्त रूप से पारंपरिक हथियारों की खरीद-फरोख्त करने से रोकने के लिए हथियार प्रतिबंध को विस्तारित किया जाए। उन्होंने कहा, यह महज सामान्य बात है कि दुनिया में आतंकवाद के नंबर एक प्रायोजक देश को विश्व को कहीं अधिक नुकसान पहुंचाने के साधन नहीं दिए गए हैं। सुरक्षा परिषद के राजनयिकों ने कहा कि संशोधित मसौदा अंतिम रूप में वृहस्पतिवार को पेश किया जा सकता है और इसे शुक्रवार को मतदान के लिए रखा जा सकता है। बहरहाल, यह नया प्रस्ताव अभी सार्वजनिक नहीं किया गया है। राजनयिकों ने कहा कि संशोधित मसौदा जून में वितरित किए गए मूल मसौदे से छोटा है। मसौदा में कई प्रावधान किए गए हैं जिस पर कुछ राजनयिकों को आपत्ति हो सकती है। उल्लेखनीय है कि ईरान के परमाणु कार्यक्रम को लेकर 2010 में संयुक्त राष्ट्र ने तेहरान पर बड़ी विदेशी हथियार प्रणाली की खरीद पर प्रतिबंध लगा दिया था।

## क्विक न्यूज

### श्रीलंका में नए मंत्रिमंडल का शपथ ग्रहण हुआ, राजपक्षे परिवार के चार सदस्य बनें मंत्री

**कोलंबो।** श्रीलंका के नए मंत्रिमंडल ने बुधवार को शपथ ली, जिसमें शक्तिशाली राजपक्षे परिवार के चार सदस्य शामिल हैं। राष्ट्रपति गोटाबाया राजपक्षे ने रक्षा मंत्रालय अपने पास ही रखा है, जबकि वित्त मंत्रालय का प्रभार नव निर्वाचित प्रधानमंत्री महिंदा राजपक्षे को दिया गया है। कैंडी शहर में मंत्रिमंडल के सदस्यों ने राष्ट्रपति गोटाबाया राजपक्षे और उनके बड़े भाई एवं प्रधानमंत्री महिंदा राजपक्षे की उपस्थिति में शपथ ग्रहण की। राष्ट्रपति के बड़े भाई महिंदा राजपक्षे को वित्त मंत्रालय सहित तीन मंत्रालयों की जिम्मेदारी सौंपी गई है। महिंदा के बड़े बेटे नमल राजपक्षे को युवा मामले एवं खेल मंत्री बनाया गया है, 2010 में उनके संसद में प्रवेश करने के बाद पहली बार उन्हें मंत्रिमंडल में जगह मिली है। श्रीलंका की मीडिया में आई खबर के मुताबिक राष्ट्रपति के सबसे बड़े भाई चमल राजपक्षे को भी मंत्रिमंडल में जगह मिली है। साथ ही वह आंतरिक सुरक्षा मामलों के राज्य मंत्री भी रहेंगे। उनके बेटे, शीषेंद्र राजपक्षे को राज्य मंत्री पद दिया गया है। मंत्रिमंडल की एक मुख्य विशेषता यह है कि प्रख्यात नेता दिनेश गुनवर्द्धना को फिर से विदेश मंत्री नियुक्त किया गया है, जबकि क्षेत्रीय सहयोग का एक राज्य मंत्रालय भी सृजित किया गया है जो विदेश मंत्रालय से संबद्ध होगा। राजपक्षे नीत एसएलपीपी ने पिछले हफ्ते हुए संसदीय चुनाव में 225 सदस्ईय संसद की रिकार्ड 145 सीटों पर जीत दर्ज की। संसद का प्रथम सत्र 20 अगस्त को होने वाला है। सिंगापुर के अलावा श्रीलंका एशिया के उन गिने-चुने देशों में शामिल है, जहां कोरोना वायरस महामारी के बीच आम चुनाव हुए हैं।

### पाकिस्तान में कोविड-19 के मामलों की संख्या बढ़कर 2,85,921 हुई

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान में पिछले 24 घंटे में कोविड-19 के 730 नए मामले सामने आने के बाद देश में कोरोना वायरस संक्रमण के मामलों की संख्या बढ़कर 2,85,921 हो गई है। स्वास्थ्य मंत्रालय ने बताया कि वायरस से 17 और लोगों की जान जाने से मृतक संख्या बढ़कर 6,129 हो गई है। मंत्रालय ने बताया कि अभी तक 2,63,193 लोग ठीक हो चुके हैं। वहीं, 785 मरीजों की हालत गंभीर है। मंत्रालय के मुताबिक सिंध में सबसे अधिक।,24,556 मामले सामने आए हैं जबकि पंजाब में 94,715, खैबर पख्तूनख्वा में 34,859, इस्लामाबाद में 15,296, बलूचिस्तान में 11,956, गिलगित बल्तिस्तान में 2,382 और पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर में 2,157 लोगों के कोरोना वायरस से संक्रमित होने की पुष्टि हुई है। अभी तक देश में 21,86,442 नमूनों की जांच हो चुकी है, जिनमें से 20,631 नमूनों की जांच पिछले 24 घंटे में की गई।

### ऑस्टेलिया कोविड-19: विक्टोरिया में 21 लोगों की मौत, कर्फ्यू तोड़ने वालों पर लगा जुर्माना

**मेलबर्न।** ऑस्ट्रेलिया के विक्टोरिया प्रांत में कोरोना वायरस संक्रमण से बुधवार को रिकॉर्ड 21 लोगों की मौत हो गई और संक्रमण से बेहद प्रभावित शहर मेलबर्न में संक्रमण के 410 नए मामले सामने आने के बाद यहां कड़ा लॉकडाउन लगाया गया है।राज्य के प्रीमियर डेनियल एंड्रूज ने बताया कि मरने वाले 25 लोगों में से 16 लोग वृद्धाश्रमों से हैं। हालांकि विक्टोरिया में नए मामलों में कमी आई है जिसकी वजह से अधिकारियों में थोड़ी उम्मीद जगी है कि महामारी का प्रसार कम हो रहा है। ऑस्ट्रेलियाई ब्रॉडकास्टिंग कॉर्पोरेशन (एबीसी) की एक खबर के मुताबिक मेलबर्न के तीन लोगों पर सोशल मीडिया पर एक पोस्ट के लिए जुर्माना लगाया गया है। इन लोगों ने एक वीडियो पोस्ट किया जिसमें ए सभी रात का कर्फ्यू तोड़ते हुए मैक्डॉनल्ड्स की ओर जाते हुए दिख रहे हैं।एबीसी ने बताया कि पांच मिनट के इस वीडियो में विद्यार्थी सड़कों पर चलते, चालाकी से पुलिस अधिकारियों से छुपते हुए और रेस्त्रां के भीतर नाचते हुए दिखाई दे रहे हैं। विक्टोरिया पुलिस ने पुष्टि की है कि प्रत्एक विद्यार्थी पर।,178 अमेरिकी डॉलर का जुर्माना लगाया गया है।

## तुर्की के ड्रोन हमले में दो वरिष्ठ कमांडरों की मौत: इराकी सेना

**एपी।** बगदाद

**इराक की** सेना ने मंगलवार को कहा कि तुर्की के ड्रोन हमले में देश के दो वरिष्ठ सुरक्षा अधिकारियों की मौत हो गई। ऐसा पहली बार हुआ है जब इराक के उत्तरी हिस्से में कुर्द विद्रोहियों को खत्म करनेवाले तुर्की के अभियान में इराक के उच्च सुरक्षा अधिकारी मारे गए हैं।इराक की सेना के बयान के अनुसार इरबिल के उत्तरी हिस्से के ब्राडोस्ट क्षेत्र में ड्रोन ने बॉर्डर गार्ड्स के एक वाहन को निशाना बनाया। इस हमले में दो कमांडर और वाहन के चालक की मौत हो गई।ब्राडोस्ट के मेयर ने बताया कि बॉर्डर गार्ड्स के दूसरे ब्रिगेड के कमांडर जनरल मोहम्मद रूश्दी और तीसरे रेजिमेंट के कमांडर ब्रिगेडियर जुबैर हाली की इहसान चेलेबी में हमले में मौत हो गई। उन्होंने बताया कि ए क्षेत्र में नई चौकियां बना रहे थे। तुर्की की सेना के अधिकारियों से इस संबंध में टिप्पणी लेने के लिए संपर्क नहीं हो सका।इराक के विदेश मंत्रालय की ओर से जारी बयान में इस हमले की निंदा करते हुए कहा गया कि यह इराक की संप्रभुता का उल्लंघन है और इस तरह के लगातार हमले द्विपक्षीय संबंधों की समीक्षा करने के लिए उकसा रहे हैं। तुर्की के रक्षा मंत्री की बृहस्पतिवार को होने वाली यात्रा को इराक ने रद्द कर दिया है।इराक के दो सुरक्षा अधिकारियों ने बताया कि बॉर्डर गार्ड्स के ए कमांडर गुप्त तरीके से कुर्दिस्तान वर्कर्स पार्टी (पीकेके) के सदस्यों से मिल रहे थे और इसी दौरान यह हमला हुआ। तुर्की पीकेके को आतंकवादी संगठन मानता है और उसने कई अभियानों में उत्तरी इराक में इनके ठिकानों के ऊपर बमबारी की है।सुरक्षा अधिकारियों ने बताया कि इस हमले में पांच अन्य लोगों की मौत हुई। हालांकि उन्होंने यह नहीं बताया कि वे सैन्य कर्मी थे या असैन्य नागरिक थे।उत्तरी इराक में पीकेके के एक अधिकारी ने बताया कि बैठक ब्राडोस्ट में हुई और इस बैठक का उद्देश्य क्षेत्र में स्थिरता लाना था।



वाशिंगटन में आयोजित वूमेन ग्लोबल डेवलपमेंट और प्रासपेरिटी पर आयोजित एक कार्यशाला में व्याख्यान देंती अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की बेटी इवांका

## नेतन्याहू के खिलाफ प्रदर्शन, कोविड-19 संकट के बीच युवाओं के सब्र का बांध टूटा, मांगा इस्तीफा

**एपी।** यरूशलम,

**इजराइली प्रधानमंत्री** बेंजामिन नेतन्याहू के खिलाफ भ्रष्टाचार के आरोपों के बीच कोविड-19 संकट से निपटने के तरीकों को लेकर जारी प्रदर्शनों के साथ उनके इस्तीफे की मांग जोर पकड़ रही है। नेतन्याहू के खिलाफ रैलियों में बड़ी संख्या में ऐसे प्रदर्शनकारी शामिल हो रहे हैं, जो युवा हैं, मध्यम वर्ग से हैं और जिनका राजनीति से बहुत कम जुड़ाव रहा है। उन्हें लगता है कि नेतन्याहू के कथित भ्रष्ट शासन और कोरोना वायरस से निपटने के उनके तरीकों ने इन युवाओं के भविष्य को अंधकार में धकेल दिया है। यह एक ऐसा माहौल है जो जिसका देश के नेताओं के लिए गहरे निहितार्थ होंगे।

यरूशलम स्थित थिंक टैंक और प्रदर्शन आंदोलनों में विशेषज्ञता रखने वाले इजराइल डेमोक्रेसी इंस्टीट्यूट की शोधार्थी तामर हरमन ने कहा, प्रदर्शनकारी मुख्य रूप से मध्य वर्ग के हैं। वे बरोजगार हो गए हैं। नेतन्याहू के खिलाफ प्रदर्शनों में शामिल हुई सॉफ्टवेयर विशेषज्ञ एवं 25 वर्षीय शाचर ओरेन ने कहा, यह केवल कोविड-19 संकट और सरकार के इससे निपटने के तरीकों से संबद्ध नहीं है। बल्कि यह लोगों से भी संबद्ध है जिनके पास भोजन और जीवन की अन्य आवश्यक जरूरतों का खर्च नहीं उठा पा रहे हैं। मैं उनमें से एक व्यक्ति हूं। ओरेन उन हजारों लोगों में एक हैं, जो नेतन्याहू के आधिकारिक आवास के बाहर एक सप्ताह में कई बार एकत्र हुए और उनसे इस्तीफे की मांग की।कई युवा प्रदर्शनकारियों की या तो नौकरी चली गई है या वे अपने भविष्य को लेकर सशंकित हैं। वे प्रधानमंत्री के खिलाफ सड़कों पर उतर गए हैं और नेतन्याहू के खिलाफ नारे लगा रहे हैं।



वहीं, नेतन्याहू ने प्रदर्शनकारियों को वामपंथी या अराजकतावादी करार देते हुए खारिज करने की कोशिश की है। इस तरह के दावों के बावजूद किसी भी विपक्षी दल द्वारा इन प्रदर्शनों को आयोजित करने का संकेत नहीं दिख रहा है। ज्यादातर प्रदर्शनों में नेताओं की भागीदारी नहीं है। इजराइल में राजनीतिक प्रदर्शन की लंबी परंपरा रही है, चाहे यह शांति समर्थक कार्यकर्ता हों, या वेस्ट बैंक के बाशिंदे या अति रूढ़िवादी यहूदी। प्रदर्शनों की नई लहर कहीं अधिक व्यापक, मुख्यधारा की अपील प्रतीत हो रही है।

बेरोजगारी बढ़ने पर नेतन्याहू और उनके प्रतिद्वंद्वी बेन्नी गांत्ज ने मई में 34 कैबिनेट मंत्रियों के साथ एक गठबंधन बनाया। यह देश के इतिहास में सबसे बड़ी सरकार है। तीन चुनावी गतिरोध के बाद एक आपात सरकार के लिए दोनों नेताओं के बीच मई में सहमति बनी थी। इसका लक्ष्य वैश्विक महामारी के दौरान देश की राजनीति स्थिर करना था। लेकिन 100 दिन के अंदर ही उनकी गठबंधन सरकार आर्थिक संकट और प्रदर्शनों की लहर जारी रहने से गिरने के कगार पर पहुंच गई है।

गठबंधन के पास बजट पर समझौता के लिए महज दो हफ्ते रह गए हैं, अन्यथा देश चौथे चुनाव की ओर बढ़ जाएगा। मतभेद इस कदर बढ़ गए हैं कि इस हफ्ते की मंत्रिमंडल की बैठक रद्द करनी पड़ी। अच्छी खासी तनख्वाह के अलावा ए मंत्री वाहन चालक, सुरक्षा गार्ड आदि जैसी सुविधाएं और अन्य भत्ते पा रहे हैं। विश्वविद्यालय की छात्रा स्ताव पिलत्ज ने बताया कि उन्होंने प्रदर्शनकारियों में एक समान बात यह महसूस की, उन्हें लगता है कि राजनीतिक माहौल में कुछ गड़बड़ी है और नागरिकों की तकलीफ को सुनने वाला कोई नहीं है।

## वैश्विक स्वास्थ्य एजेंसी ने रूस के कोविड-19 टीके को लेकर किया सुरक्षा परीक्षण का आग्रह

**एपी।** मियामी

**रूस द्वारा घोषित** कोविड-19 टीके के विनिर्माण और वितरण के लिए क्षेत्र के संस्थानों द्वारा बातचीत किए जाने की खबरों पर पैन अमेरिकन हेल्थ ऑर्गेनाइजेशन ने चिंता जताई है और कहा है कि मानक, सघन सुरक्षा और प्रभाव को लेकर इस टीके के अभी परीक्षण किए जाने चाहिए। संगठन के उपनिदेशक जरबास बरबोसा ने एक ऑनलाइन संवाददाता सम्मेलन में वाशिंगटन से कहा कि किसी टीके की सुरक्षा और प्रभाव सुनिश्चित करने के लिए उसका बड़े ध्यान से मूल्यांकन किया जाना चाहिए। ब्राजील में पारना राज्य की सरकार ने कहा कि वह कोविड-19 के टीके के विकास में भागीदारी के लिए रूस के दूतावास से बातचीत कर रही है और बुधवार को रूसी राजदूत के साथ एक तकनीकी बैठक होगी।निकारगुआ ने पूर्व में कहा था कि वह रूसी टीके के उत्पादन पर विचार कर रहा है। सोमवार को उपराष्ट्रपति रोसारियो मुरिलो, राष्ट्रपति की पत्नी डेनियल ओर्टेगा ने पुन: दोहराया कि उनका देश टीके के उत्पादन और यहां तक कि इसके निर्यात के लिए रूस के संस्थानों के संपर्क में है। बारबोसा ने कहा कि टीका अभी सभी आवश्यक चरणों से नहीं गुजरा है जिससे कि इसे विश्व स्वास्थ्य संगठन या पैन अमेरिकन हेल्थ ऑर्गेनाइजेशन इसे मान्यता दे सके। उन्होंने कहा कि वैश्विक स्वास्थ्य अधिकारी रूस के अधिकारियों से इस बारे में बात कर रहे हैं कि वे अपने डेटा और चिकित्सकीय परीक्षणों की समीक्षा करें।

● **किसी टीके की सुरक्षा और प्रभाव सुनिश्चित करने के लिए उसका बड़े ध्यान से मूल्यांकन किया जाना चाहिए: बरबोसा**

# 'यहां हर स्थिति से सामंजस्य स्थापित करने को तत्पर रहना होता है'



**निर्देशक आशीष आर शुक्ला 'देव डी तथा प्राग' जैसी फिल्मों में निर्देशन का दायित्व निभा चुके हैं। अब वो अपना नया प्रोजेक्ट 'बहुत हुआ सम्मान' को जल्द ही रिलीज़ करेंगे। फिल्म को ओटीटी प्लेटफॉर्म पर रिलीज़ करने से वित्त किस प्रकार प्रभावित हो सकते हैं से लेकर अनदेखी के सीज़न दो के बारे में भी जानकारी प्रदान की। प्रस्तुत है उनसे बातचीत के प्रमुख अंश...**

■ **'बहुत हुआ सम्मान' किस बारे में है?**

ये फिल्म पूरी तरह से वेब सीरीज़ अनदेखी से अलग है। मैं या तो डार्क थ्रिलर या क्राइम या फिर डार्क कॉमेडी तथा व्यंग बनाता हूं जो मुझे प्रिय होते हैं। फिल्म बनारस की पृष्ठभूमि पर है और ये दो मेकेनिकल इंजीनियरिंग छात्रों के बारे में ही है। उसी कॉलेज का एक पूर्व छात्र संजय मिश्रा बने हैं। वो क्रांतिकारी स्वभाव के हैं और कैंपस स्थित एक बैंक को लूटने का प्लान बनाते हैं। वो वहां से भागने में भी सफल रहते हैं। फिल्म यहीं से प्रारंभ होती है।

■ **आपने फिल्म और वेब सीरीज़ दोनों ही निर्देशित की हैं। दोनों में से कौन अच्छा है?**

बात कौन अच्छा है की नहीं है। मैं तो कहानी सुनाता हूं और सुनाने के लिए मुझे एक कहानी तो चाहिये ही। ये कहीं की भी कहानी हो सकती है-टीवी, एड फिल्म, फिल्म या वेब सीरीज़ तथा वृत्तचित्र आदि माध्यम ही कहानी कहने के माध्यम हैं। ये कुछ सेकेंड्स से लेकर कुछ घंटे तक की हो सकती है। किसी भी माध्यम पर अच्छी फिल्म बनाना ही मेरा काम है। वेब सीरीज़ में आपको चरित्र विकसित करने का समय मिलता है। फिल्म में कुछ सीमाएं होती हैं। कई बार तो हमारे पास कहने को काफी कुछ होता है ऐसे में हम सीरीज़ के सीक्वेल तक करते हैं। ऐसे देखें तो वेब सीरीज़ एक श्रेष्ठ विकल्प है क्योंकि हम इसमें चरित्र को गहराई प्रदान कर सकते हैं।

■ **क्या ओटीटी प्लेटफार्म पर फिल्म रिलीज़ करने से उसके वित्त प्रभावित होते हैं?**

मैं इसका उत्तर देने के लिए सही स्थिति में नहीं हूं। इसके लिए निर्माता अधिक उपयुक्त होगा। लोगों को महामारी का अनुमान नहीं था और उन्होंने एक निष्चित बजट पर फिल्म बनाई। लेकिन अब उन्हें बजट को दुबारा से देखना होगा जो स्टारकास्ट तथा ओटीटी पर रिलीज़ के अनुसार होना चाहिये, न केवल ओटीटी पर अपितु सैटेलाइट, टीवी, इंटरनेशनल एवं डीवीडी पर भी इसे रिलीज़ किया जा सकता है। अब इस निर्णय से या तो लाभ होगा या हानि। अत: अब लोग अपने बजट का पुनर्मूल्यांकन करेंगे ताकि उन्हें किसी प्रकार का नुकसान न हो। ये सही है कि अब कंटेंट का ही जमाना है।

■ **क्या महामारी ने मनोरंजन उद्योग के भविष्य को बदल कर रख दिया है?**

नहीं ऐसा तो नहीं है। ऐसी कई बातें रही हैं जिनसे इंडस्ट्री प्रभावित हुई है। इसमें आप मंदी और मीटू अभियान का नाम ले सकते हैं जिन्होंने इंडस्ट्री को प्रभावित किया था। हमें यहां हर स्थिति में सामंजस्य स्थापित करने के लिए तैयार रहना पड़ता है। चुनौतियां तो हैं ही। लेकिन हम इसमें से काम करने की राह बना लेंगे।

■ **अनदेखी के लिए आपको कहानी कहां से मिली?**

मैं इस प्रोजेक्ट पर कुछ विलंब से जुड़ा था। इसकी स्क्रिप्ट पिछले दो साल से लिखी जा रही थी। जब मैं इससे जुड़ा तो इसकी स्क्रिप्ट लगभग पूरी हो चुकी थी। इस शो के निर्माता और रचनाकार सिद्धार्थ सेनगुप्ता ने मुझे बताया कि इसकी कहानी समाचार पत्रों की छोटी छोटी क्लिपिंग पर आधारित है जो समाचार तो होते हैं लेकिन लोग इसपर सहानुभूति प्रकट करने के बाद पन्ना पलट देते हैं इसका मूल विचार लोगों से पूछना था कि उन परिस्थितियों में उन्होंने क्या किया होता। जब मुझे इसकी स्क्रिप्ट मिली तो मैं कहानी के पैनेपन से सन्न रह गया था। मुझे पता था कि मुझे इसके साथ न्याय करना होगा। ऐसा लेखन तो वास्तव में दुर्लभ होता है।

■ **क्या आपको इतनी अच्छी प्रतिक्रिया की आषा थी?**

सच कहूं तो नहीं थी। हमें पता था कि ये अच्छी कहानी है और हमारा दृष्टिकोण भी नया था। लेकिन चूंकि इसमें कोई बड़ा नाम नहीं था हमें इससे अधिक की आषा नहीं थी। लेकिन इसके बाद लॉकडाउन हो गया और लोगों के पास देखने का समय आ गया। लोगों द्वारा की गई प्रषंसा हमारे काम आ गई।

■ **हम समझते हैं कि इसका दूसरा सीज़न आ रहा है। क्या आप इसके बारे में कुछ बताएंगे कि ये कब शूट करना प्रारंभ कर देंगे?**

मुझे इसकी कहानी नहीं पता। वो इसे लिख रहे हैं। जब वो संतुष्ट हो जाएंगे तभी हमें पता चलेगा कि कहानी क्या है। यदि सबकुछ ठीक रहा तो अगले साल तक हम इसकी शूटिंग प्रारंभ करने की स्थिति में होंगे जो मार्च के आसपास हो सकती है। लेकिन इतना बता दूं कि इस बार ये बड़ी, बेहतर और कई आश्चर्य लिए होगी।

■ **सामान्यत: सीक्वेल से निराशा होती है। ये कितना महत्वपूर्ण होता है कि कहानी जहां छोड़ी थी वहीं से प्रारंभ हो?**

अनदेखी 2 में ऐसा नहीं होने वाला क्योकि मेरी कहानी पूरी नहीं हुई है। मेरे पास अभी बहुत कुछ कहने को है। हमारे पास अच्छे लेखक हैं अत: हम किसी बात से संतुष्ट नहीं होने वाले। ऐसा होता है कि कई बार लोग शो को फ्रैंचाइज़ी समझने लगते हैं और कहानी को विकसित करना ही नहीं चाहते। यदि अनदेखी के साथ मैंने ऐसा कुछ होते हुए देखा तो मैं ही इसे समाप्त कर दूंगा। लेकिन अभी तो हमारे पास सीज़न 3 तक की सामग्री है।

■ **आगे की योजना क्या है?**

मैं अपनी दूसरी वेब सीरीज़ पर काम कर रहा हूं। लेकिन इसके बारे में बात करना अभी शीघ्रता होगी क्योंकि हमने अभी इसके बारे में आधिकारिक रूप से कुछ भी नहीं बताया है। लेकिन इतना बता दूं कि ये रोमांटिक-प्रतिशोध वाली कहानी होगी।

# फिल्मी गीतकारों को श्रेय दिलाने के लिए लड़ेंगे किरकिरे

भाषा। इंदौर



**संगीत** के अलग-अलग माध्यमों पर फिल्मी गीतकारों को उनके क्रेडिट (श्रेय) (गीतकार के नाम का उल्लेख) से वंचित किए जाने के खिलाफ लामबंद कलाकारों में शामिल स्वानंद किरकिरे का कहना है कि शब्द शिल्पियों के रचनात्मक वजूद को नकारने की कोशिश हमेशा से की जाती रही है। लेकिन वे अपनी पहचान का जायज हक लेकर रहेंगे। फिल्मी गीतकारों ने इस हक की मांग को लेकर मुहिम छेड़ रखी है और उन्होंने कुछ दिन पहले सोशल मीडिया पर हमें क्रेडिट दे दो यार के शीर्षक से खास गीत भी पेश किया है। इन गीतकारों में शामिल किरकिरे ने कहा, क्रेडिट देने को लेकर फिल्मी गीतकारों के साथ हमेशा से दोयम दर्जे का बर्ताव किया जाता रहा है। जायज क्रेडिट की मांग लेकर हम गीतकारों की यह लड़ाई दशकों से चल रही है। उन्होंने कहाकि शुरुआत में ऑल इंडिया रेडियो पर कोई फिल्मी गीत बजाए जाते वक्त श्रोताओं को सिर्फ यह बताया जाता था कि गाना किन हीरो-हीरोइन पर फिल्माया गया है। तब साहिर लुधियानवी ने कड़े संघर्ष के बाद गीतकारों को भी रेडियो पर पहचान दिलाई थी। बाद में जावेद अख्तर ने इस मुहिम को आगे बढ़ाया। किरकिरे ने कहा कि वक्त के साथ फिल्म संगीत के माध्यमों में बदलावों के बावजूद श्रेय के मामले में गीतकारों के साथ भेदभाव बरकरार है। उन्होंने कहा, इन दिनों ज्यादातर लोग अलग-अलग मोबाइल ऐप और अन्य ऑनलाइन माध्यमों पर फिल्मी गीत सुन रहे हैं। लेकिन नए जमाने के इन माध्यमों पर भी गीतकारों को उनके जायज क्रेडिट से वंचित किया जा रहा है। इन माध्यमों को चलाने वाली देशी-विदेशी कम्पनियां अड़ियल रवैया अपनाते हुए ढर्रा बदलना ही नहीं चाह रही हैं। जाहिर तौर पर खफा किरकिरे ने कहा, संगीत के ऐप्स पर फिल्मी गीतकारों के नाम पर कितनी प्लेलिस्ट हैं? ऐसा लगता है कि हमें इन ऐप्स पर कलाकार माना ही नहीं जा रहा है। यह पूछे जाने पर कि फिल्मी गीतकारों को उनके श्रेय से वंचित किए जाने की असल वजह क्या है, बहती हवा-सा था वहै (थ्री इडियट्स 2009) जैसे मशहूर गाने लिखने वाले 48 वर्षीय रचनाकार ने कहा, शायद इसके पीछे कुछ लोगों की यह मानसिकता काम करती है कि किसी संगीत माध्यम पर गीतकार को उसका क्रेडिट दिए जाने पर वह अन्य कलाकारों से सशक्त हो जाएगा। आखिर यह असुरक्षा की कैसी भावना है? किरकिरे ने तंज और तल्खी के साथ कहा, शायद उन्हें लगता है कि फिल्मी गीत लिखना कौन-सा बड़ा काम है? उन्होंने बताया कि फिल्मी गीतकारों को श्रेय दिए जाने की मांग को लेकर सोशल मीडिया पर जनता को जोड़ने का अभियान चलाए जाने के साथ ही कानूनी विकल्पों पर भी विचार किया जा रहा है। बावरा मन देखने चला एक सपना सरीखा हिट गीत रचने और फिल्म हजारों ख्वाहिशें ऐसी (2005) में इसे आवाज भी देने वाले किरकिरे ने कहा, हम देखेंगे कि क्रेडिट की यह लड़ाई कितनी लम्बी चलती है। लेकिन हम यह लड़ाई अधूरी कतई नहीं छोड़ेंगे क्योंकि यह हमारे रचनात्मक वजूद का सवाल है।

## लाल बहादुर शास्त्री की मृत्यु पर प्रश्न खड़े करती एक पुस्तक




# 'हू किल्ड शास्त्री?: द ताशकंद फाइल्स'

**फिल्म निर्माता और लेखक विवेक अग्निहोत्री की नई पुस्तक 'हू किल्ड शास्त्री?: द ताशकंद फाइल्स, सूचना के अधिकार के अंतर्गत एक प्रधानमंत्री की रहस्यमयी मृत्यु पर प्रश्न खड़ा करती है।**

अपनी पुस्तक 'अरबन नक्सल: द मेकिंग ऑफ बुद्धा इन अ ट्रैफिक जाम, लिखने के बाद 'हू किल्ड शास्त्री?: द ताशकंद फाइल्स, शीर्षक से अब एक और रोचक पुस्तक ले कर आ रहे हैं।

द ताशकंद फाइल्स, बुद्धा इन अ ट्रैफिक जाम, धन धना धन गोल जैसी हिट और सार्थक फिल्मों में पटकथा लेखन के लिए लोकप्रिय विवेक अग्निहोत्री ने हमारे लोकप्रिय प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की रहस्यमयी मृत्यु पर पुस्तक लिख रहे हैं। लेखक के अनुसार 'स्वतंत्र भारत के दूसरे प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की रहस्यमयी मृत्यु पर लिखी इस पहली पुस्तक में उनकी अस्वाभाविक मृत्यु की हर संभव कोण से पड़ताल की गई है।'

अपनी पुस्तक पर टिप्पणी करते हुए अग्निहोत्री ने बताया, 'चार साल पहले मुझे लगा कि लोकतंत्र में हर नागरिक का सबसे पहला मौलिक अधिकार सच जानने का अधिकार होता है। लेकिन ये कैसे संभव है यदि हम भारत के दूसरे प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की ताशकंद में रहस्यमयी मृत्यु के बारे में ही नहीं जानते हों। ये यात्रा इस सच को जानने के लिए सभी स्रोतों से जानने हेतु आरटीआई के अंतर्गत संघर्ष की ही कहानी है। हमने निर्णय किया कि हम इतिहास का पीछा करेंगे और शास्त्री जी की मृत्यु के पीछे के रहस्य पर से परदा हटा कर रहेंगे और इस क्रम में 1962 में चीन से पराजय से लेकर आपातकाल तक की राजनीति का भी अनुभव हुआ कि किस प्रकार भारत को बेचा गया और मेरा तो निष्कर्ष है कि जिन लोगों ने भारत को बेचा वे ही शास्त्री जी की मृत्यु के जिम्मेदार हैं। राजनीति में ये मेरी आध्यात्मिक यात्रा जैसी थी और ये बताती है कि आध्यात्मिकता तथा नैतिकता के अभाव के चलते ही ऐसा हुआ कि भारत पीढ़ी दर पीढ़ी खराब स्थिति में आता गया। ये पुस्तक नई पीढ़ी के




लिए एक चेतावनी भी है क्योंकि इसमें बताया गया है कि उन्हें नैतिक राजनीति करनी चाहिये और सदा सच जानने के अधिकार की रक्षा हेतु संघर्ष के लिए तत्पर रहना चाहिये।'

विवेक की निर्देशक की भूमिका वाली फिल्म 'द ताशकंद फाइल्स' (2019) के साथ एक हैशटैग प्रश्न भी था- हू किल्ड शास्त्री? उस दुर्भाग्यशाली सुबह के लगभग आधी सदी बाद भी ये प्रश्न अनुत्तरित है- क्या शास्त्री की वास्तव में स्वाभाविक मृत्यु हुई थी? या फिर ये राजनीतिक असहमति के चलते उनकी हत्या थी। निर्देषक के अनुसार उन्हें एक ट्वीट के कारण ही उनकी मृत्यु संबंधी रहस्य विषय पर काम करने के लिए प्रेरणा मिली।

फिल्म निर्माता और लेखक ने इस पुस्तक को लॉन्च से पहले उपलब्ध कराने के लिए ऑनलाइन व्यवस्था की है। प्री ऑर्डर तथा फीडबैक के लिए सोशल मीडिया पर पुस्तक का आवरण निर्गत कर दिया गया है। पुस्तक बुक स्टैंड्स पर 28 अगस्त तक उपलब्ध होगी।

वर्तमान में विवेक अब अपनी नई परियोजना 'द कश्मीर फाइल्स' पर काम प्रारंभ करने वाले हैं।



# करीना के घर आने वाला है दूसरा नन्हा मेहमान

भाषा। मुंबई

**बॉलीवुड** अभिनेता सैफ अली खान और उनकी पत्नी करीना कपूर ने बुधवार को कहा कि उनके यहां दूसरा बच्चा होने वाला है। दोनों ने एक आधिकारिक वक्तव्य जारी कर करीना के गर्भधारण की सूचना दी और शुभचिंतकों को धन्यवाद दिया। वक्तव्य में कहा गया, हमें यह बताते हुए बहुत खुशी हो रही है कि हमारे परिवार में नया सदस्य आने वाला है। सभी शुभचिंतकों को उनके प्रेम और समर्थन के लिए धन्यवाद। करीना (39) ने अपने पहले बच्चे तैमूर को 20 दिसंबर 2016 को जन्म दिया था। उस समय बच्चे का नाम तैमूर रखते ही लोगों ने सोशल मीडिया पर तैमूर नाम के मूल पर सवाल उठाने शुरू कर दिए थे। पैदा होने के कुछ समय बाद ही तैमूर इंटरनेट पर छा गए थे और आज भी पैपरात्जी चौबीस घंटे उसकी तस्वीरें लेने को बेताब रहते हैं। 49 वर्षीय सैफ ने पांच साल के प्रेम प्रसंग के बाद करीना से अक्टूबर 2012 में शादी की थी। इससे पहले उनकी शादी अभिनेत्री अमृता सिंह से हुई थी जिससे उनकी अभिनेत्री बेटी सारा और बेटा इब्राहिम हैं।

## असम के थिएटर में काम करने वाले लोगों ने सरकार से आर्थिक मदद मांगी

**गुवाहाटी।** असम में थिएटरों में काम करने वाले लोगों ने मुख्यमंत्री सर्बानंद सोनोवाल से आर्थिक सहायता की मांग की है क्योंकि वे कोविड-19 महामारी के मद्देनजर कई मुश्किलों का सामना कर रहे हैं। असम के थिएटर कर्मचारियों के प्रतिनिधिमंडल प्रोफेशनल थिएटर वर्कर्स ने शनिवार को मुख्यमंत्री को एक ज्ञापन सौंपा, जिसमें उनकी मदद के लिए मुख्यमंत्री के हस्तक्षेप की मांग की गई है। प्रतिनिधिमंडल के एक सदस्य ने कहा कि कोरोना वायरस महामारी ने कई थिएटर कलाकारों, रंगमंच कर्मियों और कर्मचारियों के कॅरियर को बुरी तरह प्रभावित किया है। उन्होंने कहा कि थिएटर कर्मचारियों को गंभीर आर्थिक तंगी का सामना करना पड़ रहा है क्योंकि उनके पास इस महामारी के कारण लगभग चार महीने से कोई काम नहीं है। ज्ञापन में कहा गया है, कई सब्जियां बेच रहे हैं, जबकि कुछ दिहाड़ी मजदूर बन गए हैं। कुछ थिएटर में इस्तेमाल की जाने वाली चीजों को बेच कर गुजारा कर रहे हैं। राज्य भर में थिएटर समूहों के विभिन्न विभागों में काम कर सैकड़ों लोग अपनी आजीविका कमाते हैं। ये लोग पटकथा लेखन, अभिनय, मंच सजाने, मेकअप और लाइट जैसे अलग-अलग विभागों में काम करते हैं।

# आठ करोड़ के गहनों से राधा-कृष्ण की मूर्तियों को सजाया गया

भाषा। ग्वालियर

● **ग्वालियर के ऐतिहासिक गोपाल मंदिर में सुरक्षा की कड़ी व्यवस्था की गयी**

**मध्यप्रदेश** के ग्वालियर के ऐतिहासिक गोपाल मंदिर में जन्माष्टमी के अवसर पर भगवान श्रीकृष्ण और राधाजी की मूर्तियों को लगभग आठ करोड़ रुपए के सोने और कीमती नगों से जड़े जेवरों से सजाया गया है। ये जेवरात सिंधिया राजवंश द्वारा ग्वालियर नगर निगम को दिए गए हैं। कोरोना वायरस महामारी के चलते इस बार मंदिर में भक्तों को प्रवेश नहीं दिया जा रहा है और दर्शन के लिए मंदिर के बाहर बड़े-बड़े टीवी स्क्रीन लगाए गए हैं। इसके साथ ही भक्तों को फेसबुक लाइव के जरिए भी दर्शन की सुविधा उपलब्ध कराई गई है। मंदिर में भगवान के जेवरों की सुरक्षा के लिए हथियारों से लैस पुलिस बल को तैनात किया गया है। ग्वालियर के फूलबाग में सिंधिया रियासतकालीन गोपाल मंदिर है। इस मंदिर में राधा-कृष्ण की प्राचीन प्रतिमा है और हर साल जन्माष्टमी के पर्व पर प्रतिमाओं को सोने-चांदी के जेवरात पहनाए जाते हैं। ये जेवरात सिंधिया राजवंश ने ग्वालियर नगर निगम को सौंप दिए



थे। देश की आजादी के बाद ए जेवर बैंक के लॉकर में रखे रहे तथा वर्ष 2007 से इन जेवरों को फिर से निकाला गया और जन्माष्टमी पर इनसे राधा-कृष्ण की प्रतिमा का श्रृंगार किया जाता है। नगर निगम के आयुक्त संदीप माकिन ने बताया, बुधवार को जन्माष्टमी पर पुलिस बल की सुरक्षा में बैंक लॉकर से जेवर, श्रृंगार सामग्री और चांदी के बर्तन लाए गए। पूजा अर्चना के बाद राधा-कृष्ण की प्रतिमा का श्रृंगार किया गया। रात्रि एक बजे के बाद ये जेवर जिला कोषालय में रखे जाएंगे। इसके बाद सुबह इन गहनों को बैंक की लॉकर में रख दिया जाएगा।

उन्होंने बताया कि राधा-कृष्ण के श्रृंगार में करीब आठ करोड़ रुपए के जेवर व अन्य सामग्री का उपयोग किया जाता है। इसमें सफेद मोती वाला पंचगढ़ी हार लगभग आठ लाख रुपए कीमत का, सात लढ़ी हार जिसमें 62 असली मोती और 55 पन्ने हैं, इसकी कीमत करीब 25 लाख रुपए है। इसके अलावा सोने के तोड़े तथा सोने का मुकुट कृष्ण भगवान पहने हुए हैं, जिनकी कीमत भी लगभग 80 लाख रुपए है। राधाजी का ऐतिहासिक मुकुट जिसमें पुखराज और माणिक जड़ित के पंख हैं तथा बीच में पन्ना लगा है। तीन किलोग्राम वजन के इस मुकुट की कीमत लगभग पांच करोड़ रुपए आंकी गई है तथा इसमे लगे 16 ग्राम पन्ने की कीमत लगभग 25 लाख आंकी गई है। उन्होंने बताया कि राधा-कृष्ण के श्रृंगार के लिए लगभग 25 लाख रुपए के जेवर उपलब्ध हैं जिनमें श्रीजी तथा राधाजी के झुमके, सोने की नथ, कंठी, चूड़ियां, कड़े इत्यादि से भगवान को सजाया गया है। माकिन ने बताया कि भगवान के भोजन इत्यादि के लिए भी प्राचीन बर्तनों की सफाई करके इस दिन इसमें भगवान को भोग लगाया गया है। लगभग 80 लाख रू. कीमत के चांदी के विभिन्न बर्तनों से भगवान की भोग आराधना की गई है। इसमें भगवान की समई, इत्र, पिचकारी, धूपदान, चलनी, सांकड़ी, छत्र, मुकुट, गिलास, कटोरी, कुभकरिणी, निरंजनी आदि सामग्री का भी प्रदर्शन किया जा रहा है।

## फिल्म दृश्यम के निर्देशक निशिकांत कामत लीवर संबंधी बीमारी के कारण अस्पताल में

**हैदराबाद।** मुंबई मेरी जान , दृश्यम और मदारी जैसी फिल्मों के निर्देशक निशिकांत कामत फिल्मों को लीवर संबंधी बीमारी के इलाज के लिए अस्पताल की गहन चिकित्सा इकाई में भर्ती कराया गया है। सूत्रों ने बुधवार को यह जानकारी दी। उन्होंने कहा कि कामत को 31 जुलाई को भर्ती कराया गया था और फिलहाल वह वरिष्ठ डॉक्टरों की निगरानी में हैं। अस्पताल प्रशासन उनके स्वास्थ्य की स्थिति को लेकर चुप्पी साधे हुए है, निर्देशक के एक करीबी सूत्र ने कहा, कामत कुछ समय से लीवर सिरोसिस से पीड़ति हैं। सूत्र ने कहा, वह हैदराबाद के एक अस्पताल के आईसीयू में है। उनकी हालत गंभीर है। 50 वर्षीय कामत ने 2005 में मराठी फिल्म डोंबिवली फास्ट के साथ अपने निर्देशन की शुरूआत की। उनकी सबसे बड़ी हिट अजय देवगन-तब्बू अभिनीत फिल्म दृश्यम थी, जो इसी नाम की मलयालम फिल्म की रीमेक थी।

